

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में फरवरी में रिकार्ड 4.25 लाख यात्री वाहनों की बिक्री -12




कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार -12



सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 105 एकड़ जमीन देगी बंगाल सरकार -13



मैंने फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया और अंतरात्मा की आवाज सुनी : सैमसन -14



आज का मौसम | 32.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.32 | सूर्यास्त 06.10

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 05:07 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 3 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 27, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## रंगों से आगे... आत्मा के रंगों की होली

होली केवल एक ऐसा पर्व न बने जहाँ हम एक-दूसरे को रंग लगा भर दें। होली वह उत्सव बने, जहाँ हम अपनी आत्मा के रंगों में रंग जाएं। बचपन की होली आज भी स्मृतियों में उतनी ही ताज़ा है। त्योहार आने से 15-20 दिन पहले ही उसका उत्साह शुरू हो जाता था। स्कूल से लौटते ही हम मित्र शाम का इंतज़ार करते। फिर सब मिलकर कस्बे के बाहरी हिस्सों की ओर निकल पड़ते -हाथ में फावड़ा या कुल्हाड़ी जैसी कोई चीज़, सूखी टहनियाँ और लकड़ियां इकट्ठा करने के लिए। हम सूखे पेड़ों की डालियां और लकड़ियां जमा करते और एक स्थान पर उन्हें इस प्रकार सजाते जैसे कोई गुफा बना रहे हों। पूर्णिमा की रात तक हमारी होलिका दहन की तैयारी पूरी हो जाती।

हम गोबर के उपले, ईंधन और अन्य सामग्री भी एकत्र करते और मोहल्ले के लोगों को समय की सूचना देते। पूरा आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आपसी समन्वय, सहयोग और आनंद का उत्सव होता था। समय के साथ तरीक़े भले बदल गए हों, पर होली का उत्साह आज भी वैसा ही जीवंत है। होली का आध्यात्मिक अर्थ रंगों और उल्लास से कहीं अधिक गहरा है। यह नवीनीकरण, क्षमा, समानता और आनंद का पर्व है। होलिका दहन में हम अपने भीतर की नकारात्मकता, अहंकार और कटुता को भी अग्नि को समर्पित करते हैं। इसके बाद रंगों का उत्सव जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक बन जाता है जैसे अंधकार के बाद प्रकाश।

होली की सुबह एक अद्भुत दृश्य सामने आता है। घरों, गलियों और दिलों में जैसे कोई जादू उतर आता है। चेहरे रंगों से सराबोर होते हैं, हंसी संकोच की जगह ले लेती है, और वर्षों की दूरियां भी जैसे एक दिन के लिए मिट जाती हैं। यह मुक्ति केवल बाहरी नहीं, भीतर की भी होती है और यही होली का आध्यात्मिक सार है। रंग केवल सजावट नहीं, भावनाओं और संदेशों के प्रतीक हैं। लाल ऊर्जा और प्रेम का, पीला आस्था और पवित्रता का, हरा समृद्धि और नई शुरुआत का, और नीला अनंत आकाश जैसी व्यापकता का प्रतीक है। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो अनजाने में हम शुभकामनाएं, अपनापन और सकारात्मकता भी बांटते हैं।

अमृत विचार में होली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि एक भावना है। हमारा प्रयास सदैव यही रहता है कि हम समाज के जीवन में सकारात्मक विचारों, निष्पक्ष समाचारों और नई सोच के सुंदर रंग भर सकें। इस पावन अवसर पर हम अपने सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, वितरकों, सहयोगियों और समर्पित टीम के प्रत्येक सदस्य को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। आइए, इस होली केवल रंग न खेलें — बल्कि मन, विचार और आत्मा को भी प्रेम, विश्वास और सद्भाव के रंगों से रंग दें। आप सभी को होली की शुभकामनाएं।

**पार्थो कुनार**, सीओओ

# हिजबुल्लाह भी कूदा जंग में, इजराइल पर शुरू किए हमले
# कुवैत में कई अमेरिकी विमान गिरे, यूएई में रिफाइनरी बंद

### दोनों ओर से हमले तेज होने के बाद जंग का दायरा बढ़ा, कुवैत में अमेरिकी दूतावास पर भी ईरान का मिसाइल हमला

- महायुद्ध में तब्दील होने लगा ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष, पश्चिम एशिया में और बढ़ा तनाव
- बेरुत में इजराइल के जवाबी हमले में मारा गया हिजबुल्लाह का खुफिया प्रमुख, 31 आम लोगों की भी मौत

**दुबई, एजेंसी**

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच संघर्ष का दायरा बढ़ने के साथ मंगलवार को तीसरे दिन युद्ध भीषण हो गया। इजराइल और अमेरिका के विमानों ने ईरान पर भारी बमवारी की तो जवाब में ईरान ने खाड़ी देशों को निशाना बनाते हुए कुवैत में अमेरिका के कई एफ- 15 लड़ाकू विमान मार गिराए। कुवैत में अमेरिकी दूतावास पर भी मिसाइल हमला किया, जिसके बाद यहां आग के साथ धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। ईरान के हमले के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक रिफाइनरी को बंद करना पड़ा। ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय को भी निशाना बनाने का दावा किया है, हालांकि इजराइल ने इसकी पुष्टि नहीं की।

इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खोमेनी की मौत के बाद लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह भी जंग में कूद पड़ा। सोमवार को उसने उत्तरी इजराइल में रॉकेटों से हमला किया। जवाब में इजराइल सशस्त्र बल ने बेरुत में हमला कर हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय के प्रमुख हुसैन मकलेद को मार गिराया। इजराइल ने बेरुत में हिजबुल्लाह के वरिष्ठ आतंकवादियों, दर्जनों केंद्रों और हथियार जमा करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्थल पर सटीक हमला किया। इस हमले में 31 अन्य लोगों की भी मौत हो गई। इधर, ईरान ने यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन और सऊदी अरब समेत खाड़ी देशों को निशाना बनाना जारी रखा। यहां ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

भीषण जंग के बीच ईरान ने दावा किया कि उसने कुवैत में अमेरिका के कई एफ-15 स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। ये विमान ईरान पर हमले के लिए उड़ान भर रहे थे। हालांकि उनके पायलटों को सुरक्षित बचा लिया गया। कुवैत के आधिकारिक प्रवक्ता कर्नल साद अल अतवान ने विमानों के गिरने की पुष्टि की। हालांकि अमेरिका ने कहा कि उसके तीन विमानों को कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने धोखे में हमला कर गिराया है। ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय को भी अपने हमलों का निशाना बनाए जाने का दावा किया है। हालांकि इसकी पुष्टि इजराइल की ओर से नहीं की गई। कुवैत सिटी में अमेरिकी दूतावास पर भी मिसाइल से हमला किया जिसके बाद परिसर के अंदर से आग और धुआं उठता देखा गया।

ईरान और ईरान समर्थित मिलिशिया ने इजराइल और अरब देशों पर बड़े पैमाने पर मिसाइलें दागीं। इसके बाद सऊदी अरब की सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनी अरामको ने दम्माम के समीप अपनी रास तानूरा तेल रिफाइनरी को अस्थाई रूप से बंद कर दिया। सऊदी अरब के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि यह फैसला एहतियाती तौर पर लिया गया है। ईरानी हमलों के कारण तेल के व्यापार को खासा नुकसान पहुंचा है।



तेहरान में इजराइली हमलों के बाद उठता धुएं का गुबार।



इजराइल में ईरान के मिसाइल हमले से गड्ढे में तब्दील सड़क।

### ईरान में दो दिन के अंदर 555 लोगों की मौत, 131 शहरों को भारी नुकसान

**तेहरान/वियना।** युद्ध क्षेत्र में मानवीय सहायता पहुंचाने वाली संस्था रेड क्रिसेंट के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में ईरान में दो दिनों में 555 लोगों की मौत हो गई है और देश के 131 नगरों को खासा नुकसान पहुंचा है। इस बीच ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका-इजराइल ने उसके नतांज परमाणु संवर्धन स्थल को हवाई हमलों का निशाना बनाया है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने इस दावे की पुष्टि नहीं की। आईएईए में ईरान के राजदूत रेजा नजफी ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों में ईरान के नतांज परमाणु संवर्धन स्थल को निशाना बनाया गया है। इसके विपरीत आईएईए प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि अब तक एजेंसी को कोई संकेत नहीं मिला है कि ईरान में परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया है। आईएईए मुख्यालय में रूस के अनुरोध पर संचालन मंडल की बैठक चल रही है। इजराइल ने इससे पहले 13 जून को नतांज में हमला किया था, जिससे यह काफी हद तक नष्ट हो गया था।

- अपने परमाणु स्थल नतांज पर भी हवाई हमले का ईरान ने लगाया आरोप

### हमले में घायल खामेनेई की पत्नी ने भी तोड़ा दम

**तेहरान।** इजराइल के हमले में घायल हुईं ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की पत्नी की भी सोमवार को मौत हो गई। सरकारी मीडिया के अनुसार खामेनेई की पत्नी को शहादत नसीब हुई है। शनिवार को खामेनेई इजराइल के मिसाइल हमले में मारे गए थे। उनके कई रिश्तेदारों की भी मौत हो गई थी।

### तेल टैंकर को टक्कर मारी, भारतीय की मौत

**दुबई।** ओमान में मस्कट प्रांत के तट के पास सोमवार को विस्फोटकों से भरी एक मानवरहित नौका के तेल टैंकर से टकराने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। ओमान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक शेष 21 सदस्यों को सुरक्षित निकाला गया। इनमें 16 भारतीय हैं। एक दिन पहले, होर्मुज जलडमरूमध्य में एक अन्य तेल टैंकर पर हमला हुआ था। इसमें चालक दल के चार सदस्य घायल हो गए। जो भारत और ईरान के नागरिक थे।

### सूचना

सभी सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 3 व 4 मार्च (मंगलवार-बुधवार) को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 6 मार्च (शुक्रवार) को प्रकाशित होगा।

– संपादक

### न्यूज ब्रीफ

### डॉलर के मुकाबले रुपये में 41 पैसे की भारी गिरावट

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सोमवार को रुपया 41 पैसे की जोरदार गिरावट के साथ 91.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच सैन्य हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आने से अमेरिकी मुद्रा की मांग में तीव्र वृद्धि हुई है। घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी ने भारतीय मुद्रा पर दबाव को और बढ़ा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.23 पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 91.65 का निचला स्तर छुआ। अंत में रुपया 91.49 पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया 17 पैसे टूटकर 91.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## माता-पिता, बहन व दादी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

**संपत्ति विवाद**

- पैतृक संपत्ति में अपना हिस्सा न मिलने पर अक्सर झगड़ा करता था हत्यारोपी पुत्र
- बड़े भाई को घायल करने के बाद स्वयं पर भी किया जानलेवा हमला, इलाज को लखनऊ रेफर

**संवाददाता, बहराइच**

जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। चार वर्ष पूर्व बेची गई पैतृक जमीन के एवज में मिले रुपयों में हिस्सा न मिलने से नाराज छोटे पुत्र ने वाद-विवाद के बाद पिता, मां, बहन और बुजुर्ग दादी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। बीच-बचाव करने आए बड़े भाई गुरुदेव पर भी हमलाकर घायल कर दिया। अपने को घिरा देख आरोपी ने खुद पर ईंट से हमला करते हुए जान देने की कोशिश की। गुरुदेव का इलाज स्थानीय सीएचसी जबकि गंभीर रूप से घायल निरंकार को लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी निरंकार के खिलाफ हत्या व जानलेवा हमले के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटनास्थल पर पहुंच पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने भी पड़ताल की।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने बताया कि थाना रुपईडीहा के ग्राम रामपुर ऊदल निवासी गुरुदेव पुत्र बदलूराम ने तहरीर देकर कहा कि बीती रात एक बजे उसका छोटा भाई निरंकार का पिता से उनकी बेची गई जमीन से मिले रुपये व गहनों की मांग को लेकर विवाद हुआ। अपना हिस्सा न मिलने से तिलमिलाए निरंकार ने पिता बदलूराम (60), मां संजू देवी (56), बहन पार्वती (42) व दादी शीतला(80) की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। गुरुदेव का कहना है कि चीख पुकार के बाद जब उसने निरंकार को रोकने की कोशिश की तो उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। गुरुदेव का कहना है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी निरंकार ने ईंट से अपने सिर पर प्रहार करके खुद को भी गंभीर रूप से जख्मी कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि गुरुदेव की तहरीर पर हत्यारोपी निरंकार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पारिवारिक कलह को लेकर हुई चार हत्याओं के बाद एकमात्र सदस्य गुरुदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में भर्ती हैं। जबकि निरंकार को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पूछताछ के दौरान गुरुदेव ने बताया कि बीते 4 साल से निरंकार संपत्ति के मामले को लेकर पिता पर आरोप मढ़ता रहता था। किसी न किसी बहाने आए दिन मारपीट करता रहता था। चार वर्ष पूर्व उसकी पत्नी भी इसी कलह के चलते उसे छोड़कर चली गई थी।



हत्यारोपी निरंकार।

### पूरी दुनिया को अपनी जद में लेने लगी युद्ध की विभीषिका

#### कच्चे तेल की कीमतों में 10% वृद्धि



**न्यूयॉर्क।** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। ये कीमतें तेज उछाल के साथ करीब 10% तक बढ़ गईं। ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की आशंका गहरा गई है। कच्चा तेल सोमवार सुबह करीब नौ प्रतिशत चढ़ गया।

#### सेंसेक्स में 1,048 अंकों की गिरावट



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और कच्चे तेल में तेज उछाल से स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेज गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगा गया और छह महीने के निचले स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 313 अंक के नुकसान में रहा।

#### चांदी 32,000, सोना 8,100 उछला



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट गहराने से निवेशक सुरक्षित संपत्ति की ओर रुख करने लगे हैं। इस कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी तीन लाख रुपये किलोग्राम और सोना 1.73 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब जा पहुंचा। दोनों धातुओं की कीमतों में 12% तक का उछाल आया।

## यूरेनियम आपूर्ति पर भारत और कनाडा के बीच करार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और कनाडा ने सोमवार को यूरेनियम एवं महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को लेकर अहम समझौतों पर हस्ताक्षर करने के साथ वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को जल्द अंतिम रूप देने पर भी सहमति बनी।

दोनों नेताओं के बीच यहां हुई बातचीत के दौरान रक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, छोटे एवं मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर (एसएमआर), शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया। मोदी ने प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। यह फिलहाल लगभग 13 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता हासिल करना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए हमने सीईपीए को जल्द अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। इससे दोनों देशों में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



समझौते के दौरान कार्नी के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

- दोनों देशों ने तय किया आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर ले जाने का लक्ष्य

### भारत-कनाडा संबंध नई ऊर्जा से भरे हुए: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एवं कनाडा के द्विपक्षीय संबंध अब नई ऊर्जा, आपसी विश्वास और सकारात्मकता से भरे हुए हैं। कनाडा 2.6 अरब डॉलर के यूरेनियम आपूर्ति समझौते के तहत भारत के असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का समर्थन करेगा। असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति पर ऐतिहासिक समझौता हुआ है। हम छोटे मॉड्यूलर और उन्नत रिएक्टरों पर भी साथ काम करेंगे।

## फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने किया खाड़ी देशों की मदद का एलान

**लंदन, एजेंसी**

फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का एलान किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने कहा कि उनके सहयोगी देशों बहरीन, कुवैत, ओमान,कतर, इराक को इस जंग में घसीटा गया है। हम उनकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस, ईरान के खिलाफ जार्डन की मदद करेगा।

इस बीच बहरीन पर हुए ईरानी हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटेन के विदेश मंत्री कूपर ने कहा कि साइप्रस के ब्रिटिश सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ब्रिटेन को अपनी जिम्मेदारी का अहसास है जो खाड़ी में सहयोगियों की रक्षा से संबंधित है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने एक संयुक्त बयान में कहा, हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, जिसमें आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई सक्षम करना शामिल हो सकता है, ताकि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता को उनके स्रोत पर नष्ट किया जा सके। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ब्रिटेन ने अमेरिकी अनुरोध स्वीकार किया है। खाड़ी क्षेत्र में हमारे साझेदारों ने भी हमसे उनकी रक्षा के लिए कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### अब हम अमेरिका से बातचीत नहीं करेंगे

**तेहरान।** ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ कोई भी नई बातचीत करने से इन्कार कर दिया है। इससे ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने की आशंका है। लारीजानी ने पर्दे के पीछे गोपनीय बातचीत (बैक चैनल डिप्लोमेसी) की खबरों को खारिज करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप लगाया कि उन्होंने भ्रम वाली हरकतें करके इलाके को अस्थिरता में धकेल दिया है।

**गंभीर मामला** | निचली अदालत में काल्पनिक आधार पर निर्णय करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- गहन जांच करेंगे

## एआई निर्मित फर्जी फैसलों पर भरोसा चूक नहीं कदाचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में एआई की मदद से कथित तौर पर तैयार किए गए काल्पनिक फैसलों पर भरोसा करने के मामले का संज्ञान लेते हुए कहा कि इसके आधार पर निर्णय लेना कोई त्रुटि नहीं बल्कि कदाचार के बराबर है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने कहा है कि वह मामले की विस्तार से पड़ताल करेगी। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता तथा बार भारतीय विधिज्ञ परिषद को नोटिस जारी किया है।



- कोर्ट ने कहा- इसका शुचिता पर असर, कानूनी नतीजे भुगतने होंगे

अदालत ने इस मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान को भी नियुक्त किया है। पीठ ने कहा, हम निचली अदालत के एआई निर्मित गैरमौजूद, फर्जी या कृत्रिम कथित निर्णयों पर भरोसा करने का संज्ञान लेते हैं और इसके परिणामों तथा जवाबदेही की पड़ताल करना चाहते हैं क्योंकि इसका न्यायिक प्रक्रिया की शुचिता पर सीधा असर पड़ता है। पीठ ने 27 फरवरी के आदेश में कहा, सबसे पहले, हमें यह स्पष्ट करना होगा कि इस प्रकार के निराधार और फर्जी कथित फैसलों पर आधारित निर्णय लेना, निर्णय लेने में त्रुटि नहीं है। यह कदाचार होगा और इसके कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। यह आवश्यक है कि हम इस मुद्दे की अधिक विस्तार से पड़ताल करें।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला काफी चिंता का विषय है। पीठ ने सुनवाई 10 मार्च को निर्धारित करते हुए निर्देश दिया कि विशेष अनुमति याचिका के निपटारे तक निचली अदालत अधिवक्ता-आयुक्त की रिपोर्ट पर कार्यवाही न करे। इससे पहले 17 फरवरी को सीजेआई सूर्यकांत के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने एआई उपकरणों से तैयार की गई याचिकाओं को दाखिल करने के वकीलों के बढ़ते चलन पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी।

### आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई में सामने आया मामला

यह मुद्दा शीर्ष अदालत के समक्ष तब सामने आया जब वह आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के जनवरी के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं ने कुछ आपत्तियां उठाकर अधिवक्ता आयुक्त की रिपोर्ट को चुनौती दी थी। निचली अदालत ने पिछले साल अगस्त में अपने आदेश में आपत्तियों को खारिज कर दिया था और इस प्रक्रिया में कुछ निर्णयों पर भरोसा किया था। इसके बाद, याचिकाकर्ताओं ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी और दलील दी कि जिन फैसलों का जिक्र किया गया और जिन पर भरोसा किया गया, वे अस्तित्वहीन और फर्जी थे। शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि हाईकोर्ट ने आपत्ति पर विचार किया और पाया कि फैसले एआई के जरिए तैयार किए गए थे।

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
उत्तम सिंह
हौसिला प्रसाद

सतीश वर्मा (रिन्कू)
जिला मीडिया प्रभारी
भाकियू, टिकैत बाराबंकी

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर कुमार सिंह
प्रभारी निरीक्षक
नगर कोतवाली
बाराबंकी





समस्त जनपद वासियों को
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी की ओर से
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक सिंह – जिला अध्यक्ष
नीरज वर्मा – जिला महामंत्री
अफजाल अहमद – जिला कोषाध्यक्ष
मान सिंह – जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष
हर्षेंद्र सिंह – जिला उपाध्यक्ष
अशोक रस्तोगी – जिला संगठन मंत्री
विजय सिंह सूर्यवंशी – जिला संगठन मंत्री
खालिद अंसारी – जिला मंत्री
महेंद्र सिंह रावत – अध्यक्ष, मसौली
नीरज कुमार – अध्यक्ष, सूरतगंज
विश्वनाथ सिंह – अध्यक्ष, फतेहपुर
शिव पूजन शर्मा – अध्यक्ष, बंकी
अभय प्रताप – अध्यक्ष, हैदरगढ़
विमल कुमार बजाज – अध्यक्ष, त्रिवेदीगंज
शैलेश पटेल – महामंत्री, देवा

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
गजेंद्र यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत बस्ती, ब्लाक बंकी, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील सिंह
पूर्व ब्लाक प्रमुख
त्रिवेदीगंज बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अवधेश कुमार यादव
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
हरीश कुमार चतुर्वेदी
उपनिबंधक
नवाबगंज बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को और रमजान की हार्दिक शुभकामनाएं
रेहान कामिल
चेयरमैन
नगर पंचायत सतरिख

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर अंकित वर्मा
ग्रीन हास्पिटल,
ग्राम कटियारा
रामनगर, बाराबंकी

आप सभी को होली हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विपुल कुमार सिंह
फाउंडर एंड डायरेक्टर
रिलाइट ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज
हरगोविन्द सिंह पूर्व एम.एल.सी. बाराबंकी
267-विधानसभा रामनगर

# लोगों पर चढ़ा होली का खुमार, खरीदारों की भीड़ से बाजार गुलजार

## बच्चों और युवाओं में दिखा रंगों के त्योहार का खासा उत्साह, दुकानों पर विभिन्न वस्तुओं की खूब हुई बिक्री से व्यापारियों के चेहरों पर आयी मुस्कान

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** सोमवार को छोटी होली के दिन रंग जमकर बरसे। कई दिन से सजी बाजार में आज भी खासी रौनक रही और लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं स्कूलों के खुलने से छोटे बड़े बच्चे रंग से सराबोर रहे। घरों में तो पकवान बने ही साथ ही नमकीन, पापड़, गुझिया आदि सामग्री की बाजार में भी खासी मांग बनी रही। मंगलवार को ग्रहण काल समाप्त होने के बाद बुधवार को रंगों की बौछार देखने को मिलेगी।

खुशियों और रंगों के पर्व को लेकर चहुंओर चेहरे खिले खिले रहे। क्या बड़े और क्या बच्चे सभी इस पर्व को लेकर खुशी से नहाए नजर आए। घरों में होली से जुड़े पकवानों को अंतिम रूप देने के बाद महिलाएं, पुरुष व बच्चे पर्व से जुड़ी खरीददारी करने बाजार मे निकले। रविवार को जहां बाजार में जमकर भीड़ उमड़ी वहीं सोमवार को भी दुकानों पर रौनक देखी गई। अबीर गुलाल, पक्के रंग, तरह तरह की पिचकारी, नकली बाल, टी शर्ट आदि सामग्री सभी का मन मोहती रही। मुख्य बाजार में सजी दुकानों पर खरीददार मनचाही सामग्री लेते नजर आए। यही दशा रेडीमेड कपड़ों की दुकानों की भी रही, हर कोई अपने पसंद के वस्त्र जूते चप्पल व फैशन से जुड़ी वस्तुओं को खरीदने के लिए बाजार में टहलता दिखाई दिया। निब्लेट से पुलिस चौकी तक सजी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देख दुकानदार खासे खुश रहे। इसी तरह पर्व का आनंद बढ़ाने वाली खान पान की वस्तुओं की ओर भी महिलाओं पुरुषों का खासा झुका रहा। घरों में मीठे नमकीन खुरमा व खोए की गुझिया बनाने के बावजूद बाजार में आकर्षक ढंग से सजा कर रखे गए पापड़, गुझिया आदि वस्तुओं की जमकर बिक्री रही। पर्व से जुड़ी इन तैयारियों के बीच सोमवार को काफी स्कूल खुले रहे और आज से अवकाश घोषत किया गया लेकिन स्कूल गए बच्चे रंग से नहाए नजर आए, बच्चों ने एक दूसरे को जमकर अबीर गुलाल लगाया और होली की बधाई दी। छुट्टी होते ही पूरी मस्ती में घर ओर रवाना हुए नन्हे मुन्ने पूरे जोश में दिखाई दिए। विकास खंड बंकी स्थित प्राथमिक विद्यालय मे भी शिक्षकों वे बच्चों ने होलिका का प्रतीक बनाकर दहन किया व जमकर होली खेली। बच्चे ही नहीं युवक युवतियों में रंग लगाने के बाद सेल्फी का खासा क्रेज रहा। दूसरी ओर शहर ही नहीं ग्रामीण इलाकों में जगह जगह होलिका दहन के लिए एकत्र लकड़ियां जलाई गईं। देर रात तक यह क्रम चलता रहा। छोटी होली के बाद मंगलवार को चूंकि ग्रहण काल रहेगा इसलिए अब रंगों से भरी होली बुधवार को खेली जाएगी।


रंगों से मस्ती करते मासूम। ● अमृत विचार


रंगों से सराबोर होकर सेल्फी लेती युवतियां। ● अमृत विचार


होली खेलने के बाद मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार


मुख्य बाजार में खरीदारी करते लोग । ● अमृत विचार


प्राथमिक विद्यालय बनवा में होलिका दहन करते बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार

### सुबह से सूतक, शाम को ग्रहण का योग

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेव मंदिर के कपाट मंगलवार को पड़ने वाले चंद्र ग्रहण के चलते सूतक काल से ही श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे। मंदिर पुजारी वीरेंद्र अवस्थी के अनुसार ग्रहण से पहले लगने वाले सूतक के साथ ही पूजा-अर्चना और दर्शन रोक दिए जाएंगे इसी लिए सुबह साढ़े छ से शाम साढ़े छ तक मंदिर बंद रहेगा। मंगलवार को चंद्र ग्रहण का समय दोपहर 3 :19 बजे से शाम 6 :47 बजे तक है। धार्मिक मान्यता के अनुसार चंद्र ग्रहण से नौ घंटे पहले सूतक काल लग जाता है। इस आधार पर सूतक सुबह लगभग 6 :30 बजे से प्रभावी हो जाएगा। सूतक शुरू होते ही मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। इस प्रकार सूतक और ग्रहण अवधि को मिलाकर मंदिर लगभग 12 घंटे तक बंद रहेगा। ग्रहण समाप्ति के बाद6 बजकर अड़तालिस मिनट पर मंदिर परिसर का शुद्धिकरण, भगवान का अभिषेक एवं आरती होने के पश्चात आम जनमानस के लिए मंदिर खुल जाएगा। मंदिर रिसीवर ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि बंदी अवधि में मंदिर न आएं तथा कपाट खुलने के बाद ही दर्शन करें। ग्रहण के बाद श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



मंदिर के बाहर चस्पा सूचना का पोस्टर।

# तिलक के कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** सुबेहा थाना क्षेत्र में एक तिलकोत्सव कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गोली लगने से एक के घायल होने की घटना के बाद भी फायरिंग का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

बताया जा रहा कि यह वीडियो सुबेहा थाना क्षेत्र के मीननगर पोस्ट शरीफाबाद गांव का है। हालांकि अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता। जानकारी के अनुसार मीननगर निवासी विश्वनाथ यादव के यहां तिलकोत्सव कार्यक्रम आयोजित था। इसी दौरान कार्यक्रम में मौजूद एक व्यक्ति द्वारा कथित रूप से हर्ष फायरिंग की गई। वायरल वीडियो में एक युवक हाथ में असलहा लेकर फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक फायरिंग करने वाला व्यक्ति पवन कुमार बताया जा रहा है, जो समगरा गांव थाना बाबा बाजार क्षेत्र का निवासी बताया गया है हालांकि थानाध्यक्ष यशकांत सिंह ने ऐसी किसी सूचना से इंकार किया। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। बता दें कि शादी-विवाह या अन्य समारोहों में हर्ष फायरिंग पर कानूनी प्रतिबंध है और ऐसा करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। इस तरह की घटनाएं गंभीर हादसों का कारण भी बनी हैं, कुछ ही समय पहले सतरिख थाना क्षेत्र में हुई हर्ष फायरिंग में एक व्यक्ति को गोली लग गई थी।


हर्ष फायरिंग करता व्यक्ति।

# बंदियों ने बनाया हर्बल गुलाल

**बाराबंकी: अमृत विचार :** सलाखों के पीछे सजा काट रहे बंदियों के हाथों से बना खुशबूनुमा हर्बल गुलाल इस होली पर भी अपना खास रंग बिखेरेगा। जेल में तैयार हो रहे इस गुलाल में इत्र के साथ-साथ जेल परिसर में उत्पादित गेंदा के फूल, हल्दी, पालक और चुकंदर के रस का उपयोग किया जा रहा है। यह हर्बल गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित बताया जा रहा है।
जेल अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि बंदियों की दिशा और दशा सुधारने के उद्देश्य से रोजगारपरक प्रशिक्षण 'निमदस' संस्था के सहयोग से दिया जाता है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी हर्बल गुलाल बनाने की पहल शुरू की गई है। प्रभारी जेलर रंजू शुक्ला सिंह ने कहा कि गुलाल निर्माण से बंदी स्वावलंबी बन रहे हैं। निमदस के प्रबंध निदेशक एस.के. वर्मा ने इसे स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित और बंदियों के पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर उप कारापाल अनिल सिंह, श्यामाशरण सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


हर्बल गुलाल बनाते बंदी। ● अमृत विचार

### प्रवर्तन दल ने की जांच, 10 वाहनों का चालान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर होली पर्व पर सड़क सुरक्षा और यात्री सुरक्षा, सुगम यात्रा सुनिश्चित करने को लेकर परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रवर्तन टीमो द्वारा हाइवे पर यात्री वाहनों की कड़ी जाँच करते हुये लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर अनिवार्यता, चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग, व्यवहार, शराब पीकर गाड़ी न चलाने, क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाने को लेकर जागरुक किया गया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की गई। आज सोमवार को लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला व यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने लगभग 35 वाहनो के परमिट, फिटनेस सहित अन्य पत्रावलियो की गहनता से जांच की। तथा नियमो का उल्लंघन मिलने पर 10 वाहनो के चालान किये। इस दौरान एआरटीओ ने यात्रियो को किसी प्रकार की असुविधा होने पर परिवहन विभाग की हेल्पलाइन नम्बर पर शिकायत दर्ज कराने को लेकर जागरूक किया।



बस की जांच करतीं एआरटीओ।

### वर्तमान समय में राम का जीवन चरित्र ही कारगर

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** तुलसी का मानस मानवता का सन्देश वाहक ग्रन्थ है। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आचार-व्यवहार के द्वारा समाज को आपस में बैर भाव छोड़कर सबसे प्रेम और मित्रता करने की प्रेरणा दी गयी है। यह विचार बहुता धाम में आयोजित 98वें नवदिवसीय मानस सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर प्रेमदास कुटी हैदरगढ़ के वयोवृद्ध साधक संत महन्त लालतादास महाराज ने व्यक्त किये। महन्त ने आज की वैश्विक परिस्थितियों में रामचरित मानस की उपादेयता पर प्रवचन करते हुए कहा कि आज सर्वत्र अशान्ति और असन्तोष फैला है। समाज ही नहीं अपितु विश्व के अनेक राष्ट्र परस्पर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे समय में राम का जीवन चरित अपनाने की आवश्यकता है। संसार में किसी को हिंसा के द्वारा अपनी या शारीरिक शक्ति के द्वारा अपने वश में नहीं किया जा सकता है अपितु प्रेम एवं सद्भावना से अपना बनाया जा सकता है। अजय शास्त्री बिन्दु ने कहा कि भगवत प्राप्ति की पहली सीढ़ी शांत मन से भगवान का भजन है। भजन करने से मन की एकाग्र होता है। शुद्ध पवित्र मन ही लोक-परलोक की उन्नति का साधन है। मुरैना मध्यप्रदेश से आये राम निवास शास्त्री ने बताया कि भारतवर्ष संतो- महिलाओं की साधना का पावन देश है। यहां का संत साहित्य ही भारतीय जीवन-शैली को नियंत्रित कर सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। अतिथियों का स्वागत अनिल पाण्डेय ने किया।

# हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**निन्दूरा बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। गगौली गांव निवासी सरवन (20) पुत्र किशन लाल विवेक पुत्र कृपाल रविवार की देर रात बाइक से लखनऊ के बेहटा बाजार से किसान पथ आउटर रिंग से घर जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस द्वारा इन्हे स्थानीय अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान सरवन की मौत हो गई, वहीं विवेक का इलाज किया जा रहा है।

**रामनगर :** ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा रामनगर बदोसराय मार्ग पर नथनापुर गांव के निकट देर शाम हुआ। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली एवं चालक को हिरासत में ले लिया है।

सोमवार की शाम लगभग 6 बजे रामनगर के धमेड़ी निवासी गौरी शंकर बाइक से मरकामऊ जा रहा था । नथना पुल के करीब पहुंचे ही थे कि आलू से लदी ट्रैक्टर ट्राली से जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण गौरी शंकर की मौके पर ही मौत हो गई।

## नदी में डूबने से बालक की मौत

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** असन्दरा थाना अंतर्गत बठौली गांव में रविवार देर रात एक दस साल के बालक की नदी में डूबने से मौत हो गई। सोमवार सुबह उसका शव बरामद होते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बठौली गांव निवासी नौमी लाल का 10 वर्षीय बेटा अमित रविवार दोपहर बाद गांव के बाहर स्थित कल्याणी नदी के किनारे अन्य बच्चों के साथ बकरी चराने गया था। बच्चे नदी में नहाने लगे। अमित गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने की कोशिश में अन्य बच्चों ने शोर मचाया और गांव में सूचना दी।

# अपहर्ताओं ने रेल कर्मी को छोड़ा, बैग गायब

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** चलती ट्रेन से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता रेलकर्मी को अपहर्ताओं ने फिरौती मिलने के बाद रामनगर-गोंडा बाईपास पर छोड़ दिया। बेसुध अवस्था में मिले युवक को परिजन घर ले आए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ठेकेदार पुरवा मजरे सिसौंडा निवासी सुनील कुमार पुत्र गनेश प्रसाद बेंगलुरु स्थित क्रांतिवीर रेलवे स्टेशन पर टिकट बाबू के पद पर कार्यरत हैं। उसने बताया कि 28 फरवरी की शाम वह बुढ़वल जंक्शन से आनंद विहार एक्सप्रेस द्वारा ड्यूटी के लिए निकले। रात करीब 10 बजे परिजनों से फोन पर बातचीत के बाद अपनी सीट पर सो गए। देर रात आंख खुली तो खुद को एक बंद कमरे में पाया। सुनील के अनुसार दरवाजा खटखटाने पर आए एक युवक ने धमकी देते हुए एक लाख रुपये की मांग की। अपहरणकर्ताओं ने उनके पिता गनेश प्रसाद से रविवार शाम करीब तीन बजे बात कराई। इसके बाद उन्हें दोबारा कमरे में बंद कर दिया गया। परिजनों ने बताए गए नंबर पर 10 हजार रुपये भेजे, जबकि 90 हजार रुपये लंबित होने का स्क्रीनशॉट भेजा गया। इसके बाद भी उन्हें बंधक बनाए रखा गया। सोमवार को नकाबपोश अपहरणकर्ता एक कार से उन्हें लाकर रामनगर-गोंडा बाईपास पर सड़क किनारे छोड़ गए।

## दावत में गए युवक की बाइक चोरी

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में दावत में शामिल होने आए युवक की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार ग्राम भेलौना थाना दरियाबाद निवासी पुष्पेन्द्र कुमार 24 फरवरी को अपनी मोटरसाइकिल से अपने भाई की ससुराल इशातनगर निमंत्रण में आए थे। रात करीब 9 बजे उन्होंने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर दी और खाना खाने चले गए। लगभग 20 मिनट बाद लौटने पर देखा कि बाइक मौके से गायब थी।

### कुत्तों के हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में रविवार रात कुत्तों ने हमला बोलकर 64 वर्षीय बुजुर्ग को गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुन जुटे ग्रामीणों ने कुत्तों को भगाया, वहीं उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के ग्राम चौबीसी निवासी राम समुझ (64) पुत्र स्व. बजरंग रविवार की देर रात घर के पास मौजूद थे। इसी दौरान अचानक कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से वह जमीन पर गिर पड़े और कुत्तों ने उन्हें कई जगह काट लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बुजुर्ग की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें कुत्तों से छुड़ाया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण आनन-फानन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें निगरानी में रखा है। डॉक्टरों के अनुसार शरीर के विभिन्न हिस्सों में गहरे घाव हैं और इलाज जारी है।

### ससुर ने बहू को पीटा, घर में की तोड़फोड़

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित आवास विकास कॉलोनी में घरेलू विवाद का मामला सामने आया है। बहू ने अपने ससुर पर मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार शहर की आवास विकास कॉलोनी निवासी चाँदनी शर्मा पुत्री रूपा शर्मा ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 25 फरवरी को वह स्कूल से घर लौटी थीं और रोजमर्रा के कामकाज में लगी थीं। इसी दौरान उनके ससुर सहदेव शर्मा घर में तोड़फोड़ करने लगे और उनके द्वारा खरीदी गई वॉशिंग मशीन को नुकसान पहुंचाया। आरोप है कि विरोध करने पर ससुर ने डंडे से उनके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चला। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी देता रहा है। साथ ही पूर्व में भी गाली-गलौज और मारपीट करने की बात कही गई है। पीड़िता के अनुसार, ठीक होने के बाद कोतवाली पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

**आक्रोश** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने डीएम के प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

# बाहरी कर्मियों को टोल प्लाजा पर रखने का विरोध

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सहाबपुर टोल प्लाजा के पुराने कर्मचारियों को निकाले जाने पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियो ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर पुराने कर्मचारियों के समायोजन एव अव्यवस्थाओं को दूर करने की मांग की है।

बताते चले कि शाहबपुर स्थित टोल प्लाजा का ठेका अभी तक शिवचंद्रा त्रिपाठी प्राइवेट कंपनी के नाम से था। गत 23 फ़रवरी से ठेका सूर्या इंटरप्राईजेज कम्पनी को दे दिया गया। नई कंपनी को टोल मिलते ही मैनेजर ने पहले से तैनात करीब 25 टोल कर्मचारियों को निकालकर बाहरी टोलकर्मियों को रख लिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें बिना किसी स्पष्ट कारण के नौकरी से हटा दिया गया जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। आक्रोशित कर्मचारियों ने भारतीय किसान यूनियन के समर्थन से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की। उनका कहना है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की गाइडलाइंस में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने का प्रावधान है, फिर भी नियमों की अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।


डीएम के प्रतिनिधि को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

# पूर्व सैनिक की जमीन पर जबरन रखी होलिका

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** असन्दरा थाना क्षेत्र में पूर्व सैनिक व वरिष्ठ नागरिक ने ग्रामीणों पर उनकी जमीन पर जबरन होलिका दहन करने और लंबे समय से उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र के ग्राम भठिया निवासी पूर्व सैनिक रमेश चन्द्र प्रजापति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 25 फरवरी को गांव के कुछ लोगों ने कथित रूप से साजिश के तहत उनकी भूमि पर जबरन होली रख दी। आरोप है कि चन्द्रप्रकाश तिवारी सहित अन्य लोगों ने पूर्व में भी कई बार उनके साथ मारपीट, जमीन कब्जे और घर में घुसकर उत्पीड़न जैसी घटनाएं की हैं। पीड़ित का कहना है कि भूमि विवाद को लेकर मामला एसीजेएम कोर्ट में विचाराधीन है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2025 में 28 फरवरी को सीओ रामसनेहीघाट द्वारा थाना दिवस में होलिका दहन स्थल को लेकर निर्णय दिया गया और राजस्व टीम द्वारा स्थान चयनित कराया गया था। बावजूद इसके आदेश की अवहेलना करते हुए उनकी जमीन पर होलिका दहन किया गया। पूर्व सैनिक ने प्रशासन से गाटा संख्या 558 से होली हटवाने और आरोपियों के विरुद्ध न्यायोचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर दोहरे हादसे में 3 की मौत, 31 घायल

## खड़े ट्रक में दो बार भिड़ीं रोडवेज बसें, बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, देर रात बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के सिरधरपुर गांव के सामने हुई घटना

संवाददाता बांगरमऊ/उन्नाव

**अमृत विचारः** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर रविवार देररात बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के सिरधरपुर गांव के सामने दोहरे सड़क हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई। जबकि दो रोडवेज बसों में सवार 31 यात्री घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद 12 को जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद सवारियों में चीख पुकार मची रही। हादसे में मृत दो युवकों की पहचान कराकर पुलिस ने शव उनके परिजनों को सौंप दिए। वहीं, तीसरे की पहचान अभी नहीं हो सकी है। एआरएम ने हादसे के बाद भागे बस चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दें कि रविवार देररात करीब 12 बजे किमी संख्या-226 पर रामदाना लदा एक ट्रक सड़क घेरकर खड़ा था। तभी पीछे से आई आगरा फोर्ट डिपो की रोडवेज बस ट्रक से टकरा गई। इसमें बस सवार 14 यात्री चोटहिल हो गए। जिन्हें पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने रेस्क्यू कर एम्बुलेंसों से सीएचसी भेजा। हादसे से एक्सप्रेस-वे पर एक लेन में वाहनों की रफ्तार थम गई। यूपीडा कर्मियों ने हाइड्रा मंगाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने का काम शुरू किया। रात करीब 3 बजे ट्रक को हटाकर प्रीतमपुर चौकी की ओर ले जाया जा रहा था। तभी मथुरा डिपो की दूसरी रोडवेज बस भी उसी ट्रक में पीछे से टकरा गई। चालक को झपकी लगने से हुए हादसे से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। इस बस के घायल 20 यात्रियों को रेस्क्यू कर सीएचसी भेजा गया। जिसमें तीन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में जान गंवाने वालों में कासगंज जिला व कस्बा निवासी सौरभ (35) पुत्र सुदर्शन सैनी लखनऊ में एक दवा कंपनी ने खरीद-बिक्री का काम देखते थे। शनिवार को वह वृंदावन से दर्शन कर कंपनी लौट रहे थे। चाचा अजय ने बताया कि उसकी मौत की खबर से पत्नी रुचि व मां मिथलेश बेहाल हैं। वह दो भाइयों में बड़े थे। छोटा भाई हेमंत दिल्ली में नौकरी करता है। भाई की मौत की खबर पर वह घर लौट रहा है। वहीं दूसरे मृत युवक की पहचान मुकेश (20) पुत्र रामशंकर लोधी निवासी तेवल पुरवा थाना रऊसा जिला सीतापुर के रूप में हुई। बड़े भाई राकेश ने बताया कि वह राजस्थान से मजदूरी कर होली पर घर लौट रहा था। उसकी मौत से मां गीता देवी सदमे में है। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। प्रथम दृष्टया चालकों को झपकी आने की आशंका है। मृतक मथुरा डिपो की बस के यात्री हैं। दो शवों का पोस्टमार्टम कराया जा चुका है। मथुरा डिपो का चालक घटना के बाद भाग गया था। एआरएम रोडवेज गिरीशचंद्र वर्मा ने चालक अनिल पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।


सौरभ व मुकेश की फाइल फोटो।


क्षतिग्रस्त हुई बस। ● अमृत विचार

### जिला अस्पताल पहुंचीं ये सवारियां, एक का मोबाइल भी चोरी

**उन्नाव :** जिला अस्पताल लाई गई सवारियों में वंदना शर्मा, सुमित्रा, रमेश, सुनील, अजय सिंह, तारादेवी, हर्षित पाल, राजीव कुमार, सहदेव, शारदा व दयाशंकर शामिल हैं। 11 में 8 लोगों ने छुट्टी करा ली। तारदेवी को कानपुर रेफर किया गया। सुनील व रमेश का इलाज चल रहा है। पीड़ित सुनील ने बताया कि रात 12 बजे हुई घटना में वह घायल हुए थे। जिला अस्पताल आने तक उनका मोबाइल बंद हो गया। उसे चार्जिंग के लिए लगाया था। रात में वह चोरी हो गया।

### आगरा फोर्ट डिपो की रोडवेज बस में ये हुए घायल

1. वंदना साहनी (25) पुत्री ठगई साहनी अहिरौली बाजार कुशीनगर।
2. रमेश (45) पुत्र शिवपूजन निवासी खंडारा थाना करीमुद्दीनपुर जिला गाजीपुर।
3. अनीता साहनी (32) पत्नी मंगेश साहनी निवासी कुशीनगर गोरखपुर।
4. सुशील (34) पुत्र रामजीलाल निवासी बालाजी नगर एत्माद्दौला आगरा।
5. राजाराम (45) पुत्र गोपालराय निवासी धवोविया थाना कसेमार जिला दरभंगा।
6. सुनील (45) पुत्र कमलेश निवासी अमीनाबाद लखनऊ।
7. रुद्र (4) पुत्र राजकुमार निवासी सिद्धार्थ नगर।
8. सुमित्रा (26) पत्नी राजकुमार निवासी सिद्धार्थ नगर।
9. अनन्या (22) पुत्री मंगेश साहनी अहिरौली बाजार कुशीनगर।
10. अवधेश (35) पुत्र रामनरेश करौली बालाघाट गोरखपुर।
11. तारादेवी (30)पत्नी नागेन्द्र निवासी कोठरा अहिरौली कुशीनगर।
12. सरस्वती (45) पत्नी ठगाई साहनी कोठरा अहिरौली कुशीनगर।
13. शाहरुख (28) पुत्र इस्माइल निवासी किशोरपुर जगदीशपुर।
14. धीर सिंह (26) पुत्र विनोद कुमार निवासी गुरसहायगंज कन्नौज।

### मथुरा डिपो की रोडवेज बस में ये हुए घायल

15. सहदेव (65) पुत्र दलसिंह जैदपुर मथुरा।
16. हर्षित पाल (18) पुत्र राजीव पाल निवासी गंहोली थाना महोली सीतापुर।
17. सचिन (18) पुत्र सुरेश पाल निवासी चकबिजपूरी थाना वैष्णवगंज लखीमपुर खीरी।
18. राजीव कुमार (25) पुत्र मुन्नालाल निवासी लखीमपुर खीरी।
19. अजय (16) पुत्र देशराज सिंह निवासी गांव पडरी थाना रोसा सीतापुर।
20. प्रियंका (34) पत्नी संजीव चौहान निवासी वृंदावन तेलीबाग लखनऊ।
21. शारदा (65) पत्नी जयसिंह निवासी वृंदावन तेलीबाग लखनऊ।
22. दयाशंकर (45) पुत्र नवल किशोर निवासी मोतीपुर खीरी लखीमपुर।
23. आशीष (30) पुत्र लाल बहादुर साहू निवासी चौमुडा मथुरा।
24. अजय (20) पुत्र हरिओम निवासी महमूदाबाद सीतापुर।
25. दिनेश (27) पुत्र भगौती प्रसाद निवासी आर्सेना महमूदाबाद सीतापुर।
26. मिथलेश (28) पुत्र शत्रुघ्न निवासी आसोना महमूदाबाद सीतापुर।
27. रजनीश(26) पुत्र रामलखन निवासी आर्सेना महमूदाबाद सीतापुर।
28. सर्वेश (28) पत्नी शैलेन्द्र चौहान निवासी वृंदावन थाना जैत मथुरा।
29. शैलेन्द्र (30) पुत्र सहदेव सिंह, निवासी वृंदावन थाना जैत मथुरा।
30. अनामिका (45) पुत्री गिरधारीलाल निवासी महादेवा थाना नवाबगंज बहराइच।
31. तारा देवी(45) पत्नी शिवप्रकाश, हिलौली मौरावां उन्नाव।

### अनियंत्रित कार खाई में गिरी, चार घायल


मौके पर जांच करती पुलिस।

**शुक्लागंज, उन्नाव :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बैराज मार्ग पर रविवार देर रात एक अनियंत्रित कार 10 फीट गहरी खाई में जा गिरी। जिससे कार सवार एक ही परिवार के 4 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा। शंकरपुर सरायं निवासी अंकित गुप्ता अपनी पत्नी रिया, बेटी रान्या व बहन गायत्री के साथ शुक्लागंज में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। देररात लौटते समय बैराज मार्ग स्थित पोल संख्या 1730 के पास अचानक कार अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि कार नीचे खड़े एक पेड़ से टकराकर रुक गई। इससे बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना में सभी को चोटें आईं। जबकि रिया को गंभीर चोट लगने पर परिजनों ने उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### पति की मौत के चंद घंटे बाद पत्नी की सड़क हादसे में मौत


मुन्नी देवी

**उन्नाव :** बहन के घर गए बीमार अधेड़ की अचानक मौत हो गई। इसकी खबर पर बेटे के साथ जा रही पत्नी की भी सड़क हादसे में मौत हो गई। इस दोहरी त्रासदी की खबर से परिजनों में कोहराम मचा है। अस्पताल के मेमो पर पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी अमित यादव सोमवार दोपहर अपनी मां मुन्नी देवी (55) पत्नी हेमचंद्र उर्फ पुत्तन लेकर बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के देवान कटरी गांव निवासी बुआ रामवती के घर जा रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के बीघापुर मार्ग पर काजी खेड़ा गांव के सामने पीछे से आए अज्ञात लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे मां-बेटा सड़क पर गिरकर घायल हो गए। लोगों ने उन्हें पुरवा सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर आदर्श सचान ने मुन्नी को मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटे को प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने स्वस्थ्य बताया। बेटे अमित के मुताबिक उसके पिता हेमचंद्र उर्फ पुत्तन (58) बीते कई महीनों से बीमार चल रहे थे। रविवार को वह उन्नाव दवा लेने आए थे। जहां से वह देवान कटरी गांव निवासी बहन रामवती के घर चले गए। सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे पिता की मौत हो गई। इसकी खबर से वह मां को लेकर बुआ के घर जा रहा था तभी हादसा हो गया। माता-पिता की मौत से बेटे अमित, अंकित व बेटी मोना रो-रोकर बेहाल हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## न्यूज ब्रीफ


योग कराते योगाचार्य। ● अमृत विचार

### आयुष मंत्रालय का योग प्रोटोकॉल सिखाया

**उन्नाव, अमृत विचार :** पतंजलि युवा भारत द्वारा पुरवा बसहा तिराहा मौरावां में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन युवा भारत संरक्षक डॉ. बिंदेशरूप यादव, ग्राम प्रधान मुरैता मनोज सिंह ने दूसरे दिन का योग शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान योगाचार्य राम प्रकाश द्विवेदी, योग प्रशिक्षक भरत कुमार, अशोक, डॉ. बीएम लोधी आदि ने सूर्य नमस्कार व आयुष मंत्रालय का योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया।

### धनुष यज्ञ कार्यक्रम हुआ संपन्न

**उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज नगर पंचायत क्षेत्र के बलऊ खेड़ा स्थित महादेव मंदिर परिसर में रविवार रात धनुष यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जनक विलाप, रावण बाणासुर संवाद व लक्ष्मण परशुराम के बीच हुए तीखे व कटाक्ष युक्त प्रश्नोत्तर सुन दर्शन तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। मंचन सोमवार सुबह तक चलता रहा। इसके पूर्व मंदिर में पूजन अर्चन संपन्न हुआ। लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सुरंश का हुआ स्वागत


नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का किया गया स्वागत।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** भाजपा के नवनियुक्त गंगाघाट मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला का रविवार को पोनी रोड से राजमार्ग तक एक दर्जन स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत व ढोल-नगाड़ों व फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। इसके बाद राजमार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्मान व स्वागत समारोह हुआ। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू, विकास मिश्रा, विनय तिवारी व देवेंद्र पटेल रहे। वहीं सूर्यकुमार बाजपेई, केडी त्रिवेदी, मोहनलाल शर्मा, अंकुर शुक्ला, गोल्डी गुप्ता, रुद्राक्ष मिश्रा, चंद्रकांति सिंह, अमरेंद्र गुप्ता, विशाल त्रिपाठी उर्फ बिल्लू, प्रद्युम्न मिश्रा, नीलकमल दीक्षित, विजय तिवारी, राकेश बाजपेई, अभिषेक शुक्ला, जय सिंह, दुर्गा तिवारी, कल्पना तिवारी, सरिता सिंह, प्रियंका शुक्ला, राधा व कमलेश सिंह मौजूद रहे। सभी ने मंडल अध्यक्ष को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।


सीओ सफीपुर से जानकारी लेते डीएम व एसएसपी। ● अमृत विचार

### सफीपुर में डीएम-एसएसपी ने किया पैदल मार्च

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** होली, रमजान व ई पर्व को देखते हुए डीएम गौरांग राठी एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने सोमवार को उन्नाव-हरदोई मार्ग से फोर्स के साथ पैदल मार्च कर एक दर्जन मोहल्लों व संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान राधा कृष्ण मंदिर स्थित होलिका दहन स्थल के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों को तत्काल हटाने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। इसके बाद मोटेश्वर मंदिर होते हुए मोहल्ला उम्मेदाराय बाजार के होलिका दहन स्थल पहुंचे। अफसरों ने मोहल्ला सैय्यदवाड़ा व पीरजादगान पहुंचे मोहल्ला की मस्जिदों व आसपास मार्गों की स्थिति देखी। डीएम ने कहा कि त्योहार आपसी सौहार्द व भाईचारे का प्रतीक हैं। कुछ अराजकतत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। निर्देश दिए कि सभी संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। इसमें लापरवाही न हो। रूट मार्च में एडीएम सुशील कुमार, आईपीएस संचित शर्मा, एसडीएम शिवेंद्र वर्मा, सीओ सोनम सिंह, तहसीलदार देवेंद्र यादव, कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी भी रहे।

### शांतिपूर्वक होली व रमजान मनाने की अपील की

**गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार :** होली व रमजान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिये प्रशासन चौकन्ना है। बीते वर्ष फाग जुलूस में हुए विवाद के चलते सोमवार को डीएम गौरांग राठी व एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने गंजमुरादाबाद पुलिस चौकी में शांति बनाए रखने के चौकी प्रभारी को शख्त निर्देश दिए। बता दें कि बीते वर्ष फाग जुलूस के दौरान गाली-गलौज व फूहड़ता से संघर्ष की स्थिति बन गई थी। जिससे इस वर्ष के होली पर प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना है। सोमवार दोपहर बाद चौकी पहुंचे डीएम व एसएसपी ने नगर के संभ्रांत नागरिकों से भेंटकर स्थिति की जानकारी ली और दोनों त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। अधिकारियों ने होली जुलूस भ्रमण की गलियों व मुख्य स्थलों का जायजा लिया।

### मैसेज आते ही एटीएम की और दौड़े कर्मचारी

**उन्नाव, अमृत विचार :** शिक्षकों व कर्मचारियों को फरवरी का वेतन व पेंशन का मैसेज सोमवार दोपहर 2 बजे के बाद आना शुरू हुआ। मैसेज आते ही पैसा निकालने के लिए एटीएम में लंबी कतार लग गई और रुपए निकालने के बाद बाजार में होली की सामग्री खरीदने के लिए कर्मचारी दुकानों में पहुंचे। जिससे हर दुकान के सामने भीड़ लगी रही। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फरवरी का वेतन व पेंशन 28 फरवरी तक देने के निर्देश दिए थे। मगर शनिवार को रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया में अवकाश होने से शिक्षकों व कर्मचारियों के खातों में वेतन व पेंशन स्थानांतरित नहीं हो पाई थी। इससे 28 फरवरी को किसी को वेतन या पेंशन नहीं मिल पाई थी। सोमवार को रिजर्व बैंक खुलने से शिक्षक व कर्मचारियों के खातों में स्थानांतरण की कार्रवाई बैंक द्वारा की गई। इससे दोपहर बाद कर्मचारियों व पेंशन धारकों के खातों में जैसे ही धनराशि स्थानांतरित हुई वैसे ही उनके मोबाइल पर मैसेज आने लगा और सभी एटीएम पर लाइन लगाकर धनराशि निकालने पहुंच गए।

### कक्षा 9 की छात्रा ने फंदे से लटककर दी जान

**उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दिरगखेड़ा गांव निवासी संध्या (15) पुत्री रंजीत कुमार नवाबगंज कस्बा के श्यामलाल इंटर कालेज में कक्षा 9 की छात्रा थी। बीते रविवार पिता मजदूरी करने गया था। वहीं मां शिव देवी लखनऊ के ताराखेड़ा गांव स्थित अपने मायके से मावा खरीदने गई थी। तभी घर में अकेली संध्या अपने कमरे में साड़ी के फंदे से पंखे के हुक से लटक गई। देरशाम पिता मजदूरी कर लौटा तो उसने बेटी को लटका देख शोर मचाया। पड़ोसियों की मदद से उसने शव नीचे उतरवाया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि पिता ने बेटी को मानसिक बीमार बताया और इसी कारण से आत्महत्या करने की तहरीर दी है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

## 14 छात्रों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में मारी बाजी

परियर उन्नाव



बच्चों के साथ मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के पीएम श्री मोमिनपुर कंपोजिट विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के घोषित परिणामों में विद्यालय के 14 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत व लगन के बल पर जिले की मेरिट सूची में उच्च स्थान पाया है। शिवांशी व शगुन ने जिले में तीसरी रैंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। दीपक (8वीं रैंक), तन्वी (14वीं), कमल (17वीं), आयुष (20वीं), आयुष सिंह (27वीं) व कपिल (30वीं रैंक) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अन्य सफल विद्यार्थियों में निधि (35वीं), पायल (43वीं), अनुराग व आकांक्षा (44वीं) ,मानसी व अंशिका (45वीं रैंक) शामिल रहीं। इस सफलता का श्रेय शिक्षक अवनीश चंद्र सिंह सेंगर व सारिका चतुर्वेदी के मार्गदर्शन व प्रेरणा को दिया गया। इस दौरान सहायक शिक्षक जितेंद्र गोयल ने अपनी ओर से बच्चों को नकद पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। प्रधान शिक्षक प्रदीप त्रिवेदी ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के बच्चों की यह सफलता क्षेत्र के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इसमें गंगा विष्णु, उजमा फातिमा, रीना देवी, प्रज्ञा, विनोद कुमार, अभिमन्यु, रमेश कुमार, दीपिका, गायत्री आदि मौजूद रहे।

## रंगों की बौछार से गुलजार हुए बाजार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


दुकान पर रंगों व पिचकारी की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रंगों के महापर्व होली को लेकर जिने के बाजारों में सोमवार को रौनक देखी गई। सुबह से ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के लोग खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ पड़े। जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। चिप्स, पापड़, खोया व नमकीन की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें नजर आईं।

दोपहर एक बजे से ही शहर के सदर बाजार, धवन रोड व वीडी मार्केट में काफी भीड़ रही। बच्चों में रंग, गुलाल व नई डिजाइन की पिचकारियों को लेकर खासा उत्साह दिखा। वहीं, घरों में मेहमानों के स्वागत के लिए पारंपरिक व्यंजन गुझिया बनाने की तैयारी में महिलाओं ने खोया, मैदा व मेवों की खरीदारी की। कपड़ों के शोरूम व मॉल्स में भी खासी चहल-पहल रही। भीड़ बढ़ने से शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। छोटे चौराहे से बड़े चौराहे तक कई बार जाम की स्थिति बनी। दोपहिया व चौपहिया वाहनों की अधिकता के कारण लोगों को निकलने में मशक्कत करनी पड़ी। वहां तैनात पुलिस कर्मी पसीने बहाते हुए यातायात सुचारु करने में जुटे रहे। देररात तक चली इस खरीदारी ने स्थानीय व्यापारियों को बड़ी राहत दी है। फल मंडी से मिष्ठान भंडारों तक हर जगह ग्राहकों की मौजूदगी से व्यापार में उछाल देखा गया। व्यापारियों का कहना है कि शाम होते-होते भीड़ और बढ़ गई, जो देर रात तक जारी रही।

#### होली पर सावधानी से खेलें रंग

होली पर लोग हरे, पीले, लाल रंग से सराबोर हो जाते हैं। चटख रंग लगने से लोग परेशान होते हैं। फिजीशियन डॉ. कौशलेंद्र प्रकाश ने बताया कि आखों में रंग व गुलाल जाने पर मले नहीं तुरंत साफ पानी से आंख धोएं। परेशानी बढ़े तो तुरंत डाक्टर से संपर्क करें। रंग खेलने से पहले शरीर पर बाडीलोशन, सरसों या गरी का तेज लगा लें। पूरी आस्तीन की शर्ट व पैंट पहनें। हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें।

#### महंगे दामों में बिके गन्ने

**शुक्लागंज :** होली पर गन्ने की पूजा करने का विशेष महत्व है। जिसे लेकर जगह-जगह गन्ने बिक रहे थे। जहां बाजार में 50 से 70 रुपये में गन्ने बिके। गन्नों के दाम बढ़ने से लोग मोलभाव करते दिखाई पड़े।

#### होली पर खूब हुई खरीदारी

**शुक्लागंज :** होली पर बच्चों ने खूब खरीददारी की। बच्चों ने जहां स्पाइडरमैन, नर्तकी, टॉम एण्ड जेरी कार्टून, भूत, आदि के मुखौटे खरीदे। इसके अलावा नकली बिग भी खूब खरीदी गईं। इसे लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिली। वहीं पिचकारी भी खूब बिकी।

#### कान्हा के लिए आई नन्ही पिचकारी व बाल्टी

होली पर जिले में चारों ओर उत्साह है। जहां एक ओर लोग अपनों के लिए खरीदारी कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर कान्हा के भक्तों में विशेष उत्साह है। शहर के प्रमुख बाजारों में लड्डू गोपाल के श्रृंगार व उनकी होली की तैयारियों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बाजारों में इस बार लड्डू गोपाल के लिए विशेष रूप से तैयार नन्ही पिचकारियां व बाल्टियां आकर्षण का केंद्र बनी हैं। पीतल व चांदी के रंग वाली इन छोटी पिचकारियों को भक्त चाव से खरीद रहे हैं।

### होली पर रही होलिका सजाने की होड़


होली के लिये लकड़ी खरीदते लोग। ● अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव :** होली को लेकर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर उत्साह रहा। सुबह से लोग होली की तैयारियों में जुटे रहे। इस दौरान युवाओं ने जगह-जगह होलिका सजाई। जिसके बाद सभी एक दूसरे को होली को देख सबसे अच्छी सजाने की होड़ रही। शुभ होलिका दहन होने के बाद एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुये होली की शुभकामनाएं दी। सोमवार को होलिका दहन के लिये सुबह से ही सड़कों पर रौनक रही। लोग होली के पूजन के लिये गन्ना आदि की खरीददारी करते रहे। इसके अलावा अन्य जरूरी चीजों को खरीदते देखे गये। घरों की महिलाएं होली के पकवानों बनाने में लगी रहीं। युवा भी होली के रंगों में सराबोर नजर आये। होलिका दहन के लिये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पर होलिका सजाई गई थी। वहीं जगह-जगह होलिका स्थल पर प्रहलाद को गोद में लेकर होलिका की पुतला बनाया गया। जो आकर्षण का केन्द्र रहा। होलिका स्थल पर लोगों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। होलिका दहन के साथ ही लोगों ने एक दूसरे के माथे पर अबीर गुलाल लगाते हुये होली की शुभकामनाएं दी। होली पर खरीददारी के लिये सुबह से ही राजधानी मार्ग पर लोगों की भीड़ रही। शाम होते ही पूरा बाजारा लोगों से पट गया। लोग देर रात तक खरीददारी करते नजर आये।

### महर्षि में हर्षोल्लास के साथ बच्चों ने मनाई होली


होली की खुशी मनाते महर्षि के बच्चे।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** कंचन नगर स्थित महर्षि दयानन्द सरस्वती मिशन इंटर कॉलेज में सोमवार को होली बड़े ही हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान प्रबंधक प्रभात शुक्ला ने विद्यार्थियों को होली के धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक महत्व की जानकारी दी। वहीं विराट शुक्ल ने बच्चों को सुरक्षित होली मनाने का संदेश दिया। विद्यालय में पीजी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। इसमें विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने फूलों की होली खेलकर प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया।

### अमर शहीदों के परिजनों संग सदर विधायक ने मनाई होली


शहीद के परिजनों को बधाई देते सदर विधायक।

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पुलवामा हमले व अन्य अभियानों में मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हुए जिले के सपूतों के घर पहुंचकर उनके परिजनों के साथ होली की खुशियां साझा कीं। विधायक ने शहीद अजीत आजाद व शशिकांत तिवारी के आवास जाकर उनके परिजनों से भेंट की और शहीदों के माता-पिता व परिजनों को मिठाई, फल व उपहार देकर आशीर्वाद लिया। विधायक ने शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि "राष्ट्र की सुरक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले इन वीर सपूतों का हम पर कभी न खत्म होने वाला कर्ज है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके परिवारों के संग होली मनाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### अंबिका के लिटिल किंगडम में मनी होली


अंबिका स्कूल में होली खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम विद्यालय में सोमवार को होली हर्षोल्लास के साथ मनी। इसका आयोजन इको-फ्रेंडली तरीके से फूलों की पंखुड़ियों के साथ हुआ। जिससे बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा सके। शुभारंभ कर विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को होली के सांस्कृतिक, सामाजिक व ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश अपनाने को प्रेरित किया। इसमें बच्चों ने होली गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने फूलों की होली खेल विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों, कला व हस्तशिल्प कार्यक्रमों व पारंपरिक खेलों में भाग लिया। बच्चों को प्राकृतिक रंगों के उपयोग व रासायनिक रंगों से बचने के लिए भी जागरूक किया। अंत में कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा त्रिपाठी ने अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित


शहीद के परिजनों को उपहार देते विमल द्विवेदी।

**उन्नाव, अमृत विचार :** नर सेवा नारायण सेवा समिति के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने देश पर अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के परिवारों के साथ खुशियां बांटकर एक अनूठी मिशाल पेश की। बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी विमल द्विवेदी अपने पदाधिकारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शहीद परिवारों के घर पहुंचे। उन्होंने शहीद शशिकांत तिवारी, अजीत आजाद, कैलाश यादव, सुशील कुमार व विजय कुमार के आवास जाकर उनके चित्रों पर गुलाल अर्पित कर नमन किया। उन्होंने शहीदों की पत्नियों अनीता तिवारी, मीना गौतम, किरन यादव, सुनीता गौतम व प्रतिभा गौतम और उनके बच्चों को होली की शुभकामनाएं दीं और उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, पूर्व सैनिक एके दीक्षित, परिमल मिश्रा, आलोक शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनायें।
श्रीरामअनिल
जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी (अनु.जाति विभाग हरदोई)
प्रभारी 158 साण्डी विधान सभा
श्रीरामअनिल
मो0- 8756381552
विनीत वर्मा
मो0- 9455144935
निवास- 74 उत्तरी आलू थोक भठ्ठापुरवा, हरदोई
निवास- बरगदिया पो0 लिलवल, हरदोई
दिनेश कुमार
पुत्र/प्रतिनिधि
मुन्नी देवी प्रधान
ग्राम पंचायत उमरारी
विकासखंड कोथावां हरदोई
अमित सिंह
प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत उमरारी
विकासखंड कोथावां
हरदोई
समस्त नगर व क्षेत्रवासियों को
होली व नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक अग्रवाल
संचित अग्रवाल
161 सण्डीला विधानसभा
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. देवेश गुप्ता
बी.एस.सी., एम.बी.बी.एस.
मो – 8853399549
डॉ. सौम्या गुप्ता
बी.एस.सी., बी.ए.एम.एस.,
स्त्री रोग विशेषज्ञ
हरिद्वारी लाल हास्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेन्टर
सबंधित प्रतिष्ठान- रवीन्द्र मेकिकल स्टोर, दुर्गेश मेडिकल हाल
सदर बाजार साण्डी
समस्त क्षेत्रवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनायें
राजकुमार शुक्ला
मो. 9415017352
पंकज शुक्ला
मो. 8173889999
ग्राम - मालपुर, पोस्ट - जगिरांव, तहसील - सण्डीला, जिला - हरदोई
(161. सण्डीला विधान सभा, हरदोई), भाजपा, हरदोई
सम्बन्धित प्रतिष्ठान
भरावन भारत गैस एजेन्सी, भरावन
गीता इंडियन गैस एजेन्सी, ढिकुँनी
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्व. आशीष अग्रवाल (बिल्लू भैया)
होली एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार अग्रवाल (राजिया)
शिल्पा अग्रवाल
(पुत्रवधू) - राजकुमार अग्रवाल (राजिया)
161, सण्डीला विधानसभा
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
गोपीलाल द्विवेदी
समाजसेवी
ग्राम पंचायत कुरसठ बुजुर्ग देहात
वि.ख. माधौगंज
हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
पूनम वर्मा
सभासद
विमल वर्मा सभासद पति/प्रतिनिधि
मोहल्ला अहिरन/पासी टोला
नगर पंचायत बेनीगंज हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
शानू सिंह सिसोदिया
प्रधान - ग्राम पंचायत डही
विकास खंड अहिरोरी हरदोई
अरुण कुमार (प्रधान)
ग्राम पंचायत अठौआ, अहिरोरी
(हरदोई)
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप अवस्थी
तकनीकी सहायक
विकास खंड टड़ियावां
(हरदोई)
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुभाष चंद्र
प्रधान प्रतिनिधि - ग्राम पंचायत मुरादपुर
विकास खंड हरियावां (हरदोई)
अखिलेश कुमार सिंह (बरखेरवा)
प्रधान प्रतिनिधि -ग्राम पंचायत बरखेरवा
अहिरोरी (हरदोई)
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील कुमार
उप क्षेत्रीय वन अधिकारी कोथावां
वनरेंज कछौना
हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
उदय प्रताप पाल
प्रधान पति
संजोगिता पाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरहरा विकासखंड सुरसा, हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अनीता देवी
प्रधान श्रवण कुमार प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत शादीपुर
विकासखंड कोथावां हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
हर्षित द्विवेदी (ज्ञानू)
प्रधान पति/ प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत कमरौली
सुरसा (हरदोई)
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आकाश यादव
परफेक्ट डायग्नोस्टिक सेंटर
बिलग्राम सांडी मार्ग आलू मील के पीछे
मनसा नाथ मंदिर के निकट
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार वर्मा
सचिव
विकासखंड सुरसा, हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सिद्धार्थ गुप्ता
प्रोपराइटर
गनेश प्रसाद आदि नारायन इण्टर प्राइजेज
खाद व बीज भण्डार
प्रतापनगर रोड बेनीगंज हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्यम सिंह कनौजिया
भाजपा नेता
159 बिलग्राम मल्लावां विधानसभा हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत सिंह
तकनीकी सहायक
विकास खंड टड़ियावां
(हरदोई)
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य वर्मा
प्रभारी अवध क्षेत्र
डॉक्टर अंबेडकर राष्ट्रीय एकता मंच
उत्तर प्रदेश हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश चंद श्रीवास्तव
वरिष्ठ समाजसेवी
निवासी नगर पंचायत बेनीगंज
हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
नूरजहां बेगम
प्रधान
रियासत अली प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत बेनीगंज देहात
विकासखंड कोथावां हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल कुमार मौर्य
पुत्र/प्रतिनिधि
दर्शन लाल प्रधान
ग्राम पंचायत गिरधरपुर
विकास खण्ड कोथावां हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर विपुल वर्मा
चिकित्साधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावां
हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
गिरजेश चन्द्र तिवारी
प्रधानाचार्य
सी.बी.जी. इण्टर कालेज ऑफ साइंस
कुर्सी रोड बेनीगंज
हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
ठाकुर सुमित सिंह
समाजसेवी सुरसा, हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
गोपीलाल द्विवेदी
समाजसेवी - ग्राम पंचायत
कुरसठ बुजुर्ग देहात वि.ख.
माधौगंज, हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
रामप्रताप
प्रधान
ग्राम पंचायत काकूपुर
विकास खण्ड कोथावां हरदोई
आप सभी देशवासियों को रंग पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
उमा प्रकाश मिश्रा
प्रोपराइटर मिश्रा फिलिंग स्टेशन व ओपी मिश्रा
गार्डन मैरिज लान बेनीगंज संडीला रोड कोथावां हरदोई

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार,3 मार्च 2026

हरदोई

मुकद्दस रमज़ान



- 13 वां रोजा
- अफ्तार-मंगलवार 6 :11 बजे
- 14वां रोजा
- सहरी-बुधवार 5 :13 बजे।

न्यूज ब्रीफ

### बस से उतरते समय वृद्ध को पड़ा अटैक मची अफरा-तफरी

**बिलग्राम, हरदोई।** बाजार करने आए एक वृद्ध व्यक्ति बस से उतरते समय अचानक अटैक पड़ने से सड़क पर गिर पड़े, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार धनीराम पुत्र शहजादे (65) निवासी ग्राम महमदपुर थाना माधोगंज, खरीदारी के लिए बिलग्राम आए थे। बस से उतरने के बाद उन्हें अचानक अटैक आया और वह संतुलन खोकर सड़क पर गिर गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल वृद्ध को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुत्र महेंद्र पाल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज जाते समय लगा कि उनकी मृत हो गई जिन्हें सुरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाएगा जहां पर चिकित्सकों ने धनीराम को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। पुत्र महेंद्र पाल ने पुलिस को सूचना दी। उपनिरीक्षक अखिलेश ने बताया शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### रंजिशन फसल को चराए जाने का आरोप

**बिलग्राम, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आलापुर निवासी किसान संतोष कुमार ने अपनी पांच बीघा गेहूं की फसल को रंजिशन चराए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित किसान के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से काम के सिलसिले में घर से बाहर थे। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते जानवरों को उनके खेत में छोड़ दिया, जिससे पूरी फसल नष्ट हो गई। संतोष कुमार का कहना है कि यह गेहूं की फसल उनके परिवार के भरण-पोषण का मुख्य सहारा थी। अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इस संबंध में उन्होंने प्रभारी निरीक्षक बिलग्राम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। किसान का आरोप है कि लगभग 20 लोग दिन-रात मौजूद रहते हैं और जानबूझकर नुकसान पहुंचाया गया है।

# हरदोई जनपद से हुई थी होली की शुरुआत



नृसिंह भगवान की प्रतिमा। अमृत विचार



प्रहलाद कुंड। अमृत विचार



शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचार।** होली की धूम देश से विदेश तक है। रंगों का त्योहार सभी जगह उत्साह से मनाया जा रहा है, लेकिन इसकी शुरुआत कहां से हुई शायद इसकी जानकारी कम लोगों को ही है। होली की शुरुआत हरदोई से हुई। हिरण्याकश्यपु हरदोई का राजा था। यही पर नृसिंह अवतार लेकर भगवान ने राक्षस हिरण्याकश्यपु का वध किया था। भक्त प्रहलाद के सुरक्षित बच जाने पर खुशी में उनके साथियों ने बची राख एकदूसरे पर फेंक कर प्रहलाद के जीवन बचने की खुशी मनाई थी। धीरे-धीरे राख की जगह रंग गुलाल उड़ाया जाने लगा। हिरण्याकश्यपु की राजधानी हरदोई में थी। आज भी सांडी रोड पर हिरण्याकश्यपु महल के अवशेष हैं, जहां पर भगवान नृसिंह ने अवतार लिया था, वहां पर नृसिंह मूर्ति स्थापित है, जिसका सुबह-शाम पूजन होता है। होलिका दहन के बाद भक्त प्रहलाद ने जिस कुंड में स्नान किया था, उस कुंड को प्रहलाद कुंड कहते हैं। प्रहलाद कुंड नृसिंह मंदिर से कुछ दूर स्थित है। आज भी लोग इस कुंड पर भक्त प्रहलाद का पूजन करते हैं। भक्त प्रहलाद की जन्मस्थली व पौराणिक धरोहर को सजोने का काम तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कराया था। उन्होंने प्रहलाद कुंड में नृसिंह द्वारा हिण्याकश्यपु का वध करते हुए कुंड के बीचोंबीच मूर्ति स्थापित कराई थी। मूर्ति का जीर्णोद्वार कराया था। भक्त प्रहलाद व हिरण्याकश्यपु की राजधानी संबंधी जानकारी यहां पर पत्रों पर अंकित कराकर लगवाई गईं।

### नगर में निकाली भक्त प्रहलाद की शोभायात्रा

इस बार नगर में होली से पहले भक्त प्रहलाद की शोभायात्रा भी निकाली गई। भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस यात्रा से जहां वर्तमान पीढ़ी को भी भक्त प्रहलाद के बारे में तमाम जानकारी मिलीं तथा पौराणिक महत्व भी यात्रा से बढ़ा।



सीओ के नेतृत्व में पैदल मार्च करती पुलिस। अमृत विचार

### होली पर्व को लेकर प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

**सांडी, बिलग्राम, हरदोई।** सांडी कस्बे मे रंग पर्व होली को लेकर कस्बे मे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उप जिलाधिकारी नाने राम व क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश ने पूरे पुलिस फोर्स के साथ कस्बे मे किया फ़्लैग मार्च और कस्बे मे निकलने वाली चाचर रूट का निरीक्षण किया। **बिलग्राम संवाददाता** के अनुसार होली को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सोमवार को सीओ रवि प्रकाश सिंह ने थाना प्रभारी विजय कुमार के साथ कस्बे में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बिलग्राम के मुख्य चौराहे से तहसील परिसर तक तथा सदर बाजार मार्ग होते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस टीम ने बाजारों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रशासन का उद्देश्य है कि होली पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराना है।

# बच्चों को लुभा रहीं आकर्षक डिजाइनों की पिचकारियां

## जिलेवासियों पर चढ़ा होली के रंग का खुमार, बाजार में जगह-जगह लगीं खाद्य पदार्थों की दुकानें, घरों में बनायी जा रहीं आकर्षक रंगोलियां

रंगों का पर्व

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सोमवार को भी होली के त्योहार पर बाजार में सुबह से देर रात तक खरीददार की चहल पहल रही। बाजार में बच्चों के लिए तरह-तरह के डिजाइनों की पिचकारियां बिक रही हैं। होली पर मेहमानों का स्वागत करने के लिए लोग अनेक प्रकार के पकवानों की खरीददारी करने में मशगूल रहे। बाजारों में लोग बाली की खरीददारी करते नजर आए।

बाजार में होली की चहल पहल तेज हो गई है। जगह-जगह रंग गुलाल व पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। तरह-तरह की डिजाइनों की पिचकारियां बच्चों को लुभा रही हैं। किसी को ड्रैगन वाली तो किसी को डोरेमान की पिचकारी लुभा रही है। बाजारों में होली की तैयारियों के चलते खाद्य पदार्थ विक्रेताओं ने अपनी दुकानों के बाहर बड़े-बड़े पंडाल सजा रखे हैं। जिन पर तरह-तरह के नमकीन, बिस्किट आदि की बिक्री की जा रही है। समयाभाव के चलते अब घरों में पारंपरिक होली का नाश्ता बनना कम हो गया है, इसलिए बाजारों में तरह-तरह के रंग बिरंगे चिप्स-पापड़ भी लोग जमकर खरीद रहे हैं। होली पर रंग खेलने के बाद नए कपड़े पहन कर लोग एक दूसरे के घर होली मिलने जाते हैं। कपड़े व जूते-चप्पलों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ लगी रही। होली की खरीददारी के चलते सोमवार देर रात तक बाजार खुली रहीं।



रंग से सराबोर विद्यालय परिवार। अमृत विचार



कपड़े की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार



बाजार में खाद्य सामग्री खरीदते लोग। अमृत विचार



दुलीचंद्र चौराहे पर होलिका पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार



बाजार में सजीं पिचकारियां व रंग-गुलाल की दुकानें। अमृत विचार

**विधिवत हुआ होली पूजन :** नगर के दुलीचंद्र चौराहे पर लगने वाली होली में सोमवार को होली पूजन किया गया। अग्रवाल समाज की महिलाओं ने सोमवार की दोपहर पूजन किया। बताते चलें कि हरियाणा के नारनौल जिले में रहने वाले बाबा चंद्रसेन किसी काम से बिहार जा रहे थे। जब वह हरदोई में रुके तब उन्होंने इस चौराहे पर अपने भक्त प्रहलाद की नगरी के बारे में जानकारी मिली। वह यही पर बस गए और चौराहे पर होलिका दहन की व्यवस्था की। इस बार 173वां होलिका दहन यहां पर मनाया जाएगा। अग्रवाल समाज की महिलाओं ने सोमवार को विधिवत होलिका का दोपहर में पूजन अर्चन किया। हलुआ व पूड़ी का भोज लगाया।

**शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों संग खेली होली: अतरौली, हरदोई:** सोमवार को होली से पूर्व शिक्षण दिवस होने पर ओम रामवती कान्वेंट पब्लिक स्कूल अतरौली व आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर ढ़िकुन्नी में बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जमकर होली खेली।बच्चों ने अध्यापकों के गुलाल-रंग लगाकर होली खेली,गुलाल उड़ाया।उत्साहित बच्चों ने डीजे पर होली के गीतों पर नृत्य के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और प्रसन्नता साफ झलक रही थी। ओम रामवती कान्वेंट पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रितिक सिंह ने बच्चों व शिक्षकों के गुलाल लगा करके गुझिया खिलाकर मुंह मीठा कराते हुए प्रेम का संदेश देते हुए सौहार्दपूर्वक होली खेलते समय सावधानी बरतने को कहा है। यहां शिक्षक विवेक सिंह तोमर, रमा बाजपेई, वन्दना, रामेन्द्र, अम्बालिका आदि ने एकदूसरे के गुलाल लगाया।

# बेटी को रिश्तेदारी से लेने जा रहे पिता की हादसे में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पिता रिश्तेदारी में गई अपनी बेटी को लेने जा रहा था,उसी बीच सवायजपुर कोतवाली के महरेपुर के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी,जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया,उसे सीएचसी सवायजपुर से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि पाली थाने के मेंहदीपुर निवासी 35 वर्षीय रामवीर पुत्र रामसनेही दिल्ली की बूट फैक्ट्री में नौकरी करता था,करीब 5 साल पहले उसकी पत्नी रूबी ने बच्ची को जन्म दिया और उसके बाद उसकी मौत हो गई थी। पत्नी के न रहने के बाद इकलौती बच्ची रिया की परवरिश के लिए रामवीर ने दिल्ली छोड़ दी और डीसीएम पर हेल्परी करने लगा। रामवीर की बड़ी बहन मालती की ससुराल पुरौरी में है,उसकी ननद ॠतु हुल्लापुर शाहजहांपुर में रहती है। रामवीर की बेटी रिया रिश्तेदारी में ॠतु के घर गई हुई थी,वह रविवार की शाम को बाइक से उसी को लेने हुल्लापुर जा रहा था,उसी बीच रास्तें में सवायजपुर कोतवाली के महरेपुर के पास उसे तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी,जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। उसे सीएचसी और वहां से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां रामवीर का इलाज चल रहा था,उसी बीच देर रात करीब 10 बजे उसकी वहीं मौत हो गई।

# होली खेले श्यामा भक्त प्रहलाद नगरी में

## स्वामी कल्याणानंद पीजी डिग्री कॉलेज में लांच हुए हरदोई की होली के दो नए गीत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती वर्मा द्वारा जनपद हरदोई के नाम में भक्त प्रहलाद नगरी का उपनाम जोड़ने के प्रस्ताव के बाद हरदोई के युवाओं में अपनी जन्म करम भूमि के प्रति धार्मिक भावनाएं उमड़ने लगी है। इसी क्रम में हरदोई के जेन जी युवाओं ने "जी म्यूजिक हरदोई" के माध्यम से हरदोई की होली और ऐतिहासिक होलिका दहन पर दो नए गाने - "होली खेले श्यामा हरदोई में"और "अब आई मेरे प्रहलाद नगरी हरदोई की बारी" तैयार किए है जिनका अनावरण आज न्यौरादेव के स्वामी कल्याणानंद पीजी डिग्री कालेज में कालेज प्रबंधक डॉ हर्षवर्धन सिंह द्वारा किया गया।



गाने का एल्बम लॉन्च करते लोग। अमृत विचार

लांचिंग कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना और बच्चो की आकर्षक प्रस्तुतियों से हुआ। इसके बाद कालेज प्रबंधक डॉ हर्षवर्धन सिंह, यशवर्धन सिंह, मुख्य अतिथि एवं जी म्यूजिक हरदोई के डॉ गौरव अग्रवाल, म्यूजिक डायरेक्टर संकेत तिवारी, भजन गायक अमन सिंह ने हरदोई की होली के दोनों गानों की सीडी लांच कर भक्त प्रहलाद की नगरी हरदोई की जनता को सौंपते हुए उन्होंने सभी से होली पर इन गानों पर हरदोई की होली भव्य और यादगार बनाने की अपील की है। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों और कालेज के बच्चो ने इन गानों पर एक दूसरे को रंग लगाकर होली का पर्व मनाया। लांच होने के कुछ देर बाद सोशल मीडिया पर हैशटैग #हरदोईकीहोली ट्रेंड होने लगा। जी म्यूजिक हरदोई टीम के प्रोड्यूसर डॉ गौरव अग्रवाल ने बताया की 7355691141 पर मैसेज करके आप इन गानों को अपने व्हाट्सएप पर प्राप्त कर सकते है जल्द ही ये गाने यूट्यूब के अलावा विश्व में 56 म्यूजिक चैनल पर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर डॉ. हर्ष वर्धन सिंह, सुनीता सिंह, यश वर्धन सिंह, ह्रदयेश वर्धन सिंह, पल्लवी सिंह, क्षमा सिंह, मृदुला सिंह,अमित अग्निहोत्री, राजनीश यादव रहे।

# बस चालक-परिचालक और सवारियों को पीटा

**सांडी, हरदोई।** कस्बे में रोडवेज बस रोककर चालक-परिचालक और सवारियों की पिटाई कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बोलेरो सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कस्बे में सोमवार को कटरा-बिल्हौर हाई-वे पर दबंगों का आतंक एक बार फिर सड़क पर दिखा। चौसार से हरदोई आ रही रोडवेज बस को बोलेरो सवार दबंगों ने पहले ओवरटेक किया, फिर रास्ते में रोककर बस में घुसकर चालक, परिचालक और सवारियों के साथ जमकर मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि लमकन पुल के पास बोलेरो सवारों ने बस को ओवरटेक किया। इसके बाद सांडी थाना क्षेत्र के हुसेपुर गांव के पास बस के आगे बोलेरो लगाकर जबरन रोक लिया। आरोप है कि दबंग बस में चढ़ आए और चालक-परिचालक के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए यात्रियों को भी नहीं बख्शा गया। बस चालक शैलेंद्र सिंह ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों छोटेलाल और श्याम बहादुर को गिरफ्तार कर लिया है। चालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# दो घरों से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंहगवां के मजरे अकबरपुर में दो मकानों से शनिवार की रात कमरों के ताला तोड़कर अलमारी के लाकर से लाखों रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवर और 50 हजार रुपया नगद चोरों ने पार कर दिया। देहरादून से आकर पीड़िता ने सोमवार को थाने पर आकर तहरीर दिया है। पीड़िता रूबी निवासी अकबरपुर मजरा महगवां ने थाने पर दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका पति रमाकांत देहरादून में एक कम्पनी में प्राइवेट नौकरी करता है। बच्चों के साथ वह भी वहीं पर रहती है। चार माह पहले दीवाली में 15 दिन यहां अकबरपुर रहकर देहरादून गयी थी। यहां उसका जेठ चेतराम देखभाल के लिए घर पर रहता है। शनिवार की आधीरात घर में घुसे चोर कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी अलमारी का लाकर खोलकर उसमें से सोने की दो अंगूठी, सोने की एक बेहसर, चांदी की पायजेब एक जोड़ी 500 ग्राम, चांदी के दो कमर बिछुआ एक 500 ग्राम दूसरा 100 ग्राम, 12 सिक्का चांदी के और नगद रुपया 50 हजार चोर चोरी कर ले गये हैं। जेठ ने फोन पर जानकारी दी तो आकर देखा और थाने पर तहरीर दिया है। दूसरी चोरी वहीं पर पड़ोसी रुबी के ही चचेरे जेठ विनोद के यहां हुई है। विनोद की पत्नी सावित्री ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी अलमारी से सोने की बेहसर, सोने की झुमकी, चांदी का कमर बिछुआ, चांदी की पायल, कपड़ा और पांच सौ रुपया नगद चोर उठा ले गये हैं। सावित्री ने बताया कि रोजाना की तरह शनिवार की रात अपने बच्चों के साथ छत पर सो रही थी। रात 1 बजे किसी चोर का पैर नीचे बकरी पर पड़ गया। बकरी चिल्लायी तो नींद खुली नीचे देखा। तब दो चोर धीरे धीरे शौचालय की ओर जा रहे थे। मैंने समझा कोई लोग होंगे। किन्तु नीचे उतर कर कमरे की ओर देखा तो ताला टूटा अलमारी खुली सामान बिखरा पड़ा था। ससुर ब्रजलाल को जगाते हुए गांव गुहार किया। जब तक गांव वाले आये तब तक चोर निकल गये।



चोरी के बाद बिखरा सामान दिखाती रूबी। अमृत विचार

# डॉक्टरों ने तौलिया रख पेट में लगा दिए टांके

**हरदोई, अमृत विचार।** निजी अस्पताल में पथरी का ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर ने पेट में तौलिया रख टांके लगा दिए। इसके बाद महिला के पेट में दर्द होने लगा। जब दूसरे निजी हॉस्पिटल में उसे दिखाया गया तो जांच होने पर दोबारा ऑपरेशन हुआ तो पेट के अंदर तौलिया देख कर चौंक गए। तमाम कोशिशें की गईं लेकिन फैल चुके इंफेक्शन के चलते महिला को बचाया नहीं जा सका। रविवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मामले जांच की जा रही है। बताया गया कि टड़ियावां थाने के सढ़िला गांव निवासी कमलेश की 46 वर्षीय पत्नी जदुरानी के पेट में पथरी थी। उसका मेडिकल कालेज से इलाज चल रहा था। लेकिन इस बीच उसके गांव का गोलू नाम के शख्स ने उसे बरगलाया और 16 सितंबर को अपने साथ मुरली पुरवा सीतापुर रोड पर एक निजी हास्पिटल ले गया जहां अगले दिन 17 सितंबर की शाम को जदुरानी के पेट का आपरेशन कर दिया गया। 28 सितंबर को छुट्टी हो गई। आपरेशन के बाद जदुरानी को कोई राहत नहीं पहुंची बल्कि उसके पेट में दर्द शुरू हो गया। कमलेश ने बताया कि वह जदुरानी को वहां दिखाने ले गया तो डाक्टर ने 'नों टेंशन' कहते हुए इलाज शुरू कर दिया। करीब तीन महीने तक चले इलाज के बाद भी कोई असर नहीं हुआ। उसके बाद कमलेश ने शहर के दूसरे हास्पिटल में जांच कराई तो दोबारा आपरेशन ज़रूरी बताया गया। 5 फरवरी को आपरेशन करने वाले डाक्टर तब चौंक पड़े जब उन्होंने जदुरानी के पेट में तौलिया देखी। उसी तौलिया से पूरी तरह से इंफेक्शन फैल चुका था। 20 फरवरी को उसकी छुट्टी कर दी। घर पहुंची जदुरानी की तबियत बिगड़ती ही चली गई। उसी बीच रविवार की शाम उसकी मौत हो गई। निजी हास्पिटल के डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दी गई तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। उसका कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**कोर्ट में पेश करेंगे सबूत:** जदुरानी के पेट का दोबारा आपरेशन करने वाले डाक्टर से टड़ियावां पुलिस ने फोन पर बात की। एक मिनट 27 सेकेंड की बातचीत में डाक्टर ने बताया कि मरीज़ के पेट में तौलिया रखी थी। पूछा गया कि उनके पास कोई जांच रिपोर्ट या सबूत है। डाक्टर ने कहा जी..सब कुछ है। कोर्ट के मांगने पर उसके सामने रखेंगे।



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.59 बजे
अफ्तार : 06.21 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 05.06 बजे
अफ्तार : 06.11 बजे

**न्यूज ब्रीफ**

### 11 हजार वोल्ट की लाइन बनी मुसीबत

**महमूदाबाद।** विकास खंड पहला के तुरसेना मार्ग पर मौत का जाल बिछा हुआ है। यहां मुख्य मार्ग पर 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन महज 7 - 8 फीट की ऊंचाई पर लटक रही है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग से रोज ट्रैक्टर-ट्रॉली और कृषि यंत्र गुजरते हैं, जिससे हर पल बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीण राम सुमिरन, रमेश और कमरुद्दीन आदि ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। पास ही खड़े क्षतिग्रस्त खंभे भी खतरे को बढ़ा रहे हैं। महमूदाबाद पावर हाउस के एसडीओ अखिलेश यादव ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं था, जल्द ही टीम भेजकर मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

### बंजारों के आवास के लिए खुले बैंक खाते

**लहरपुर।** ग्राम भवानीपुर स्थित बंजारा टाउनशिप में विस्थापित 133 परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया तेज हो गई है। सचिव दिनकर यादव व इंडियन बैंक की टीम द्वारा महिला मुखियाओं के बैंक खाते खोलने का कार्य किया गया। बता दें कि जिलाधिकारी के आदेश पर इन परिवारों के लिए 133 मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। प्रति आवास 1.20 लाख की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जानी है, जिसके लिए खाता होना अनिवार्य है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर परिवारों से संवाद किया और उन्हें जागरूक किया। बीडीओ ने कहा कि सरकार घुमंतू परिवारों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### संकटा देवी धाम में फागोत्सव की धूम

**महमूदाबाद।** स्थानीय मां संकटा देवी धाम स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में रविवार रात तृतीय रंगमय फागोत्सव एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ, जिसमें देर रात तक सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति के रंग में सराबोर रहे। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायक खुशबू मिश्रा, रंजीत शर्मा 'लालू' और कुमार शुभम ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं, जिस पर भक्त भाव-विभोर होकर झूम उठे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या, कुंवर रस्तोगी, हर्षित सोनी और डॉ. प्रतीक सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### किशोर बिजली के खंभे पर चढ़ा, हड़कंप

**हरगांव।** जनपद के हरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मदारपुर गांव में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 16 वर्षीय किशोर पारिवारिक विवाद के बाद बिजली के खंभे पर चढ़ गया। बताते हैं कि मदारपुर निवासी मोहित (16) पुत्र छविनाथ का अपने चचेरे भाई अनूप से विवाद हो गया। इसके बाद वो नशे की हालत में एलटी लाइन के खंभे पर जा चढ़ा। हंगामा होता देख परिजनों पहुंच गए। मौके पर पहुंचे हरगांव कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने किशोर को समझाने का प्रयास किया, बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मोहित को सुरक्षित नीचे उतारा, तब जाकर परिजनों ने राहत की सांस ली।

# हादसों में तीन की मौत, दो घायल

## संदना, मछरेहटा और इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्रों में हुईं दुर्घटनाएं

**सीतापुर कार्यालय।**



अजीत शुक्ला (फाइल फोटो)

**अमृत विचार:** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए भीषण सड़क हादसों में दो बाइक सवारों और एक कोटेदार सहित तीन लोगों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहली घटना संदना थाना क्षेत्र के सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर हुई, जहां दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तारापुर निवासी मनोज (30) की मौके पर ही मौत हो गई। अनियंत्रित बाइक बिजली के खंभे से जा टकराई थी। इस दौरान दूसरी बाइक ने सड़क किनारे खड़े आशीष को भी चपेट में ले लिया, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

दूसरी दुर्घटना मछरेहटा इलाके में हुई, जहां मुसौली निवासी कोटेदार अजीत शुक्ला (48) को घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अस्पताल ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस सीसीटीवी के जरिए वाहन की तलाश कर रही है। तीसरी घटना इमलिया सुल्तानपुर



हादसे के बाद जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

थाना क्षेत्र की है, जहां काम से लौट रहे चाचा-भतीजे की बाइक नौवा अंबरपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में चाचा लक्ष्मण (40) की मौत हो गई, जबकि भतीजा रिंकू गंभीर रूप से घायल है। होली के त्योहार से ठीक पहले हुए इन हादसों से संबंधित परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सिलेंडर फटने से महिला समेत पांच लोग झुलसे

**सीतापुर।** मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अलउदीपुर में देर शाम खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते सिलेंडर धमाके के साथ फट गया, जिसकी चपेट में आकर एक महिला समेत पांच लोग झुलस गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, ओम प्रकाश कन्नौजिया की पत्नी इंद्रानी (65) रसोई में खाना बना रही थीं, तभी रिसाव के कारण सिलेंडर ने आग पकड़ ली। ग्रामीण जब तक आग बुझाने पहुंचे, तब तक जोरदार विस्फोट हो गया। हादसे में इंद्रानी, शोभित यादव और अजय कुमार गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, अमित और प्रदीप को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। धमाका इतना जबरदस्त था कि घर की छत को नुकसान पहुंचा और अनाज व कपड़ों समेत सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।

### शॉर्ट सर्किट से 10 बीघा गन्ना राख

**इमलिया सुल्तानपुर।** भगवंतपुर गांव में दोपहर करीब तीन बजे बिजली की लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट ने भारी तबाही मचाई। तारों से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिससे चार किसानों की करीब 10 बीघा गन्ने की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। लाखों का हुआ नुकसान तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली। इस अग्निकांड में किसान रामसागर, महेश, राममनोरथ और सुशीला देवी की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक किसानों का लाखों का नुकसान हो चुका था। जेई ने मानी लापरवाही बिजली विभाग के जेई राजेश कुमार ने स्वीकार किया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। उन्होंने माना कि क्षेत्र में बिजली के तार काफी नीचे लटके हुए हैं। आश्वासन दिया गया है कि होली के बाद इन झूलते तारों को दुरुस्त कराया जाएगा। इधर, पीड़ित किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की गुहार लगाई है।



खेत में जली हुई गन्ने की फसल।

### आग में दो घर जले हजारों का नुकसान

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुगलपुर में देर शाम अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में दो ग्रामीणों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मुगलपुर निवासी साबिर अली पुत्र करमुल्ला और कादिर अली पुत्र अब्दुल गनी के घरों में देर शाम अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही निजी संसाधनों से आग पर काबू पा लिया गया। तब तक घरों में रखा राशन, कपड़े और अन्य कीमती सामान जल चुका था। लेखपाल अंकुश वर्मा ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। उनके अनुसार, साबिर अली का करीब 28 हजार और कादिर अली का 24 हजार रुपए समेत कुल 52 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव ने बताया कि प्रभावित परिवारों को सरकारी मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जा रही है।

# इबादत की फिजा में रंगों की आहट, बाजार गुलजार

- अबीर-गुलाल, पिचकारियों व कपड़ों की दुकानों पर उमड़ी भीड़

**रामपुर मथुरा।**

**अमृत विचार :** बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्र में होली का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ चली है। बाढ़ प्रभावित इलाके के बावजूद लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। होली के साथ रमजान को ध्यान में रखते हुए भी खरीदारों की भीड़ से गुलजार हैं। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के हमराह पीएसी बल मुस्तैद है।

रामपुर मथुरा, भगौतीपुर, बहादुरगंज, बांसुरा और चांदपुर बाजार इन दिनों खरीदारों की भीड़ से गुलजार हैं। गांजरी अंचलों तथा घाघरा व गोबरैया नदी के नजदीकी गांवों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। बच्चों में अमीर-गुलाल, रंग-बिरंगी पिचकारियों और स्प्रे रंगों को लेकर खास उत्साह दिखाई दे रहा है। कपड़ों की दुकानों पर महिलाओं और बच्चों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है। वहीं परचून की दुकानों पर पापड़, सिवइयां, खजूर और अन्य खाद्य सामग्री की बिक्री तेज हो गई है। बाजार दिन होने के कारण सब्जी मंडी में भी खरीदारों की चहल-पहल रही।



बाजार में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### एसडीएम ने पुलिस बल के साथ नगर में की पैदल गश्त

**लहरपुर। अमृत विचार :** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। देर शाम उप जिलाधिकारी ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के विभिन्न मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम ने नगर के प्रमुख बाजारों, खतराना चौराहा, सर्राफा बाजार, शहर बाजार, गुरखेत बाजार और मजाशाह चौराहा का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न होलिका स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस मौके पर नगर चौकी प्रभारी करतार सिंह, केशरीगंज चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।



पैदल गश्त के दौरान उपस्थित एसडीएम और पुलिस अधिकारी।



### जनपद में 4863 स्थानों पर जली होलिका

**सीतापुर।** जनपद में उत्साह और सुरक्षा के बीच 4863 स्थानों पर देर रात होलिका दहन किया गया। प्रशासन ने पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए। ज्योतिषाचार्य आशीष पाण्डेय के अनुसार, होलिका दहन का शुभ मुहूर्त मध्य रात्रि से साढ़े 12 बजे तक रहा। सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक दहन स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की गई। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी गई। वहीं, बाजारों में भीड़ को देखते हुए लालबाग क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित कर 150 से अधिक जवान तैनात किए गए। देर रात वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया।



होली के पर्व पर रंग खेलते मदर्स प्राइड स्कूल के बच्चे।

### फूलों के रंगों से खिले चेहरे, मनाई होली

**सीतापुर।** मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल में रंगों का पावन पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संस्थापिका मोनिका आनन्द ने किया। उन्होंने बच्चों को त्योहार का सांस्कृतिक महत्व समझाते हुए आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर फूलों और प्राकृतिक रंगों से होली खेली। पारंपरिक गीतों पर बच्चों के उत्साहपूर्ण नृत्य ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। विद्यालय के प्रबंधक कुणाल आनन्द ने विद्यार्थियों को पिचकारी भेंट कर त्योहार की शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने एक-दूसरे को गुजिया खिलाकर खुशियां बांटीं। अंत में सभी को सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली मनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस असवर पर कॉलेज स्टाफ और कर्मचारियों के अलावा अभिभावक भी मौजूद थे।




# खामेनेई के निधन पर बांसुरा में निकाला कैंडल मार्च

**रामपुर मथुरा।**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बांसुरा गांव में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों ने संयुक्त रूप से कैंडल मार्च निकाला। देर शाम रोजा इफ्तार के बाद बड़ी मस्जिद स्थित इमामबाड़े से शुरू हुआ।

यह जुलूस मियां मोहल्ला, पक्के तालाब और बाजार होते हुए पुनः इमामबाड़े पर समाप्त हुआ। हाथों में मोमबत्तियां और काले झंडे लिए जायरीन ने दिवंगत नेता के लिए शोक व्यक्त किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इसराइल विरोधी नारे भी लगाए। इस मौके पर एडवोकेट शबाहुद्दीन खान, शानू अल्वी, वली चौधरी, जीशान, मुन्ना नसरीन, अदनान और हारून खान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत पर विरोध प्रदर्शन करते लोग।

# जिले भर में चला पुलिस का चेकिंग अभियान

- ओवरलोड वाहनों पर कसा शिकंजा

**सीतापुर / हरगांव।**

**अमृत विचार :** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार शाम रेउसा चौराहे पर पुलिस ने जोरदार चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी के नेतृत्व में डायल 112 और स्थानीय पुलिस बल ने ओवरलोड वाहनों और तेज रफ्तार बाइक सवारों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान थानाध्यक्ष ने स्वयं करीब डेढ़ घंटे तक मौजूद रहकर डायल 112 के रजिस्टर व डायरी की जांच की। पुलिस का विशेष फोकस बाहर से घर लौट रहे मजदूरों की सुरक्षा पर रहा। थानाध्यक्ष ने राहगीरों से पूछताछ की ताकि किसी के साथ लूटपाट या मारपीट न हो।

थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने क्षेत्रीय जनता से शांतिपूर्वक होली मनाने की अपील करते हुए कहा कि हुड़दंगियों और शराब पीकर विवाद करने वालों से दूर रहें। उन्होंने दुकानदारों को भी हिदायत दी कि बाहर से आने वाले गरीब मजदूरों को उचित रेट पर ही सामान दें। किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया है। उधर, हरगांव कस्बे में रविवार को आगामी होली त्योहार के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल मार्च निकाला गया। इसका नेतृत्व क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी ने किया। यह मार्च हरगांव के मुख्य बाजार से होकर गुजरा। इस अवसर पर थाना प्रभारी बलवंत शाही भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



चेकिंग के दौरान उपस्थित सीओ सदर व अन्य।

# प्रशासन के दखल से दारूका पेपर मिल का विवाद सुलझा

**सीतापुर, कार्यालय।**

**अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में कटीली स्थित दारूका पेपर मिल के मजदूरों का पिछले कई दिनों से जारी गतिरोध को प्रशासन की मध्यस्थता के बाद समाप्त हो गया। अपनी मांगों को लेकर जब मजदूर लखनऊ कूच के लिए निकले, तो पुलिस ने उन्हें मंडी गेट पर रोक लिया।

मौके पर पहुंचे एसडीएम धामिनी एस दास और सीओ सिटी विनायक गोपाल भोंसले ने मिल प्रबंधन और किसान नेताओं के बीच वार्ता कराई। समझौते के तहत मिल मालिक ने धरने पर बैठे प्रत्येक कर्मचारी को पांच हजार रुपये की तात्कालिक राशि देने पर सहमत हुए। प्रशासन ने शेष बकाया वेतन भी जल्द दिलाने का भरोसा दिया है। मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू और सिख संगठन के जिला अध्यक्ष गुरपाल सिंह ने बताया कि होली से ठीक पहले मिली इस राहत से मजदूरों में खुशी है। इस दौरान सोनिया, अमन सिंह, निर्मल सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व मजदूर मौजूद रहे।



आपसी समझौते के दौरान उपस्थित कंपनी संचालक अभिषेक अग्रवाल, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी।

### गौशाला में मृत मिली गाय

**संवाददाता, रामगढ़। अमृत विचार :** गोंदलामऊ विकास क्षेत्र के केशवामऊ गौ-आश्रय स्थल में बदइंतजामी और गोवंश की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। सोमवार को जब ग्रामीण गौशाला पहुंचे, तो वहां एक गाय मृत अवस्था में मिली, जिसका सिर गायब था। इस दृश्य को देख ग्रामीणों में गहरा आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों के मुताबिक निरीक्षण के दौरान गौशाला की बदहाली भी उजागर हुई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि चन्नियों में सिर्फ सूखा भूसा था, जबकि हरे चारे और दाने का नामोनिशान नहीं था। पीने के पानी की टंकी भी सूखी पड़ी थी। मौके पर केवल एक केयरटेकर मौजूद मिला। ग्रामीणों के अनुसार, यहाँ पिछले कई दिनों से गोवंशों के मरने की सूचनाएं मिल रही थीं। वहीं, एडीओ पंचायत राजेश कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। पंचायत सचिव और डॉक्टर की टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सांड़ की दहशत से ग्रामीणों में भय

**परसेंडी।** विकास खंड परसेंडी की ग्राम पंचायत बिरैचा में पिछले पांच महीनों से एक छुट्टा सांड ग्रामीणों के लिए काल बना हुआ है। आबादी और खेतों में डेरा जमाए इस सांड के हमले से अब तक कई किसान घायल हो चुके हैं, वहीं फसलें भी बर्बाद हो रही हैं। ग्रामीण रामू व श्यामू गुप्ता ने बताया कि करीब दो माह पूर्व इसी सांड के हमले में उनके पिता कल्लू गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। ग्रामीण केवला, राधे, बंगाली और जगदीश का कहना है कि कृषि कार्य के दौरान सांड अक्सर किसानों को दौड़ा लेता है। ग्राम प्रधान व सचिव से शिकायत के बावजूद कोई हल नहीं निकला। भदियासी गौशाला के प्रधान ने भी सांड को पकड़ने में असमर्थता जताई है। हालांकि, खंड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ला ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही पशुपालन विभाग की टीम भेजकर सांड को पकड़वा लिया जाएगा।

**जल जीवन मिशन** गांव में पंचायत निधि से लगे दो-तीन इंडिया मार्का हैंडपंप भी काफी समय से मरम्मत की बाट जोह रहे

# पंप हाउस की मोटर खराब, त्योहार पर पानी को तरसे ग्रामीण

**संवाददाता, परसेंडी।**

**अमृत विचार :** विकास खंड परसेंडी की ग्राम पंचायत बिरैचा में पिछले एक सप्ताह से जल जीवन मिशन के पंप हाउस की मोटर खराब पड़ी है। होली जैसे महत्वपूर्ण पर्व से ठीक पहले पानी की सप्लाई बाधित होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पंचायत निधि से लगे दो-तीन इंडिया मार्का हैंडपंप भी काफी समय से मरम्मत की बाट जोह रहे हैं। ग्रामीण बबलू, गोवर्धन लाल, सियाराम, अखिलेश और अमित ने बताया कि त्योहार के समय पानी की खपत बढ़ जाती है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण उन्हें बूंद-बूंद को तरसना पड़ रहा है। ग्रामीण सुमित और राजेश के अनुसार, कई बार कर्मचारियों को सूचना दी गई, लेकिन समाधान नहीं हुआ। थके-हारे ग्रामीणों ने अब अवकाश के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर से इसकी लिखित शिकायत करने का निर्णय लिया है।



ग्राम बिरैचा स्थित जल जीवन मिशन का पम्प हाउस।



बबलू कुमार



गोवर्धन लाल

> कर्मचारी प्रशांत शुक्ला द्वारा दो मैकेनिक भेजे गए थे, लेकिन तकनीकी समस्या बड़ी होने के कारण मोटर ठीक नहीं हो सकी। अब विशेष टीम भेजकर मोटर को तत्काल दुरुस्त कराया जाएगा ताकि त्योहार पर आपूर्ति बाधित न रहे।
> **- अरविंद कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता**

### आठ साल से नलकूप बंद, कैसे हो सिंचाई

**संवाददाता, हरगांव। अमृत विचार :** विकासखंड में सरकारी नलकूपों की बदहाली किसानों के लिए जी का जंजाल बन गई है। किसान रामू, गुड्डू, रवि, छोटू शोभित, आदि ने बताई कि गन्ना और गेहूं की फसलें पानी के अभाव में सूख रही हैं, जिससे उत्पादन घटने की आशंका है। नहरों में पानी न होने और सरकारी नलकूपों के खराब होने से किसान बेबस हैं। क्षेत्र के कुल 51 नलकूपों में से आधा दर्जन से अधिक लंबे समय से शोपीस बने हुए हैं। कहीं पाइपलाइन चोक है तो कहीं कीमती उपकरण गायब हैं। सबसे बदतर स्थिति सेलूमऊ गांव की है, जहां नलकूप संख्या 217 पिछले आठ वर्षों से बंद पड़ा है। किसान चुन्नू और कमल सिंह का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग मौन है। दूर से पानी लाने के कारण सिंचाई की लागत दोगुनी हो गई है। इस बाबत अवर अभियंता सूरज पाल ने बताया कि सेलूमऊ और बरियाडीह के नलकूप खराब हैं, जगह मिलते ही इन्हें नए सिरे से बनाया जाएगा।



बंद पड़ा नलकूप पंप हाउस।



बैठक करते दिव्यांग। अमृत विचार

### आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन की बैठक

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** खैराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के कार्यालय पर फाउंडेशन की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या ने की। बैठक के दौरान उपस्थित दिव्यांग एवं निराश्रित महिलाओं की समस्याएं एक-एक कर सुनी गईं और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। प्रबंधक /सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और हर्षोल्लास के प्रतीक होते हैं, जिन्हें मिल-जुलकर मनाया जाना चाहिए। कोषाध्यक्ष विजय पाल ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा त्योहार के अवसर पर दिव्यांग, निराश्रित एवं वृद्धा पेंशन भेजे जाने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक पेंशन न आने से अनेक जरूरतमंदों का त्योहार फीका पड़ गया है। बैठक में हरिलाल, गुड्डू, मुस्लिम अली हसन, कौशल यादव, कालिंदी, कुसुम देवी, फूलमती सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

### छापेमारी में 28 लीटर कच्ची शराब बरामद

**रायबरेली :** डीएम हर्षिता माथुर के आदेशानुसार आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जगह-जगह छापेमारी की। टीम द्वारा महराजगंज तहसील के थाना बछरावां अंतर्गत संदिग्ध ग्राम पश्चिम गांव एवं पासी टूसी में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 28 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 350 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया। इस दौरान तीन अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए।

### फिनायल पीने से महिला गंभीर

**सलोन :** सलोन कोतवाली अंतर्गत बहादुरपुर निवासी लक्ष्मी पत्नी संतराम किसी बात से नाराज होकर बाजार से फिनाइल खरीदकर उसे पी लिया। इधर जब परिवारिक जनों को महिला के जहर पीने की जानकारी हुई तो उसे फौरन सीएचसी सलोन लेकर पहुंचे। डॉ. अजय शंकर वर्मा ने बताया कि महिला ने फिनायल पिया था। जिसकी शीशी परिजनों ने दिखाई थी। तत्कालीन उपचार महिला का किया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार की मौत


सुरेश कुमार की फाइल फोटो।

**महराजगंज :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पहरेमऊ गांव निवासी चंद्रप्रकाश ने पुलिस को तहरीर दी है। उसका कहना है कि रविवार सुबह उसका बेटा सुरेश कुमार बाइक से पाली गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। रास्ते में सुखई का पुरवा चौराहे पर सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ऑटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सुरेश सड़क पर गिरकर चोटिल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत एंबुलेंस द्वारा सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान घायल सुरेश की मौत हो गई। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# खूब उड़ेगा रंग, अबीर और गुलाल, पिचकारियों से सजा रहा बाजार

**रंगों का पावन पर्व:** होली पर हुड़दंगियों पर खाकी का रहेगा कड़ा पहरा, पुलिस प्रशासन सतर्क, बच्चे पसंद कर रहे गन साइज वाली पिचकारी


घंटाघर चौराहे पर लगाई गई होलिका। अमृत विचार


बाजार में सजी दुकान से पिचकारी की खरीदारी करते बच्चे। अमृत विचार



ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल में बच्चों ने खेली होली। अमृत विचार

## होली मिलन समारोह में उड़ेगा अबीर-गुलाल, गूंजेगी कवियों की आवाज


अध्यक्ष विवेक शर्मा।


पुष्कर गुप्ता।


शिवम गुप्ता।


रोहित सोनी।

**7 मार्च को होगा आयोजन**

**लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** कस्बे के रघुवीर हॉस्पिटल के सामने स्थित बजरंग उत्सव लॉन में 7 मार्च को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला प्रभारी और नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि देश के प्रसिद्ध कवियों की रचनाओं से होली मिलन समारोह गुंजित होगा। होली की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि होली रंगों के साथ-साथ प्रेम सौहार्द एवं सामाजिक एकता का महापर्व है। जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने बताया कि 7 मार्च को होली मिलन समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन बजरंग उत्सव लॉन रघुवीर हॉस्पिटल के सामने महेश नगर लालगंज में किया जा रहा है। जिसमें उन्होंने सभी व्यापारियों से पहुंचने की अपील की है। इस मौके पर जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, प्रदेश मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, कोषाध्यक्ष दीप चंद्र गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन आदि लोग मौजूद रहे।

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** रंगों के पावन पर्व होली को लेकर शहर का बाजार पूरी तरह रंगमय हो गया। बाजारों में अबीर-गुलाल, पिचकारियों और रंग-बिरंगे परिधानों की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी रही। बच्चों से लेकर बड़ों तक में खासा उत्साह देखा जा रहा है। जो लोग किसी कारण वश घर में पापड़, गुझिया, नमकीन नहीं बना सके हैं वे बाजार में रेडीमेड गुझिया, पापड़, चिप्स और अन्य पकवान खरीदकर काम चला रहे हैं। बाजार में हर्बल गुलाल की मांग अधिक है। वहीं विभिन्न स्वरूपों में पिचकारियां बच्चों को आकर्षित कर रही हैं। सामान्यतः 10 रुपये से एक से दो हजार रुपये तक की पिचकारियां उपलब्ध हैं। बच्चे अधिकतर गन साइज वाली पिचकारी पसंद कर रहे हैं।

होली के साथ रमजान का पवित्र माह भी चल रहा है इसलिए प्रशासन किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लेना चाहता है। इसके लिए पुलिस की ओर से पहले ही चेतावनी जारी की जा चुकी है कि त्योहार की आड़ में शांतिभंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसी के साथ शहर से लेकर गांवों तक में किसी भी प्रकार की शांतिभंग करने पर नजर रखने के लिए सुरक्षा कर्मियां की तैनाती कर दी गई है। होली दहन के लिए शहर से लेकर ग्रामीणांचलों के विभिन्न स्थानों पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्धारित स्थलों पर ही होलिका दहन किया जाएगा। एसपी रवि कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं और भाईचारे का संदेश फैलाएं। शहर में उत्साह, उमंग और सुरक्षा के बीच इस बार की होली खास रहने वाली है।

**एक-दूसरे को लगाया गुलाल, दी बधाई, सरेनी:** ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल में होली पर्व सादगीपूर्ण वातावरण में मनाया गया। बच्चों व शिक्षकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव तिवारी ने बच्चों को बताया कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपराओं एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह पर्व सत्य की असत्य पर विजय तथा भक्त प्रहलाद की आस्था और भगवान विष्णु की कृपा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें आपसी प्रेम, क्षमा एवं भाईचारा की भावना को अपनाने की प्रेरणा प्रदान करता है। विद्यालय के प्रबंधक अनूप कुमार तिवारी ने सभी को होली की बधाई दी। वेदिका सैनी, अनुष्का, आराध्या अभिषेक कुमार, राज कुशवाहा, शौर्य, रियान सिंह, पीहू, आरुष पाल, अविरल, सुरेश कुमार, नैंसी देवी, दिव्यांशी यादव, ज्योति देवी, साधना शर्मा, मानसी कुशवाहा, राखी तिवारी, राजेश आदि उपस्थित रहे।

**होली मिलन समारोह और फाग गायन का आयोजन, महराजगंज, :** आधुनिकता की चकाचौंध के इस दौर में जब युवाओं के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहरें धीरे-धीरे धुंधली पड़ती नजर आ रही हैं। ऐसे समय में विकास खंड क्षेत्र के चिलौली मजरे सुल्तानपुर गांव निवासी युवा समाजसेवी हैप्पी सिंह ने होली मिलन समारोह एवं पारंपरिक फाग गायन का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों, महिलाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया। हैप्पी सिंह ने गांव के बुजुर्गों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। फाग गायन मंडली के कलाकारों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर प्रस्तुति दी। फाग की शुरुआत देवी-देवताओं के आह्वान से हुई "सुमिरन करो आदि भवानी का, पहला सुमिरन गणपति देवा और ऋद्धि-सिद्धि महारानी का। कार्यक्रम में शीतला बक्स सिंह, अन्नी अवस्थी, भाजपा नेता सरोज गौतम आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों और शिक्षकों ने खूब उड़ाया अबीर-गुलाल


दुर्गाजंलि पब्लिक स्कूल में होली का पर्व मनाते बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

**सरेनी (रायबरेली)।** दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल मुरारमऊ में होलीकोत्सव परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राधा कृष्ण बने नंदिनी और आदित्य अपनी बाल सुलभ मुद्राओं एवं नृत्य से सभी बच्चों के साथ फूलों की होली खेली। विद्यालय प्रबंधक सुशील कुमार ने बधाई देते हुए बच्चों को बताया कि इस तरह के त्योहार हमें एक दूसरे के साथ प्रेम और भाईचारा बनाए रखने का संदेश देते हैं। यह रमजान का पावन महीना भी है अतः हम सबको एक दूसरे का सम्मान करते हुए अपने-अपने त्योहारों का आनंद लेना चाहिए। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष दुर्गा बक्श सिंह, प्रधानाचार्या पूजा शुक्ला रहीं।

## होली खेलने पद्मश्री सुधा पहुंची ससुराल


महिलाओं को अबीर-गुलाल लगाती पद्श्री एथलीट खिलाड़ी सुधा सिंह।

**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय एथलीट और पद्मश्री विजेता सुधा सिंह ने होली पर अपने ससुराल डोमापुर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ खुशियां बांटीं। खेल की दुनिया में देश का मान बढ़ाने वाली सुधा सिंह का अपनी ससुराल में एक बहु के रूप में सादगी भरा अंदाज देखकर ग्रामीण गदगद हो उठे। पद्मश्री सुधा सिंह ने गांव की बुजुर्ग महिलाओं और विवाहिताओं के गले लगकर उनका आशीर्वाद लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया। होली मिलन कार्यक्रम में सुधा सिंह ने कहा डोमापुर मेरी ससुराल है और यहां का हर नागरिक मेरे परिवार के सदस्य जैसा है। इस गांव की बहू होने के नाते मैं यहां की सेवा और विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। इस मौके पर सुधा सिंह के ससुर चंद्रमोहन सिंह, पति अमित सिंह समेत सुषमा देवी, सुशीला, गीता देवी, राम सिंह, शिवनाथ, अजीत सिंह, शिव मनोहर और राजेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में सुपर किड्स प्ले ग्रुप के बच्चों ने मचाया धमाल


मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह का स्वागत करतीं शिक्षिकाएं।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** मुंशीगंज कस्बे में स्थित सुपर किड्स प्ले ग्रुप स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह ने बच्चो को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि ऐसे उत्सव बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला और संस्कृति में भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम व देशभक्ति के गीतों पर अभिभावक व क्षेत्रीय लोग झूम उठे। प्रबंधक डॉ. रमेश चंद्र चौरसिया ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया। समारोह में अनुपात, स्वस्तिका, मायका, आयु, अविष्का, ज्वाया, आशी, कौशिकी, आस्था सहित सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनुपमा, ललित तिवारी, अभिभावक अश्विनी कनौजिया, हीरेंद्र गुप्ता, विजय मौजूद रहे।

## युवक से बैग लूटने वाले छह आरोपित गिरफ्तार

**रायबरेली।** सोमवार को क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरिजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में दो मार्च को खरौली पुल के पास बाग से ऊंचाहार कोतवाली पुलिस टीम ने अमन तिवारी पुत्र प्रमोद तिवारी निवासी चौफेरवा थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर, क्रिस कुमार पुत्र शंकन कुमार, आदर्श पासी उर्फ नन्नू पासी निवासीगण पटेलनगर थाना हरिहरगंज जनपद फतेहपुर, दीवाल्मिकी उर्फ काला पुत्र उमेश वाल्मीकी निवासी राधानगर थाना राधानगर जनपद फतेहपुर, अश्वनी उर्फ शनि पुत्र गजाधर प्रसाद निवासी पैड़ापुर थाना ऊंचाहार व अमित रावत उर्फ अमित कुमार पुत्र स्व. अखिलेश कुमार निवासी दक्षिणी गौतम नगर थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर को लूट के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त अश्वनी उर्फ शनि ने पूछताछ में बताया कि आदर्श पासी उर्फ नन्नी आपस में रिश्तेदार है जो पीने खाने के आदी हैं। जिसके खर्च के लिए दोनों को घर से पैसा नही मिलता था। इसी चीज को लेकर अश्वनी व आदर्श ने अपने साथी अमन, क्रिस, दीपू, अमित के साथ योजना बनाकर थाना ऊंचाहार क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीगंज के पास से ग्राम पूरे बल्दी मजरे मिर्जापुर एहारी निवासी व एनटीपीसी की कार्यदायी संस्था मेसर्स पीएन कंस्ट्रक्शन कंपनी में कंप्यूटर ऑपरेटर अंकित पुत्र मुन्ना पाल के साथ लूट करना स्वीकार किया है। उसके पास लूट का माल भी बरामद हुआ है।

# डलमऊ में होली तो जलेगी पर नहीं उड़ेगा रंग और गुलाल

**हर्षित शुक्ला, डलमऊ, (रायबरेली)**

- राजा डल की याद में गमगीन डलमऊ, तीन दिन रहेगा शोक


डलमऊ में स्थित राजा डल देव की प्रतिमा।

**अमृत विचार।** होली का त्योहार पूरे देश के लिए भले ही खुशियों की सौगात लेकर आता हो किंतु डलमऊ और उसके आसपास के क्षेत्र वासियों के लिए यह त्योहार लगभग 600 साल पुराने जख्मों की याद को ताजा कर देता है। तीन दिन मातम में पूरा क्षेत्र डूबा रहता है। उसके बाद डलमऊ सहित आसपास के 28 गांव में होली मनाई जाती है।

क्षेत्र में होली का त्योहार तीन दिन का सूतक करने के बाद होली का त्योहार मनाया जाता है। लगभग 600 साल पहले होली के दिन यहां के जनप्रिय प्रजावत्सल राजा डल शहीद हो गए थे। होली के दिन ही शाह शर्की की सेनाओं ने हमला कर दिया था। राजा डल सूर्यवंशी परंपरा के अंतिम राजा के रूप में माने जाते हैं। इतिहास की यह हृदय विदारक मार्मिक घटना ने डलमऊ का इतिहास बदलकर रख दिया था। सदियां गुजर गई तब से अब तक सावन महीने में उसे पवित्र स्थल पर राजा डलचंद की स्मृति में मेला लगता है।

**इन गांवों में नहीं मनाई जाएगी होली:** राजा डल की स्मृति में डलमऊ ग्राम पंचायत के 27 मजरों में होली नहीं मनाई जाएगी। तीन दिन बाद यहां पर रंग खेला जाएगा। इसमें पूरे वल्ली, नेवाजगंज, पूरे बघेलन, पूरे गुलाब राय, पूरे जोधी, नाथखेड़ा, पूरे बिंदा भगत, पूरे रेवती सिंह, अंबहा, बबुरा, आदि सहित मुराई बाग, देवली, पूरे लालता, पूरे कोयली, मोहदीनपुर, आफताब नगर, मखदुमपुर, बलभद्रपुर, पूरे शेखन, मुर्शिदाबाद, दरबानीहार, पूरे चौपदारन, सदलापुर, भीमगंज आदि शामिल है।

**आज भी पुरानी परंपरा है कायम:** स्वामी दिव्यानंद जी महराज का कहना है कि शास्त्रों में बनता है कि यदि कोई व्यक्ति की मृत्यु होती है तो उसमें तीन दिन का शोक मनाया जाता है। डलमऊ में भी पुरानी परंपरा के अनुसार तीन दिन का शोक मनाने का विधान था। तीन दिन बाद ही होली होती थी। उसी के अनुसार इस वर्ष भी होली 6 तारीख दिन शुक्रवार को मनाना उचित रहेगा। होली हर्ष उल्लास का पर्व है बिना भेदभाव के इस पर्व को मनाना चाहिए।

## ठंडी होलिका पूजकर की सुख-समृद्धि की कामना



पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं।

**पयागपुर (बहराइच)।** होली के महापर्व की दस्तक के साथ ही क्षेत्र में सांस्कृतिक उल्लास और व्यापारिक रौनक चरम पर है। सोमवार को पयागपुर में मारवाड़ी समुदाय की महिलाओं ने 'ठंडी होलिका माता' की पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की। वहीं, दूसरी ओर नगर के बाजारों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ने से त्योहार का उत्साह दोगुना हो गया है होलिका दहन से पूर्व आयोजित इस विशेष पूजन में नवविवाहित महिलाओं की सहभागिता मुख्य आकर्षण रही। मारवाड़ी समाज की परंपरा के अनुसार, विवाह के बाद पहली होली बेटी अपने मायके में मनाती है। इसी रिवाज का पालन करते हुए कई नवविवाहित महिलाएं अपने मायके पहुंचीं और परिवार के साथ पूजन किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने कलश, नारियल, रोली, मौली और पुष्प अर्पित कर परिवार की खुशहाली और संतानों की उन्नति की कामना की। वहीं, स्थानीय प्रशासन ने भी त्योहार को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की है और क्षेत्रवासियों से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से रंगोत्सव मनाने की अपील की है।

## शांति व्यवस्था के लिए जरवल रोड में फ्लैग मार्च

**जरवल रोड (बहराइच)।** जरवल रोड थाना अंतर्गत आगामी होली और रमज़ान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह तथा सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने जरवल कस्बा, जरवल रोड और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने मुख्य बाजार, संवेदनशील मोहल्लों और प्रमुख चौराहों पर पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं।

## शांतिभंग करने वालों को रेड कार्ड चेतावनी


राजेश शुक्ला, थानाध्यक्ष।

**कैसरगंज(बहराइच)।** थाना कैसरगंज में होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला द्वारा पूर्व से पाबंद कर व्यक्तियों को "रेड कार्ड" जारी कर स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की अराजकता या शांति भंग करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि जिन व्यक्तियों के विरुद्ध पूर्व में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126/135 के अंतर्गत कार्यवाही की जा चुकी है और जिन्हें सक्षम न्यायालय द्वारा निजी मुचलका एवं जमानतदार पर शांति बनाए रखने हेतु पाबंद किया गया है, उन्हें पुनः सचेत किया गया है। किसी प्रकार का झगड़ा, मारपीट या गाली-गलौज नहीं करेंगे। जबरन रंग, कीचड़ या रासायनिक पदार्थ नहीं डालेंगे। शराब का सेवन कर सार्वजनिक स्थान पर उत्पात नहीं करेंगे। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियों से दूर रहेंगे।

## योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रभु रहे अव्वल

**जमुनहा( श्रावस्ती), अमृत विचार :** कम्पोज़िट विद्यालय लालपुर हरीडीह में छात्र प्रभु यादव ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। विकास खण्ड जमुनहा के परिषदीय कम्पोजिट विद्यालय लालपुर हरीडीह के चार छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। छात्र प्रभु यादव ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रभु यादव ने 135 अंक प्राप्त किया। वहीं विद्यालय की आयशा बानो 112अंक प्राप्त कर 12वें स्थान पर, गुलाम मोहम्मद 98 अंक प्राप्त कर 19वें स्थान व गोविंद लाल 90 अंक प्राप्त कर 23वां स्थान पर रहे। बीईओ जमुनहा राज किशोर, संकुल शिक्षक मुनव्वर मिर्ज़ा, प्रधान शिक्षिका तनवीर हैदर सहित अन्य शिक्षकों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित सभी छात्र छात्राओं के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

आयोजन

रोमांचक बैल गाड़ियों की दौड़ देखने के लिए उमड़ी दर्शकों की भीड़

# तौली बैलगाड़ी प्रतियोगिता में सतगुरु बने 'चैंपियन'

**शिवगढ़ (रायबरेली)**


ग्राम पंचायत तौली में आयोजित बैलगाड़ी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत तौली में आयोजित द्वितीय भव्य एवं रोमांचक बैलगाड़ी प्रतियोगिता में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रतियोगिता का आयोजन तौली प्रधान सत्यवती तथा हमारा पेट्रोल पम्प के मालिक एवं प्रधान पति विनोद धोबी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 22 बैलगाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता 6 राउन्ड में सम्पन्न हुई, जिसमें 5 राउन्ड के विजेताओं को फाइनल राउंड में प्रवेश दिया गया। पहले राउंड में हीरालाल यादव जियापुर, दूसरे राउंड में शुभम पाल रामधन का पुरवा, तीसरे राउंड में रामकुमार जियापुर, चौथे राउंड में सतगुरु कोटेदार छेदी का पुरवा तथा पांचवें राउंड में भारत यादव पूरे सहमत विजयी रहे। इन पांचों विजेताओं की बैल गाड़ियों को फाइनल राउंड में दौड़ाया गया।

फाइनल मुकाबले में छेदी का पुरवा निवासी सतगुरु कोटेदार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर 'तौली पाली चैंपियन 2026' का खिताब अपने नाम किया। वहीं शुभम पाल ने द्वितीय स्थान और भारत यादव ने तृतीय स्थान अर्जित किया। प्रथम पुरस्कार के रूप में साइकिल, द्वितीय पुरस्कार के रूप में फर्राटा पंखा और तृतीय पुरस्कार के रूप में जंगाल देकर विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक श्याम सुन्दर भारती, राजेश यादव, रामदेव लोधी, अनिल सिंह डॉ. राहुल पाल, बंसीलाल लोधी, रामकिशोर मौर्य, शमसाद खां, अखिलेश प्रधान, सोनी भारती आदि लोग रहे।

## ओरीदास मन्दिर में सम्मान समारोह आयोजित

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** शिवगढ़ क्षेत्र के पूरे दरियाव मजरे गुमावां स्थित प्रसिद्ध बाबा ओरीदास मन्दिर में बाबा काशी विश्वनाथ समूह के तत्वावधान में सम्मान समारोह एवं बिरहा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में वरिष्ठ नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों एवं पत्रकारों को अंगवस्त्र एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। बिरहा गायकों ने लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया, जिससे देर शाम तक श्रद्धालु और श्रोता झूमते रहे। इस अवसर पर आयोजक सूरज सिंह, प्रताप राजपूत, शिवकुमार यादव, अशोक कुमार, जानू सिंह, लवकुश शुक्ला, रामअचल, पवन कुमार सिंह, आशुतोष सिंह, अरविंद मौर्य, संतोष, मोहित, रामतेज, राजकुमार, रामदेव, रामनरेश, भगवती प्रसाद, प्रदीप यादव व रमाकांत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शिया धर्म गुरु ने जुलूस निकालकर जताया आक्रोश

**रायबरेली, अमृत विचार।** शियों के नायब इमाम और ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामनेई की हत्या के विरोध में शहर कोतवाली के गुलाब रोड पर शिया धर्म गुरु समेत भारी संख्या में आम नागरिकों ने प्रदर्शन किया। इसके विरोध में सोमवार को जुलूस निकालकर आक्रोश जताया गया। यह जुलूस टाउन हॉल से डीएम आवास तक निकाला गया।

मौलाना कम्बर ने कहा कि ईरान के खिलाफ मजलुमी के आलम में हमला करके अमेरिका इजरायल ने कायरता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि हम जीना और मरना यदि किसी से सीखते हैं तो वह मौला अली हैं। जुलूस में भारी तादाद में महिलाओं व बच्चों ने भी हिस्सा लिया।

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी क्षेत्रवासियों और देशवासियों को रंगों के पवित्र पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी से विनम्र आग्रह है कि सभी लोग सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाएं। लेकिन स्वयं को और अपने बच्चों को केमिकल युक्त रंगों से दूर रखें क्योंकि इनका आपके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ सकता है। साथ ही ऐसी बाजारू वस्तुएँ प्रयोग में न लाएं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हों और मादक पदार्थों का सेवन न करें।

राजेंद्र द्विवेदी
खीरों, संवाददाता

सुशील शुक्ला
लालगंज संवाददाता

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सतेन्द्र सिंह
प्रधान रासीगांव

बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल
लालगंज, रायबरेली
सीबीएसई बोर्ड से संचालित
बैसवारा क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान।
सभी क्षेत्रवासियों को
रंगों के त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं।
सत्र:2026-27
(प्रवेश प्रक्रिया शुरू)
सिद्धार्थ सिंह (प्रशासनिक सचिव) | शांतनु सिंह (प्रबंधक) | सुनील सिंह (प्रबंध-निदेशक)
संपर्क करें - 9307419258,9455612913

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज
लखनापुर, लालगंज रोड सरेनी, रायबरेली।
के.जी. से कक्षा 12 तक
(बेहतर एवं संस्कारित शिक्षा का एक मात्र शिक्षण संस्थान)
प्रवेश प्रारम्भ
राकेश त्रिवेदी
प्रबंधक मो- 9161656003
अरविन्द मिश्रा
क्षेत्रीय प्रबंधक मो- 9919722468

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
नंद लाल रजक
खंड शिक्षा अधिकारी
डलमऊ

लालगंज क्षेत्र के व्यापारियों एवं सम्मानित जनता को
रंगों के महापर्व होली की
हार्दिक शुभकामनायें
विवेक शर्मा
जिला प्रभारी/नगर अध्यक्ष
दीपचन्द्र गुप्ता
कोषाध्यक्ष
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, लालगंज-रायबरेली

सम्मानित अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों को
रंगों के महापर्व होली की
हार्दिक शुभकामनायें
गगनदीप सिंह
पी.डी.एस.
खण्ड विकास अधिकारी लालगंज-रायबरेली

सम्मानित अधिकारियों, चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ को
रंगों के महापर्व होली की
हार्दिक शुभकामनायें
डॉ. अमल पटेल
(अधीक्षक)
सामु. स्वास्थ्य केन्द्र, लालगंज-रायबरेली

समस्त शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों को
रंगों के महापर्व होली की
हार्दिक शुभकामनायें
आशीष प्रताप सिंह सेंगर
(शिक्षक)
जिला उपाध्यक्ष
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ
लालगंज-रायबरेली

लालगंज क्षेत्र के व्यापारियों एवं सम्मानित जनता को
रंगों के महापर्व होली की
हार्दिक शुभकामनायें
पुष्कर गुप्ता
(कृष्णा)
नगर युवा उपाध्यक्ष
उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल लालगंज
प्रतिष्ठान : लक्ष्मी वस्त्रालय मेन रोड लालगंज
मो. 7007505348

समस्त नगरवासियों, क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों को
रंगों के महापर्व होली की
हार्दिक शुभकामनायें
रोहित सोनी
जिलाध्यक्ष व्यापार मण्डल, जिलाध्यक्ष सर्राफा संघ
प्रतिष्ठान : वृद्धि ज्वैलर्स, तिकोना पार्क लालगंज-रायबरेली

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विमलेश कुमार
सहायक विकास अधिकारी
(कृषि)

आप सभी क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों को
रंगों के महापर्व होली की
हार्दिक शुभकामनायें
प्रो. निखिलेश कुमार गुप्ता
आशुतोष ट्रेडर्स गोविन्दपुर वलौली, लालगंज-रायबरेली
निवास : लालगंज-रायबरेली

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सर्वेश कुमार प्रजापति
कोटेदार मुरारमऊ सरेनी
लालगंज रायबरेली (उत्तर प्रदेश)

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
शालू मिश्रा
(प्रधानाचार्या)
एमवीएम पब्लिक स्कूल सेमरी
चन्द्रमौलि दीक्षित
(प्रधानाचार्य)
ममता इण्टर कालेज सेमरी, वि०क्षे०- खीरों, रायबरेली

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुमार तिवारी
(प्रबंधक)
न्यू सरस्वती ज्ञान मन्दिर
खजुरिहाबांध, वि०क्षे०-खीरों, रायबरेली

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रियंका अवस्थी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत-अतरहर,
वि०क्षे०-खीरों,
रायबरेली
मनोज कुमार अवस्थी (मोनू अवस्थी)
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कालेज खीरों
बी डी चक्रवर्ती
(प्रबंधक)
न्यू सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कालेज
पाहो रोड खीरों, रायबरेली

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
रामलखन सैनी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत- रनापुर पहरौली,
वि०क्षे०- खीरों, रायबरेली

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश कुमार
(प्रबंधक)
न्यू सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कालेज
डण्डनपुर, वि०क्षे० - खीरों, रायबरेली

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आशा मैरिज लॉन
पावरहाउस रोड,
विवेकानन्द विद्यालय के सामने खीरों, रायबरेली
प्रो० अंशु सिंह

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीकृष्णा बिक्रफील्ड
बरौला, वि०क्षे०- खीरों, रायबरेली
बाबा मार्का ईंट सदैव प्रयोग करें।
प्रो० हरेन्द्र सिंह
मो0: 9125896500

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
इरशाद अली
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत- हरीपुर मिर्दहा,
वि०क्षे०- खीरों, रायबरेली

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सौरभ मेडिकल्स स्टोर
सेमरी चौराहा खीरों रोड रायबरेली
मो. +8009234752
हमारे यहां सभी प्रकार की दवाई उचित मूल्य पर मिलती हैं।
दुर्गेश बहादुर सिंह संरक्षक

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आर एस बिक्रफील्ड हरीपुर मिर्दहा
रामगंगा बिक्रफील्ड
खजुरिहाबांध,
वि०क्षे०-खीरों, रायबरेली
प्रो० देवेन्द्र बहादुर सिंह
(पंकज सिंह)

अमृत विचार
मंगलवार, 3 मार्च 2026



सच्ची बुद्धिमत्ता क्षणिक सुखों की खोज करने के बजाय अनावश्यक पीड़ा से मुक्त जीवन जीने में निहित है।
-अरस्तु, दार्शनिक



# खामेनेई के बाद युद्ध

खामेनेई मारे गए, उनके के साथ ही देश के रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख और कई सैन्य कमांडर समेत शासन से संबंधी कुछ महत्वपूर्ण लोग भी खेत रहे। खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता होने के नाते शासन व्यवस्था के केंद्र और सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ थे। किसी युद्धरत देश के लिए हमले के पहले ही दिन इतनी बड़ी क्षति उसे घुटने पर ला देने के लिए बहुत है। सामान्य धारणा यह कि इससे ईरान कमजोर पड़ेगा और युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा, पर फिलहाल ऐसा नहीं दिख रहा। बेशक, ईरान के नेता असमंजस में होंगे कि इस युद्ध को कैसे झेला जाए, इसके व्यापक विनाश से कैसे बचा जाए, लेकिन उनके बयान और दूसरे तथ्य इस ओर इशारा करते हैं कि युद्ध शीघ्र समाप्त नहीं होगा। संभव है कि यह कुछ हफ्ते या महीनों लंबा खिंचे।

ऐसे में यह बहुत से देशों को सीधे और कई को परोक्षतः बुरी तरह प्रभावित करेगा। सच तो यह है कि ईरान का इस्लामी शासन एक व्यक्ति पर निर्भर व्यवस्था नहीं है। सर्वोच्च नेता खामेनेई के मारे जाने के बाद उनकी जगह जो भी दूसरा धार्मिक नेता आयेगा उसके लिए राष्ट्रवाद के नाम पर जनसमर्थन हेतु युद्ध जारी रखना जरूरी होगा और इसके नाम पर उसे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कोर का समर्थन भी मिलता रहेगा, जो पारंपरिक सेना के साथ-साथ काम करते हुए देश के भीतर और बाहर से आने वाले खतरों से शासन की रक्षा करने का विशेष दायित्व संभालती है।

ट्रंप और नेतन्याहू की राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी यह युद्ध आवश्यक है। साल के अंत में नेतन्याहू को आम चुनाव का सामना करना है, उनका मानना है कि युद्ध से उनकी राजनीतिक स्थिति मजबूत होती है, उधर ट्रंप को टैरिफ मसले पर यूरोपीय देशों और कोर्ट द्वारा उनकी भद पिटने के बाद सुर्खरू होने के लिए राष्ट्र सुरक्षा के नाम पर युद्ध एक बेहतर सियासी उपाय है। दोनों की यह दलील बहुत खोखली है कि उनसे कमजोर ईरान उनके लिए खतरा है और यह आक्रमण किसी आशंकित खतरे के खिलाफ उठाया गया है, बल्कि यह एक सोचा-समझकर छेड़ा गया नियोजित युद्ध है। इसराइल और अमेरिका का आकलन है कि ईरान का इस्लामी शासन इस समय कमजोर स्थिति में है। वह गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा इसलिए उसे ध्वस्त करने के इस सुनहरे अवसर को गंवाया नहीं जाना चाहिए। अब जबकि खामेनेई मारे जा चुके हैं, तब उनके के लिए बेहतर अवसर है कि वह इसी दौर में अपने सभी मंसूबे पूरे कर लें, इसलिए भी वे युद्ध को तब तक खींचेंगे जब तक ईरान पूरी तरह तबाह होकर हथियार न डाल दे। पर सवाल यह भी है कि क्या वे अपनी मंशा में जल्द कामयाब होंगे, क्या उनकी इच्छापूर्ति तमाम दूसरे देशों को संकट में नहीं डाल देगी? क्या शांति की भी कोई सूरत नजर आती है? खामेनेई की मौत के बाद अंतरिम कौंसिल कल परसों तक 88 धर्मगुरु के मत से नया सुप्रीम लीडर चुन ही लेंगे। अब देखना यह होगा कि ईरान का नवनिर्वाचित सुप्रीम लीडर तथा देश के अन्य सियासी गुट इस युद्ध के बारे में क्या रुख अपनाते हैं?

## प्रसंगवश

# दुनिया में वन्यजीवों के अस्तित्व पर बढ़ता संकट

यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि वन्य जीवों के अस्तित्व पर संकट लगातार गहराता जा रहा है। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की नवीनतम 'लिविंग प्लैनेट' रिपोर्ट (एलपीआर) 2024, जो 2025 तक के रुझानों को समेटती है, यह चिंताजनक तथ्य सामने रखती है कि 1970 से अब तक वैश्विक स्तर पर वन्यजीव आबादी में औसतन 73 प्रतिशत की कमी आ चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र में जैव विविधता सबसे अधिक प्रभावित हुई है। मीठे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में 85 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। प्रवाल भित्तियों का निरंतर विरंजन, अमेजन वर्षावन और उपध्रुवीय गाइरे का पतन तथा ग्रीनलैंड और पश्चिमी अंटार्कटिका की बर्फ चादरों का पिघलना गंभीर संकेत हैं। रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन को इन परिस्थितियों का प्रमुख कारण मानते हुए चेतावनी देती है कि पृथ्वी खतरनाक मोड़ के निकट पहुंच रही है और अगले पांच वर्ष निर्णायक साबित हो सकते हैं।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ लेखक

यह पहली बार नहीं है जब वन्यजीवों की घटती संख्या को लेकर वैश्विक चिंता व्यक्त की गई हो। गत वर्ष नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैक्सिको और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया कि पृथ्वी छठे व्यापक विनाश काल में प्रवेश कर चुकी है। उनका शोध प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित हुआ, जिसमें बताया गया कि पिछले सौ वर्षों में 200 कशेरुकी प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं, जबकि सामान्य परिस्थितियों में इतनी हानि हजारों वर्षों में होती। अनुमान है कि यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही तो आगामी दशकों में 75 प्रतिशत तक प्रजातियां समाप्त हो सकती हैं।

जंगलों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और अवैध शिकार वन्यजीव संकट के प्रमुख कारण हैं। हाथी, गोरिल्ला, गिद्ध और अनेक सरीसृप तेजी से घटे हैं। आर्कटिक लोमड़ी इसका उदाहरण है, जिसकी गर्म फर के कारण व्यापक शिकार किया जाता है। फिनलैंड की संस्था जस्टिस फॉर एनिमल ने चेताया है कि लक्जरी उद्योग के लालच ने इनका अस्तित्व संकट में डाल दिया है। यूरोप के कुछ देशों में इनकी संख्या अत्यंत सीमित रह गई है। ब्रिटेन में रॉयल सोसायटी फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स के सर्वेक्षण के अनुसार हेन हैरियर की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। इसी प्रकार अफ्रीका में अवैध हाथीदांत व्यापार के कारण प्रतिवर्ष भारी संख्या में हाथियों का शिकार होता है। भारत में भी अवैध शिकार, शहरीकरण, प्रदूषण और कृषि विस्तार के चलते वन्यजीवों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जलीय जीव भी इससे अछूते नहीं हैं। औद्योगिक प्रदूषण, फफूंद संक्रमण और अवैध मत्स्य शिकार के कारण सैकड़ों प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं। यूरोप के समुद्रों में व्हेल और डॉल्फिन की संख्या घट रही है। दक्षिण-पूर्व एशिया में पशुओं के उपचार में प्रयुक्त हानिकारक दवाओं के कारण गिद्धों की संख्या में भारी गिरावट आई है। भारत में पिछले दशकों में गिद्धों की संख्या में 97 प्रतिशत तक कमी दर्ज की गई, जिससे पारिस्थितिक संतुलन प्रभावित हुआ है।

विश्व में ज्ञात प्रजातियों की संख्या लगभग 18 लाख है, जो वास्तविक जैव-विविधता का एक छोटा हिस्सा मात्र है। भारत में लगभग 75 हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। संरक्षण हेतु कानून मौजूद हैं, पर प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। जैव विविधता को बचाने के लिए जलवायु परिवर्तन की रोकथाम, प्रदूषण नियंत्रण और वनों के संरक्षण की दिशा में ठोस, सामूहिक और दीर्घकालिक प्रयास अनिवार्य हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# इस्लामिक देशों का कथित भाईचारा आया सामने






विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मुंबई के मोहम्मद अली रोड पर रमजान की रौनक अपने चरम पर थी। मीनारा मस्जिद के आसपास की गलियों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही थी। इसी हलचल के बीच एक होटल में बैठे कुछ मुस्लिम बुद्धिजीवी, पत्रकार और कारोबारी गहरी चिंता के साथ मुस्लिम देशों के संगठन, इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) की निष्क्रियता पर चर्चा कर रहे थे। उनका सवाल सीधा था, अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद भी ओआईसी की आवाज इतनी धीमी क्यों है?

57 मुस्लिम देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह संगठन अक्सर फिलिस्तीन जैसे मुद्दों पर मुखर रहता है, प्रस्ताव पारित करता है और कड़े बयान जारी करता है, लेकिन जब मामला ईरान जैसा प्रभावशाली और क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन में अहम देश हो, तब उसकी प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत नरम क्यों दिखाई देती है? यह प्रश्न केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि राजनीतिक और कूटनीतिक जटिलताओं से जुड़ा है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कोई नया अध्याय नहीं है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से दोनों देशों के संबंधों में अविश्वास और टकराव बना हुआ है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम, उस पर लगाए गए प्रतिबंधों और पश्चिम एशिया में उसकी बढ़ती भूमिका ने इस तनाव को और गहरा किया है। जब भी हालात बिगड़ते हैं, पूरी दुनिया की निगाहें इस क्षेत्र पर टिक जाती हैं। ऐसे समय में उम्मीद की जाती है कि इस्लामिक देश एकजुट होकर शांति, संवाद और न्याय की वकालत करेंगे। पर व्यवहार में तस्वीर अधिक जटिल दिखती है। ओआईसी का गठन मुस्लिम देशों के बीच सहयोग, एकता और साझा हितों की रक्षा के उद्देश्य से हुआ था। सिद्धांततः यदि किसी सदस्य देश पर संकट आए, तो बाकी देश उसका समर्थन करें और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी आवाज बनें, लेकिन व्यावहारिक राजनीति में यह संगठन अक्सर औपचारिक बयानों तक सीमित रह जाता है। ईरान के मामले में भी कई देशों ने सावधानी भरे वक्तव्य दिए, कुछ ने चुप्पी साध ली और कुछ ने अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी रुख के प्रति सहमति जताई।

> यदि 57 देश सचमुच एक मंच पर संगठित होकर बोलें, तो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में उनका प्रभाव काफी बढ़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर वे एक मजबूत दबाव समूह बन सकते हैं। पर आपसी अविश्वास और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण यह संभावना अक्सर साकार नहीं हो पाती।

इस विभाजन के पीछे सबसे बड़ी वजह मुस्लिम दुनिया के भीतर मौजूद वैचारिक और रणनीतिक मतभेद हैं। पश्चिम एशिया में ईरान और सऊदी अरब के बीच लंबे समय से प्रभाव की प्रतिस्पर्धा रही है। एक ओर शिया नेतृत्व वाला ईरान है, तो दूसरी ओर सुन्नी बहुल खाड़ी देश। यह प्रतिस्पर्धा केवल धार्मिक पहचान तक सीमित नहीं, बल्कि क्षेत्रीय प्रभुत्व, सुरक्षा और राजनीतिक प्रभाव से भी जुड़ी है। परिणामस्वरूप, किसी भी सामूहिक मंच पर सर्वसम्मति बनाना कठिन हो जाता है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण कई मुस्लिम देशों के अमेरिका के साथ गहरे आर्थिक और सुरक्षा संबंध हैं। खाड़ी देशों की सुरक्षा संरचना काफी हद तक अमेरिकी सैन्य सहयोग पर आधारित है। ऊर्जा व्यापार, हथियार सौदे और निवेश संबंध भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में वे खुलकर अमेरिका की आलोचना करने से बचते हैं।

इसके अलावा, कुछ अरब देशों का मानना है कि क्षेत्रीय तनाव के लिए ईरान की नीतियां भी जिम्मेदार रही हैं। यमन, सीरिया और इराक में उसकी सक्रियता को लेकर कई देशों में असंतोष है। इसलिए वे इस टकराव को केवल "मुस्लिम देश बनाम अमेरिका" के रूप में नहीं देखते, बल्कि इसे व्यापक भू-राजनीतिक संघर्ष के रूप में आंकते हैं। यही सोच ओआईसी के भीतर साझा बयानबाज़ी को सीमित कर देती है। ओआईसी की कार्यप्रणाली भी एक बाधा है। संगठन अक्सर सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय प्रक्रिया अपनाता है। जब सदस्य देशों के हित, गठबंधन और प्राथमिकताएं अलग-अलग हों, तब कठोर और स्पष्ट निर्णय लेना कठिन हो जाता है। कई बार तीखे शब्दों वाले प्रस्ताव पारित तो हो जाते हैं, लेकिन उनके अनुपालन या ठोस कूटनीतिक कदमों का अभाव रहता है। इससे संगठन की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं।

दूसरी ओर, आम मुस्लिम समाज की अपेक्षाएं अलग हैं। वे चाहते हैं कि इस्लामिक देश अन्याय या बाहरी हस्तक्षेप के खिलाफ एकजुट स्वर में बोलें। सोशल मीडिया पर भी यह भावना दिखाई देती है कि कम से कम कूटनीतिक स्तर पर मजबूत और स्पष्ट रुख अपनाया जाना चाहिए था, लेकिन सरकारें भावनात्मक आवेगों की बजाय रणनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा गणनाओं के आधार पर निर्णय लेती हैं। इस स्थिति का व्यापक प्रभाव भी है। यदि 57 देश सचमुच एक मंच पर संगठित होकर बोलें, तो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में उनका प्रभाव काफी बढ़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर वे एक मजबूत दबाव समूह बन सकते हैं। पर आपसी अविश्वास और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण यह संभावना अक्सर साकार नहीं हो पाती।

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते टकराव न एक बार फिर इस्लामिक दुनिया की आंतरिक सीमाओं को उजागर किया है। ओआईसी के सामने चुनौती यही है कि वह केवल औपचारिक वक्तव्यों तक सीमित न रहे, बल्कि सदस्य देशों के बीच भरोसा, पारदर्शिता और साझा रणनीति विकसित करे। यदि इस्लामिक देश वैश्विक मंच पर प्रभावशाली भूमिका निभाना चाहते हैं, तो उन्हें अपने मतभेद कम कर व्यापक सामूहिक हितों को प्राथमिकता देनी होगी। अन्यथा हर बड़े संकट में उनकी बंटी हुई प्रतिक्रिया निराशा को ही जन्म देती रहेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने



भाजपा को यह स्वीकार करना चाहिए कि हां, उन्होंने षड्यंत्र किया, उन्होंने छोटापन दिखाया और देश के संस्थानों का गलत इस्तेमाल किया। भाजपा को देश से माफी मांगनी चाहिए कि अब वे आगे ऐसा नहीं करेंगे। भाजपा को फिर से उसी लड़ाई-झगड़े में जाने के बजाय, अब माफी मांगने वाली मुद्रा में जाना चाहिए।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली

## सामने

आप पार्टी को थोड़ी सी भी राजनीतिक जगह मिलती है, वे भाजपा को लेकर देश और इजराइल व अमेरिका तक के मुद्दों के लिए दोषी ठहराते हुए बयानबाजी शुरू कर देते हैं। 11 साल का कार्यकाल शून्य विकास, भ्रष्टाचार, घोटालों व 'शीश महल' से भरा रहा, जबकि भाजपा का एक साल का कार्यकाल विकास से परिपूर्ण रहा है। - वीरेंद्र सचदेवा
भाजपा अध्यक्ष, दिल्ली



# नेपाल चुनावः बालेन को लेकर खौफजदा पुरानी पार्टियां



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

इस बार के चुनाव में नेपाल को कैसी सरकार नसीब होती है, इसके कयास लगाए जाने लगे है। किसी एक दल की पूर्ण बहुमत की सरकार को लेकर सभी के मन में शंका है। भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय का साफ कहना है कि नेपाल के नसीब में किसी एक दल की स्थाई सरकार न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद से यह स्थिति बनी हुई है और यही कारण है कि नेपाल में लोकतंत्र को मजबूती नहीं मिल पा रही है।

इस सबके बीच विकट परिस्थितियों में हो रहे इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के तीन बड़े चेहरों पर लोगों की निगाह टिकी हुई है। नंबर एक पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह हैं। दूसरे पर नेपाली कांग्रेस के गगन थापा और तीसरे नंबर पर एमाले के केपी शर्मा ओली हैं। चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा, बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसें अटकी हुई हैं। सवाल उठता है कि यदि किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला, तो किस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और इसमें कौन-कौन दल शामिल हो सकते हैं? यदि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में नहीं आ पाती तो उसकी भूमिका क्या होगी?

> चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा, बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसें अटकी हुई हैं।

जेन जी आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के नेतृत्व में हो रहे इस चुनाव में सुडान गुरूंग के साथ काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह भी रवि लामी छाने के साथ आ गए। सुडान गुरूंग जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में जाने जाते हैं, वहीं बालेन शाह की पहचान एक रैपर और इंजीनियर की है। उन्होंने निर्दल लड़कर काठमांडू नगर निगम के मेयर पद का चुनाव जीता था। बतौर मेयर उन्होंने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का मानचित्र लगाकर राष्ट्रवादी नेता की छवि धारण करने की कोशिश की थी। जेन जी आंदोलन के बाद जब अंतरिम सरकार के गठन की नौबत आई तो जेन जी का एक धड़ा बालेन को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में था जो फलीभूत नहीं हो सका। अब जब बालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में झापा क्षेत्र संख्या पांच से एमाले अध्यक्ष और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, तो संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनकी चर्चा लाजिमी है।

नेपाल के इस चुनाव का परिणाम वैश्विक स्तर पर भी खास है, क्योंकि पूर्व की परंपरावादी राजनीतिक दलों की हालत बहुत बेहतर नहीं है। पुरानी पार्टी में एक नेपाली कांग्रेस है, जिसके ठीक-ठाक प्रदर्शन की उम्मीद है, लेकिन यह पार्टी भी अब नए नेतृत्व के अधीन है। भारी अंतर्विरोध के बीच वरिष्ठ नेता गगन थापा को नया अध्यक्ष चुना गया है। गगन थापा अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। नेपाली कांग्रेस के भी अकेले दम पर सत्ता में आने की संभावना नहीं है फिर भी इस पार्टी के नए अध्यक्ष के रुख को लेकर चर्चा होती रहती है। हालांकि उन्होंने साफ कहा है कि नेपाल भारत और चीन के मध्य स्थित है इसलिए इसे दोनों देशों से संतुलन बनाकर ही आगे बढ़ना होगा। गगन थापा के इस कथन को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सकारात्मक दृष्टि से देखा गया। भारत और चीन दोनों के लिए गगन थापा का बयान मायने रखता है, लेकिन शेर बहादुर देउबा अथवा कोइराला परिवार के बिना चुनाव मैदान में उतरी नेपाली कांग्रेस का प्रदर्शन इस चुनाव में कैसा होता है, यह देखना जरूरी होगा। 2022 के चुनाव में नेपाली कांग्रेस 89 सीटें जीत कर सबसे बड़े दल के रूप में उभरकर सामने आई थी।

आज जिन परिस्थितियों में यह चुनाव हो रहा है, उसे देख ऐसा नहीं लगता कि नेपाली कांग्रेस 2022 के चुनाव परिणाम को दोहरा पाएगी? और यदि ऐसा हो पाया तो निस्संदेह यह गगन थापा की बड़ी कामयाबी होगी और तब उनकी सरकार की संभावना बढ़ सकती है। नेपाल में मतदान के बहुत कम दिन शेष है। ऐसे में जब सरकार गठन की बात चलती है, तो मध्य नेपाल अर्थात मैदान और पहाड़ के बीच के हिस्से में एमाले की चर्चा भी खूब हो रही है। एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली गठबंधन की ही सही चार बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इस बार राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेन शाह से उनका मुकाबला बेहद कड़ा है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अंदरूनी सर्वे में यह सीट बालेन शाह जीत रहे हैं, लेकिन इस क्षेत्र के लोगों की मानें तो यह इतना आसान भी नहीं है।

2022 में एमाले को 78 सीटों पर जीत मिली थी। वह दूसरा सबसे बड़ा दल था। इसके बाद प्रचंड के नेतृत्व वाली माओवादी केंद्र था, जिसके 32 सदस्य चुने गए थे। 2022 के प्रतिनिधि सभा में रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 20 सीटों के साथ तीसरे नंबर की बड़ी पार्टी थी और सरकार में हिस्सेदारी के तौर पर इस पार्टी को एक उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पद आया था, इन दोनों पदों पर पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने स्वयं काबिज थे। जहां तक प्रधानमंत्री पद का सवाल है, तो यह शेर बहादुर देउबा,ओली और प्रचंड के हिस्से में आता रहा। इस बार बेशक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की धूम है, लेकिन प्रतिनिधि सभा के 165 और उच्च सदन के 110 यानी 275 सीटों में से बहुमत का आंकड़ा जुटा पाना किसी के लिए भी आसान नहीं जान पड़ता। फिर भी चाहे नेपाली कांग्रेस हो, एमाले हो या माओवादी केंद्र, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लेकर खौफजदा तो हैं, इनमें इस बात को लेकर खौफ है कि खुदा न खास्ता राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में आ गई तो उक्त तीनों पार्टियों के ढेर सारे बड़े नेताओं का जेल जाना तय है क्योंकि भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े मामले में उनके हाथ सने हुए हैं। बीच चुनाव खबर यह भी है कि इस खौफ से उबरने के लिए नेपाली कांग्रेस, एमाले और माओवादी केंद्र के अंदरखाने कुछ और ही खिचड़ी पक रही है, जिसका प्रकटीकरण चुनाव परिणाम के बाद ही संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# छोटे फैसले, बड़ा भविष्य

कभी-कभी लगता है समय नदी नहीं, कुम्हार है। हर दिन हमें थोड़ा-थोड़ा घुमाता है, दबाता है, आकार देता है। हम सोचते हैं हम भाग रहे हैं, पर सच यह है कि हम गढ़े जा रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कौन मिट्टी बना रहता है और कौन आकार लेने की हिम्मत करता है। पिछले दिनों में आपने कितनी बार खुद को टाला? और कितनी बार खुद को पकड़ा? यह सवाल किसी और के लिए नहीं है। दुनिया आपकी उपलब्धियों की तालिका देखती है, पर असली कहानी उन क्षणों में लिखी जाती है, जब आपने आसान रास्ता छोड़कर सही रास्ता चुना या कम से कम कोशिश की। जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम बड़े अवसरों का इंतजार करते रहते हैं, जबकि असली बदलाव छोटे फैसलों में छिपा होता है।



मनोज अभिज्ञान
अधिवक्ता

कई लोग कहेंगे कि समय तेज भाग रहा है। सच तो यह है कि समय हमेशा अपनी रफ्तार से चलता है। बेचैनी हमारी है। हम तुलना में उलझे रहते हैं। किसी की नौकरी, किसी की गाड़ी, किसी की लोकप्रियता, लेकिन किसी की शांति? वही सबसे बड़ी पूंजी है। अगर कुछ छूटा है, तो उसे बोझ मत बनाइए। उसे बीज बना दीजिए। हर छूटा हुआ काम संकेत है कि उसमें अब भी संभावना बची है, जो खत्म हो गया, वह सिर्फ एक अध्याय था। किताब अभी बाकी है। जिंदगी स्प्रिंट नहीं, लंबी बातचीत है। खुद से, अपने लोगों व विचारों से। अगर कुछ अधूरा रह गया है, तो वह आपकी अक्षमता का प्रमाण नहीं, यात्रा का संकेत है। अधूरापन ही हमें आगे बढ़ने की वजह देता है। पूरी हो चुकी कहानी में उत्साह नहीं बचता, जो करना है, वह धीरे और लगातार करना है। बड़े पेड़ भी एक दिन में नहीं बढ़ते, पर रोज बढ़ते हैं।

समय किसी के लिए रुकता नहीं, वह हर उस व्यक्ति के साथ चलता है, जो चलने का निर्णय लेता है। सवाल यह नहीं कि कितना समय बीत गया। सवाल यह है कि आपने उसमें कितना जीवन जोड़ा। अब अगला कदम आपका है। घड़ी चल रही है, पर कहानी भी चल रही है। कहानी तब तक जिंदा है, जब तक आप उसे आगे लिखने का साहस रखते हैं। कभी-कभी घड़ी उतारकर मेज पर रख देनी चाहिए, ताकि समय का शोर थोड़ा कम हो सके। स्क्रीन की रोशनी से बाहर भी दुनिया है, जो धीरे-धीरे बुलाती रहती है। लोग जो सन्नाटे की भाषा पढ़ लेते हैं, वे जानते हैं कि अनुपस्थिति भी एक तरह की उपस्थिति होती है, जो लोग 'बिटवीन द लाइंस' पढ़ लेते हैं, वे जानते हैं कि कुछ यात्राएं शोर से दूर तय होती हैं। बाकी सब ठीक है।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# ईरान-अमेरिका टकराव और इतिहास की वापसी

मध्य-पूर्व एक बार फिर इतिहास के सबसे खतरनाक मोड़ पर खड़ा है। सदियों पुरानी सभ्यताओं की यह भूमि पिछले सौ वर्षों से राजनीतिक प्रयोगशाला बनी हुई है, लेकिन फरवरी 2026 के अंतिम सप्ताह की घटनाओं ने क्षेत्र को सीधे वैश्विक युद्ध की दहलीज पर ला खड़ा किया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान के भीतर कई ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए। इस अभियान को "ओपरेशन एपिक फ्यूरी" नाम दिया गया। दावा किया गया कि निशाना परमाणु और मिसाइल संरचनाएं थीं, पर इसके राजनीतिक अर्थ कहीं अधिक गहरे हैं।



जयदेव राठी
अधिवक्ता

इन हमलों में ईरान की सैन्य कमान, मिसाइल साइटों और रणनीतिक प्रतिष्ठानों को लक्ष्य बनाया गया। सबसे विस्फोटक खबर यह रही कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हमले में मृत्यु की पुष्टि की गई। यदि यह तथ्य दीर्घकालिक रूप से प्रमाणित रहता है, तो यह केवल एक सैन्य घटना नहीं बल्कि ईरान की सत्ता संरचना में भूकंपीय बदलाव है। इस्लामी गणतांत्रिक व्यवस्था में सर्वोच्च नेता का पद राजनीतिक ही नहीं, धार्मिक-वैधानिक अधिकार का केंद्र है। ऐसे में नेतृत्व का अचानक शून्य पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकता है। ईरान ने हमलों का तीखा जवाब दिया। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने मिसाइल और ड्रोन हमले कर खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इजराइली लक्ष्यों को निशाना बनाया। बहरीन, कतर, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब में हाई-अलर्ट घोषित किया गया। कई देशों ने अस्थायी रूप से अपना एयरस्पेस बंद कर दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर व्यापक असर पड़ा। दुबई और अबू धाबी जैसे हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द हुईं। यह संकेत है कि यह संघर्ष दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया को प्रभावित करेगा।

ईरान-अमेरिका टकराव केवल परमाणु कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, यह क्षेत्रीय प्रभुत्व की लड़ाई भी है। इजराइल ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को अस्तित्वगत खतरे के रूप में देखता है, वहीं ईरान स्वयं को अमेरिकी सैन्य उपस्थिति और इजराइली नीतियों से घिरा मानता है। लेबनान में हिज्बुल्लाह, गाजा में हमास और सीरिया में विभिन्न मिलिशिया समूहों के माध्यम से वर्षों से छाया-युद्ध चलता रहा है, जो अब प्रत्यक्ष सैन्य भिड़ंत में बदलता दिख रहा है। आर्थिक आयाम भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। खाड़ी क्षेत्र वैश्विक तेल आपूर्ति का केंद्र है। तनाव बढ़ते ही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और शेयर बाजारों में अनिश्चितता का माहौल बना। भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देश सीधे प्रभावित होंगे। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में नौसैनिक तनाव बढ़ता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर गंभीर असर पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तीखी बहस हुई है। यूरोपीय देशों ने संयम की अपील की है, रूस और चीन ने अमेरिकी कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं, जबकि अमेरिका ने इसे "पूर्व-निवारक सुरक्षा कदम" बताया है। प्रश्न यही है- क्या यह कदम शांति लाएगा या नए युद्ध चक्र की शुरुआत करेगा? 2003 के इराक युद्ध का अनुभव चेतावनी देता है कि त्वरित सैन्य कार्रवाई दीर्घकालिक अस्थिरता में बदल सकती है। फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती युद्ध को व्यापक क्षेत्रीय टकराव में बदलने से रोकना है। कूटनीतिक वार्ता और मध्यस्थता ही स्थायी रास्ता प्रतीत होती है। मध्य-पूर्व आज फिर इतिहास की प्रयोगशाला बना है और इस बार इसके परिणाम पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



# फाल्गुनी रामलीला : होली के रंगों में राम भक्ति का अनूठा संगम

जब फाल्गुन की बयार और फिजाओं में अबीर-गुलाल की सुगंध घुलने लगती है, तब बरेली के आंगन में एक अद्भुत दृश्य जीवंत होता है। यहां की हवा में केवल केसरिया रंग नहीं, बल्कि उस साझी तहजीब और अटूट श्रद्धा की खुशबू भी महकती है, जिसे बरेलीवासी "फाल्गुनी रामलीला" के नाम से जानते है। जहां पूरा देश शारदीय नवरात्रि के बाद दशहरे पर रामलीला देखता है, वहीं बरेली के बमनपुरी (ब्रह्मपुरी) में होली के हुड़दंग के बीच मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों को जिया जाता है। यह महज एक रामलीला का मंचन नहीं, बल्कि रुहेलखंड की अस्मिता और पिछले 166 वर्षों से चली आ रही एक ऐसी जीवंत परंपरा है, जिसने अपनी सांस्कृतिक गहराई से यूनेस्को जैसे वैश्विक पटल पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है। बरेली की इस अनूठी परंपरा से रु-ब-रू करा रही – *रतन सिंह गुर्जर की रिपोर्ट...*

## 166 वर्ष पुरानी परंपरा

ब्रह्मपुरी में स्थानीय श्रद्धालुओं ने मिलकर 1860 के आसपास श्रीरामलीला सभा की शुरुआत की। श्रीरामलीला सभा से जुड़े पंकज मिश्रा पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताते हैं कि पूर्वजों ने मिलकर इस परंपरा की नींव रखी। इसके बाद ये आयोजन पूरे शहर के लिए आस्था का प्रतीक बन गया। आयोजन को यहां तक पहुंचाने में पूर्वजों का अपार त्याग भी रहा है। एक दौर वह था, जब उन सबके पास संसाधन शून्य थे, गैस लालटेन की रोशनी में रामलीला मंचन होता था और राम बरात को श्रद्धापूर्वक कंधों पर उठाकर निकाला जाता था। फाल्गुन माह में होने वाला ये आयोजन विश्वभर की रामलीलाओं की सांस्कृतिक धरोधर के रूप में प्रतिनिधित्व करता हैं। रामलीला सभा के उपाध्यक्ष महेश पंडित बताते हैं कि यह रामलीला तुलसीदास की कृति "विनय पत्रिका" से ली गई है। होली पर आयोजित होने वाली रामलीला का इतिहास लगभग 166 वर्ष पुराना है। यह परंपरा ब्रिटिश काल से अनवरत चली आ रही है। फाल्गुन शुक्ल नवमी से शुरू होकर चैत्र कृष्ण त्रयोदशी तक चलने वाला यह आयोजन भक्ति और लोक-संस्कृति का एक ऐसा समागम है, जिसे देखने के लिए समूचा रुहेलखंड उमड़ पड़ता है। इस रामलीला की सबसे बड़ी खूबी और आकर्षण का विषय इसकी लीलाओं का बहु-स्थलीय मंचन है। लीला में अगस्त्य मुनि संवाद छोटी ब्रह्मपुरी के आश्रम में होता है। केवट प्रसंग के लिए साहूकारा की गलियां गवाह बनती हैं। वहीं, मेघनाद यज्ञ ब्रह्मपुरी में और लंका दहन का रोमांचक दृश्य मलूकपुर चौराहे पर जीवंत होता है। अध्यक्ष राजू मिश्रा बताते है कि समय के साथ कुछ बदलाव भी आए हैं। पहले स्थानीय लोग ही इसके पात्र बनते थे, लेकिन अब बाहर से मंझे हुए कलाकारों की मंडलियां बुलाई जाती हैं। इसके बावजूद, रामलीला सभा इसके मूल स्वरूप को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस ऐतिहासिक परंपरा के प्रचार-प्रसार के लिए संस्कृति विभाग को पत्र भी लिखकर अनुरोध कर चुके हैं। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा का कहना है कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है। वे और उनकी समिति लगातार शासन-प्रशासन और संस्कृति विभाग के संपर्क में हैं ताकि इस प्राचीन धरोहर का दस्तावेजीकरण हो सके और आने वाली पीढ़ियां भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहें। रामलीला से जुड़े स्थानीय लोग बताते है कि रामलीला से कई बड़े विद्वान भी जुड़े। वे पंडित रामकिशोर शर्मा जैसे दिग्गजों को याद करते हैं, जिन्होंने हनुमान की भूमिका निभाते हुए लंका दहन के दौरान अपनी पीठ तक झुलसा ली थी, पर अभिनय नहीं छोड़ा। राधेश्याम रामायण के रचयिता पंडित राधेश्याम कथावाचक और शिवनाथ बिस्मिल जैसे बड़े विद्वानों का जुड़ाव इस रामलीला की बौद्धिक और आध्यात्मिक नींव को और मजबूत करता है। ब्रह्मपुरी (बमनपुरी) की यह ऐतिहासिक "फाल्गुनी रामलीला" अपनी प्राचीनता, परंपरा और वैश्विक पहचान के कारण दुनियाभर में अद्वितीय है।





## होली पर राम के जयकारों की गूंज

होली की मस्ती के बीच जब राम-लक्ष्मण और सीता के जयकारे गूंजते हैं, तो यह अहसास होता है कि बमनपुरी फाल्गुनी रामलीला समाज को सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे का संदेश दे रही है। यह आस्था की वह अखंड ज्योति है, जो 166 वर्षों से बुझी नहीं और अपनी चमक से विश्व पटल को आलोकित कर रही है।

## यूनेस्को की वैश्विक धरोहर में शुमार

श्रीरामलीला सभा की रामलीला की महत्ता केवल स्थानीय नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय है। रामलीला सहअध्यक्ष विवेक शर्मा बताते हैं कि इसकी सांस्कृतिक गहराई को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने इसे "विश्व धरोहर" के रूप में मान्यता प्रदान की है। साल 2008 में इसे यूनेस्को की सूची में शामिल किया गया और 2015 में इसे औपचारिक रूप से वैश्विक पहचान मिली। यह बरेली के लिए गौरव की बात है कि यहां की गलियों में होने वाला मंचन मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।

# नकारात्मकता को जलाकर आस्था को जागृत करने का पर्व होली



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

होली का आध्यात्मिक अर्थ रंगों, उत्सवों और समारोहों से कहीं अधिक व्यापक है। हालांकि अधिकांश लोग होली को 'रंगों का त्योहार' मानते हैं, लेकिन इसका गहरा सार आंतरिक शुद्धि, अहंकार का नाश, भक्ति और आध्यात्मिक परिवर्तन में निहित है। होली से मिलने वाले आध्यात्मिक ज्ञान से हमें यह संदेश मिलता है कि जीवन केवल बाहरी उत्सवों के बारे में नहीं है, बल्कि नकारात्मकता को जलाकर, आस्था को जागृत करके और सचेत जीवन को अपनाकर ही संभव है।

## अंतरात्मा की शुद्धि होली का उद्देश्य

हिंदू धर्म में होली का त्योहार केवल ऐतिहासिक ही नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक महत्व भी रखता है। यह अधर्म (होलिका) और धर्म (प्रहलाद) के बीच आंतरिक संघर्ष और धर्म के विजय का प्रतीक है। भगवान नरसिंह अवतार की कथा दैवीय न्याय और ब्रह्मांडीय संतुलन का प्रतीक है। होली का वास्तविक उद्देश्य है अंतरात्मा की शुद्धि। हमें नित्य अपने जीवन में त्याग, संयम और साधना का अभ्यास करना चाहिए, लेकिन होली के दिन एक विशेष भावना के साथ अपने जीवन के अच्छे-बुरे सभी कर्मों को परमात्मा की विवेक रूपी अग्नि में अर्पित करना चाहिए। यह अग्नि हमारे भीतर जल रही आत्मचेतना है, जो हमें देह-बोध से ऊपर उठाकर आत्मबोध की ओर ले जाती है।

## होली का आध्यात्मिक अर्थ

होली का आध्यात्मिक अर्थ है अहंकार पर भक्ति की, बुराई पर अच्छाई की और अंधकार पर प्रकाश की विजय। होलिका दहन और प्रहलाद की कथा के माध्यम से यह त्योहार आंतरिक शुद्धि, क्षमा, भावनात्मक उपचार और आध्यात्मिक परिवर्तन की शिक्षा देता है। आमजन मानस में एक प्रश्न रहता है कि जिस होलिका ने प्रहलाद जैसे प्रभु भक्त को जलाने का प्रयत्न किया, उसका हजारों वर्षों से हम पूजन किसलिए करते हैं? होलिका-पूजन के पीछे एक बात है। जिस दिन होलिका प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठने वाली थी, उस दिन नगर के सभी लोगों ने घर-घर में अग्नि प्रज्वलित कर प्रहलाद की रक्षा करने के लिए अग्निदेव से प्रार्थना की थी। लोकहृदय को प्रहलाद ने कैसे जीत लिया था, यह बात इस घटना में प्रतिबिंबित होती है। अग्निदेव ने लोगों के अंत:करण की प्रार्थना को स्वीकार किया और लोगों की इच्छा के अनुसार ही हुआ। होलिका नष्ट हो गई और अग्नि की कसौटी में से पार उतरा हुआ प्रहलाद नरश्रेष्ठ बन गया। प्रहलाद को बचाने की प्रार्थना के रूप में प्रारंभ हुई घर-घर की अग्नि पूजा ने कालक्रमानुसार सामुदायिक पूजा का रूप लिया और उससे ही गली-गली में होलिका की पूजा प्रारंभ हुई।

## नियम और पूजा विधि

हिंदू शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन भद्रा रहित काल या विशेष स्थिति में पुच्छ काल में पूर्णिमा तिथि के प्रबल होने पर ही किया जाना चाहिए। घर में सुख-शांति और समृद्धि के लिए दहन से पहले होलिका पूजा का विशेष महत्व होता है। होलिका पूजन करते समय अपना मुंह पूर्व या उत्तर की ओर करके बैठे। पूजन की थाली में पूजा समाग्री जैसे: रोली, पुष्प, माला, नारियल, कच्चा सूत, साबूत हल्दी, मूंग, गुलाल और पांच तरह के अनाज, गेहूं की बालियां व एक लोटा जल होना चाहिए। होलिका के चारों ओर सहपरिवार सात परिक्रमा करके कच्चा सूत लपेटना शुभ होता है। इसके पश्चात विधिवत तरीके से पूजन के बाद होलिका को जल का अर्घ्य दें और सूर्यास्त के बाद भद्रा रहित काल में होलिका का दहन करें। होलिका दहन की राख बेहद पवित्र मानी जाती है। इसलिए होलिका दहन के अगले दिन सुबह के समय इस राख को शरीर पर मलने से समस्त रोग और दुखों का नाश किया जा सकता है। होली हमें सिखाती है कि बाहरी रंगों से पहले अंतरात्मा को रंगना जरूरी है और जब अहंकार जलता है और भक्ति जागती है, तभी जीवन में सच्चा उत्सव आता है। यही होली का वास्तविक संदेश है।



# बृज की होली: भक्ति रस का आनंद उत्सव

बृज की होली बृजवासियों के लिए केवल एक पर्व नहीं है, अपितु भक्ति एवं प्रेम का जीवंत उत्सव है। बृज राधा-कृष्ण की एक पावन भूमि है, जहां ठाकुर की बाल लीलाएं, रास एवं प्रेम क्रीड़ा आज भी बृजवासियों के हृदय में धड़कती है। यहां होली रंगों से पहले भावों से खेली जाती है। राधा कृष्ण तो बृज के कण-कण में विराजमान हैं। बृज की होली की सबसे बड़ी विषेशता इसकी विविधता है- यहां रंग और गुलाल केवल उड़ाया ही नहीं जाता, बल्कि प्रेम के विभिन्न स्वरूपों में जिया जाता है। बृज में होली रंगों से नहीं- भावों से खेली जाती है। यहां गुलाल वायुमंडल में नहीं उड़ता अपितु आत्मा पर उतरता है। फागुन की बयार कालिंदी के तट से उठकर राधा के मान एवं कृष्ण की मुस्कान के साथ बहने लगती है। बृज की होली रंगों का नहीं रस का पर्व है।



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

**चालीस दिन का होलिकोत्सव**- बृज का होली उत्सव वसंत पंचमी से प्रारंभ होकर रंग पंचमी तक लगभग 40 दिन तक चलता है। सारे भारत में बृज की होली अद्वितीय होती है-"सब जग होरी, जा बृज होरी" बृज के मंदिरों में वसंत पंचमी से ही फाग गायन प्रारंभ हो जाता है-'आज बिरज में होरी रे रसिया, होरी रे रसिया, बरजोरी रे रसिया घर-घर से आई बृज के नारी कोई श्यामल, कोई गोरी रे रसिया'। बृज की होली में मुख्यतया- बरसाना की लट्ठमार होली, वृंदावन की फूलों की होली, गोकुल की छड़ीमार होली और दाऊजी का कपड़ा फार होरंगा प्रसिद्ध है। परंतु भक्तों में विशेष चाव तो बरसाने की होली का ही होता है। बरसाने की होली के बिना तो बृज की होली का चित्रण अधूरा और रसहीन है। बरसाने की होली एक सप्ताह पूर्व अष्टमी से प्रारंभ हो जाती है। सारे भारत से राधा रानी के भक्त अष्टमी से जुटने शुरू हो जाते हैं। फागुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी को राधारानी के महल में लड्डू होली होती है। परंपरा के अनुसार राधारानी के पिता वृषभान जी ने बरसाने से नंदगांव नंद बाबा को खेलने का निमंत्रण भेजा, जो बाबा ने स्वीकार कर लिया और इसकी सूचना अपने पुरोहित को बरसाने भेजकर दी कि कृष्ण ग्वाल बालों सहित बरसाने होली खेलने आएंगे। इस सुखद समाचार से बरसाने में खुशी की लहर दौड़ गई और बरसाने वालो ने पुरोहित जी को थाल भरकर लड्डू खिलाए। प्रेम की अधिकता में गोपियों ने पुरोहित जी पर लड्डू फेंकने प्रारंभ कर दिए। पुरोहित जी ने भी उनके साथ लड्डूओं की होली खेली। इसी परंपरा को आज भी निभाते हुए भारी मात्रा में लड्डू मंगाए जाते हैं और श्रद्धालु इन लड्डूओं को प्रसाद के रूप में लूटते हैं- बरसाने के लोग पंडा नृत्य करते हुए उत्सव मनाते हैं और नवमी की होली की तैयारी करते हैं।



## श्रीबांके बिहारी की होली

वृंदावन की होली-अर्थात श्रीबांके बिहारी की होली। यद्यपि होली उत्सव तो वसंत पंचमी से शुरू हो जाता है। बांके बिहारी सहित सप्त देवालयों में ठाकुर को गुलाल अर्पण किया जाता है। परंतु बांके बिहारी की प्रसिद्ध फूलों की होली फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी आमल की एकादशी से प्रारंभ होती है। इसे रंगभरी एकादशी कहते हैं। वाराणसी में बाबा विश्वनाथ की होली भी इसी दिन प्रारंभ होती है। वृंदावन में होली का असली रंग एकादशी के बाद ही चढ़ना शुरू होता है। वृंदावन में जब गुलाल उड़ता है, तो उसका रंग आंखों में नहीं अपितु हृदय में भरता है। प्रत्येक आए हुए श्रद्धालु का मन करता है कि कोई बृजवासी उस पर रंग डाल दे। बांके बिहारी मंदिर में टेसू के फूलों से बने रंग से जो भीग जाता है- वह अपना जन्म सफल समझता है। यहां प्रेम ही सबसे गहरा रंग है। यहां राधे-राधे के उच्चारण से मन का मैल धुलता है और अहंकार गल जाता है। वृंदावन की गलियों में साधु, गृहस्थ और विदेशी भक्त भी एक साथ रंग में भीगते हैं।

## छड़ीमार होली

गोकुल की छड़ीमार होली में बाल कृष्ण के भाव में लाठियों की जगह छोटी छड़ियों का प्रयोग होता है। बृज की होली उत्सवों में दाऊजी का होरंगा भी प्रसिद्ध है, जिसे देखने दूर-दूर से भक्त आते हैं। बृज की होली में 'समाज गायन' एक अत्यंत प्राचीन शास्त्रीय और अनुशासित परंपरा है। समाज गायन बृज की होली की आत्मा है। यह एक संगीतमय आध्यात्मिक गोष्ठी है, जिसमें सभी आमने-सामने बैठकर राधा-कृष्ण की लीलाओं का गायन करते हैं। समाज गायन पूरी तौर पर शास्त्रीय रागों पर आधारीत होता है। इसमें मुख्य गायक पद की एक पंक्ति गाता है और पूरा समूह उसे उच्च स्वर में दोहराता है। समाज गायन के पदों की रचना मध्यकालिन संत कवियों- सूरदास, कुंभनदास, श्री भट्ट और हरिवंश महाप्रभु द्वारा की गई। समाज गायन मुख्यतया नंदगांव और बरसाने में होली और राधाष्टमी के अवसर पर किया जाता है। समाज गायन का एक प्रसिद्ध अंश- "खेलन आए हैं होरी कुंवर कन्हाई। वृषभान की पौरी पे, मच रही आज धमा चैकड़ी आई।।"

बृज की होली हमें संदेश देती है कि प्रेम में कोई भेदभाव नहीं कोई ऊंच-नीच नहीं। न स्त्री पुरुष और न ही भक्त-भगवंत का अंतर। होली पर भगवान स्वयं भक्त बन जाते हैं। यहां भक्त स्वयं को गोपी या सखा मानकर ईश्वर के साथ एकाकार होने का प्रयास करता है- सारा भेदभाव मिट जाता है और चहुं ओर केवल राधे-राधे की गूंज सुनाई पड़ती है। बृज की होली और फाग भारतीय संस्कृति की एक अनमोल धरोहर है, जो हमें प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है।

**पौराणिक कथा**

## धर्म और भक्ति की जीत



प्राचीन काल में हिरण्यकशिपु नामक असुर राजा था। उसने कठोर तपस्या कर वरदान प्राप्त किया कि वह न दिन में मरेगा, न रात में, न घर के भीतर, न बाहर, न किसी मनुष्य से, न पशु से और न किसी अस्त्र-शस्त्र से। इस वरदान के बल पर वह अहंकारी हो गया और स्वयं को ही ईश्वर मानने लगा। उसने अपने राज्य में विष्णु-भक्ति पर प्रतिबंध लगा दिया और प्रजा को भयभीत कर दिया। उसका पुत्र प्रह्लाद बचपन से ही भगवान विष्णु का परम भक्त था। गुरुकुल में भी वह अपने साथियों को भक्ति, करुणा और सत्य का पाठ पढ़ाता था। पिता के अनेक समझाने, डांटने और दंड देने पर भी प्रह्लाद की भक्ति अटल रही। क्रोधित होकर हिरण्यकशिपु ने उसे अनेक यातनाएं दीं। कभी ऊंचे पर्वत से गिरवाया, कभी विषैले सर्पों के बीच डलवाया, कभी विष पिलाया, तो कभी हाथियों से कुचलवाने का प्रयास किया। परंतु हर बार विष्णु-कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गया और उसका विश्वास और दृढ़ होता गया। अंतत: हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका को बुलाया, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था। योजना बनी कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठेगी, जिससे प्रह्लाद जल जाएगा। अग्नि प्रज्वलित हुई। होलिका प्रह्लाद को लेकर अग्नि में बैठ गई, परंतु ईश्वर की कृपा से वरदान निष्फल हो गया। होलिका जलकर भस्म हो गई और प्रह्लाद सुरक्षित बाहर निकल आया।

इस घटना के बाद लोगों के मन में विश्वास जगा कि सच्ची भक्ति की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं। तभी से बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक रूप में होलिका दहन की परंपरा प्रचलित हुई। इस घटना से क्रुद्ध होकर हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद से पूछा-"तेरा विष्णु कहां है?" प्रह्लाद ने निडर होकर उत्तर दिया- "वे कण-कण में विद्यमान हैं।" यह सुनकर उसने महल के एक स्तंभ पर प्रहार किया। उसी क्षण स्तंभ से भगवान नरसिंह प्रकट हुए न आधे मनुष्य, न पूर्ण पशु। संध्या समय, महल की दहलीज पर, अपने नखों से हिरण्यकशिपु का वध किया, इस प्रकार वरदान की सभी शर्तें भंग हो गईं। प्रह्लाद को राज्य का उत्तराधिकारी बनाया गया। उसने न्याय, धर्म और दया के मार्ग पर चलकर प्रजा का कल्याण किया। यह कथा अटूट आस्था, धैर्य और सत्य की विजय का संदेश देती है। चाहे अत्याचार कितना ही प्रबल क्यों न हो, अंतत: धर्म और भक्ति की ही जीत होती है।

# पत्नी या पति हो रहे हैं चिड़चिड़े, ये है गंभीर खतरे की निशानी

क्या आपकी पत्नी या पति तनाव, एंग्जायटी और मूड स्विंग्स से परेशान हैं? वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की दिशाओं और ऊर्जा प्रवाह में दोष होने से पारिवारिक सदस्यों में मानसिक अशांति पैदा हो सकती है। इस लेख में हम वास्तु दोषों के कारणों और सरल उपायों पर चर्चा करेंगे, ताकि आप सुखी वैवाहिक जीवन प्राप्त कर सकें।



आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ




## वास्तु दोषों के प्रमुख कारण

वास्तु शास्त्र कहता है कि घर उत्तर-पूर्व दिशा चंद्रमा से प्रभावित होती है, जो मन और भावनाओं का कारक है। अगर इस दिशा में शौचालय, जूते या कचरा रखा हो, तो चंद्रमा कमजोर हो जाता है, जिससे तनाव, एंग्जायटी और मूड स्विंग्स बढ़ते हैं। पति-पत्नी के बीच अनावश्यक झगड़े भी इसी से उत्पन्न होते हैं। दक्षिण-पश्चिम दिशा पृथ्वी तत्व की है, जो स्थिरता देती है, यहां रसोई या पानी की टंकी होने से भावनात्मक अस्थिरता आती है। बेडरूम में दर्पण बिस्तर के सामने होना या सिर दक्षिण की ओर रखकर सोना भी वास्तु दोष पैदा करता है। इससे नकारात्मक ऊर्जा प्रतिबिंबित होकर रिश्तों में तनाव बढ़ाता है। इसके अलावा, घर के केंद्र (ब्रह्मस्थान) में भारी सामान या अव्यवस्था से मानसिक दबाव बढ़ता है। महिलाओं में मूड स्विंग्स का एक कारण पूर्व दिशा में अवरोध भी है, जो सूर्य ऊर्जा को रोकता है।

## तत्काल राहत के लिए उपाय

- सबसे पहले उत्तर-पूर्व को साफ करें। यहां शिवलिंग या चंद्र यंत्र स्थापित करें। रोज चांदी के लोटे में पानी भरकर रखें और सुबह सूर्य को अर्घ्य दें। इससे चंद्रमा मजबूत होगा और मूड स्विंग्स कम होंगे। श्री यंत्र को ब्रह्मस्थान में रखें, जो नकारात्मक ऊर्जा को सोख लेगा।
- बेडरूम में दर्पण को रात में ढक दें या पूर्व की दीवार पर लगाएं। सिर पूर्व या उत्तर की ओर रखकर सोएं। बिस्तर के नीचे कुछ न रखें। रोज ताजे फूल, जैसे गुलाब या चमेली, रखें और लैवेंडर खुशबू का उपयोग करें। इससे सकारात्मक वायु प्रवाह होगा।

## दिशा अनुसार विस्तृत सुधार

**उत्तर-पूर्व (ईशान कोण):** पूजा घर बनाएं। क्रिस्टल या स्फटिक बॉल रखें। अगर वहां शौचालय हो, तो वास्तु यंत्र और नमक का पिरामिड रखें। इससे एंग्जायटी 70 प्रतिशत कम हो सकती है।

**दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य):** भारी अलमारी या तिजोरी रखें। यहां लाल बल्ब जलाएं। पत्नी इसी दिशा में आकर मेकअप यानी श्रृंगार करें। उनकी ड्रेसिंग टेबल इसी दिशा में होनी चाहिए।

**दक्षिण-पूर्व (आग्नेय):** रसोई सही जगह पर हो। अगर नहीं, तो तुलसी यंत्र लगाएं और पति का अध्ययन कक्ष पूर्व में रखें।

**उत्तर-पश्चिम (वायव्य):** अतिथि कक्ष या बच्चों का कमरा। यहां हवा का प्रवाह रखें। बंद खिड़की दोष पैदा करती है।

किचन में गैस दक्षिण-पूर्व कोने में हो और फ्रिज उत्तर-पश्चिम में होनी चाहिए। ये छोटे बदलाव तनाव को जड़ से खत्म करेंगे।

## दैनिक वास्तु टिप्स

सुबह उठकर घर की प्रदक्षिणा करें। कोने साफ रखें। ध्यान पूर्व दिशा में करें। पति-पत्नी संयुक्त रूप से तुलसी पूजा करें। नींद से पहले गहरी सांस लें। इनसे कोर्टिसोल हार्मोन संतुलित होगा।

**दीर्घकालिक लाभ और सावधानियां**

वास्तु सुधार से 21 दिनों में बदलाव दिखेगा। पारिवारिक सुख बढ़ेगा, व्यापार में स्थिरता आएगी।

**सावधानी:** प्लास्टिक सामान कम करें, लकड़ी का उपयोग बढ़ाएं। अगर घर किराए का हो, तो पिरामिड यंत्र हर कमरे में लगाएं और अगर संभव हो, तो किसी विशेषज्ञ से व्यक्तिगत वास्तु पत्रिका बनवाएं। इन उपायों से न केवल तनाव दूर होगा, बल्कि वैवाहिक जीवन आनंदमय बनेगा। वास्तु शास्त्र प्रकृति के साथ सामंजस्य सिखाता है।

## पति-पत्नी पर विशेष प्रभाव

विवाहित जोड़ों में ये दोष पत्नी को अधिक प्रभावित करते हैं, क्योंकि वह घर का मुख्य संचालन करती हैं। उत्तर दिशा में किचन या बाथरूम होने से पति में चिड़चिड़ापन आता है, जो व्यापार या नौकरी में भी असर डालता है। वास्तु विशेषज्ञों के अनुसार, चंद्रमा की कमजोरी से भावनाओं का नियंत्रण नहीं रहता, जिससे छोटी बातों पर कलह होता है। वर्तमान ग्रह गोचर में शनि का प्रभाव भी इन दोषों को बढ़ा रहा है, इसलिए तत्काल सुधार जरूरी है। मानसिक तनाव से नींद की कमी होती है, जो एंग्जायटी को दोगुना कर देती है। अगर बेडरूम दक्षिण-पूर्व में हो, तो आग तत्व असंतुलित होकर गुस्सा बढ़ाता है। ऐसे में पार्टनर एक-दूसरे को समझ नहीं पाते।

## बिजनेस ब्रीफ

### कॉफी डे एंटरप्राइजेज पर 38 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने वित्तीय लेखाजोखा (अकाउंटिंग) और प्रकटीकरण नियमों का उल्लंघन करने के लिए कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड और उसके अधिकारियों पर कुल 38 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सेबी के आदेश के अनुसार, कंपनी ने अपने तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम तैयार करने में निर्धारित भारतीय लेखा मानकों का पालन नहीं किया। इसके अलावा, कंपनी कानून 2013 के तहत तय मानकों से विचलन के कारणों का खुलासा न करने को भी गंभीरता से लिया गया है।

### फरवरी में रिकॉर्ड 4.25 लाख यात्री वाहन बिक्री

**नई दिल्ली :** भारत में घरेलू यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री फरवरी में एक साल पहले के मुकाबले 11.4 प्रतिशत बढ़कर लगभग 4,25,000 वाहन हो गई। एसयूवी यानी स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल्स की मांग और पिछले साल सितंबर में जीएसटी दरों में बदलाव से वाहनों की बिक्री में तेजी आयी है। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड ने लगभग 1,61,000 वाहनों के साथ गाड़ियों की थोक बिक्री में सालाना आधार पर मामूली वृद्धि दर्ज की, क्योंकि उसने ग्राहकों की प्रतीक्षा अवधि को नियंत्रित रखने के लिए मॉडलों के उत्पादन को संतुलित किया।

# कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज की दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार

## ईपीएफओ के इस फैसले से देश के करीब 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों को सीधा लाभ मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को भविष्य निधि जमा पर 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब ब्याज दर को इस स्तर पर रखा गया है। पिछले वर्ष फरवरी में, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को बरकरार रखा था। ईपीएफओ के इस फैसले से देश के करीब 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों को सीधा लाभ मिलेगा। आप अपने पीएफ बैलेंस और ब्याज की स्थिति EPFO Unified Portal पर देख सकते हैं।

ईपीएफओ ने 2024 में ब्याज दर को बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था, जो 2022-23 में 8.15 प्रतिशत थी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में सोमवार को केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने अपनी बैठक में 2025-26 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.25 प्रतिशत का ब्याज देने की सिफारिश की है। ईपीएफओ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय सीबीटी की सिफारिश पर वित्त मंत्रालय मंजूरी देगा। सरकार द्वारा ब्याज दर आधिकारिक रूप से अधिसूचित करने के बाद ईपीएफओ अंशधारकों के खातों में ब्याज जमा करेगा। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, ईपीएफओ ने मजबूत वित्तीय अनुशासन बनाए रखा है। इससे ब्याज खाते पर दबाव डाले बिना स्थिर और प्रतिस्पर्धी रिटर्न सुनिश्चित किया जा रहा है।

सीबीटी ने आयकर विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त उन ट्रस्ट के मामले में संबंधित अनुपालन मुद्दों को हल करने के लिए एकमुश्त माफी योजना को भी मंजूरी दी है, जो अभी तक कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अंतर्गत नहीं आते हैं या जिन्हें छूट नहीं दी गई है। इसमें वित्त अधिनियम, 2026 के प्रावधानों को भी ध्यान में रखा गया है। प्रस्तावित योजना का उद्देश्य प्रतिष्ठानों और न्यासों को एक निर्धारित छह महीने की अवधि के भीतर अनुपालन के दायरे में लाना है। निष्क्रिय खातों के निपटान के लिए, बोर्ड ने 1,000 रुपये या उससे कम की राशि वाले निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में दावा निपटान की स्वतः शुरुआत के लिए एक पायलट परियोजना को मंजूरी दी। पायलट परियोजना की सफलता के आधार पर, इस सुविधा को बाद के चरणों में 1,000 रुपये से अधिक की राशि वाले खातों तक बढ़ाया जाएगा, जिससे ईपीएफओ में सदस्य-केंद्रित सुधारों को और मजबूती मिलेगी।

बोर्ड ने एक पारदर्शी और समयबद्ध ढांचे को संस्थागत रूप देने के लिए एक व्यापक मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी।

- ईपीएफओ ने निष्क्रिय खातों के निपटान के लिए नई पहल को मंजूरी दी




- पीएफ बैलेंस और ब्याज की स्थिति EPFO Unified Portal पर देख सकते हैं

- 1,000 रुपये या उससे कम राशि वाले निष्क्रिय खातों में स्वत: दावा निपटान को पायलट प्रोजेक्ट शुरू

### पैसे कैसे वापस मिलेंगे?

जिन लोगों के EPF खाते आधार से जुड़े हुए हैं और बैंक खाते भी लिंक हैं, उनके खाते में पैसे सीधे ट्रांसफर हो जाएंगे। कोई क्लेम फॉर्म भरने या कागजात जमा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर खाता धारक का निधन हो चुका है, तो रजिस्टर्ड नॉमिनी या कानूनी वारिस को रकम मिलेगी।

### क्या होते हैं निष्क्रिय खाते

ईपीएफ खाता तब निष्क्रिय माना जाता है जब उसमें 36 महीने से ज्यादा समय तक न तो कर्मचारी की तरफ से और न ही कंपनी की तरफ से कोई योगदान आता है। ज्यादातर ऐसे खाते नौकरी बदलने वाले लोगों, रिटायर हो चुके लोगों या जिन्होंने पुराने खाते भूल गए हैं, उनमें होते हैं। कुल मिलाकर देश में 31.86 लाख निष्क्रिय ईपीएफ खाते हैं, जिनमें कुल 10,903 करोड़ रुपये जमा हैं। अभी यह अभियान छोटी रकम वाले खातों से शुरू किया जा रहा है।

### सीधे आपके बैंक अकाउंट में आएगा निष्क्रिय पीएफ खातों का पैसा

नई दिल्ली। देश में सात लाख से ज्यादा ऐसे खाते हैं जहां हर खाते में 1,000 रुपये या उससे कम रकम बची हुई है। इन सबमें कुल 30.52 करोड़ रुपये पड़े हैं, जिन्हें अब सदस्यों या उनके वारिसों को लौटाया जाएगा।

# कच्चा तेल 9% महंगा, पर पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने के आसार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



पश्चिम एशिया में ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 9 प्रतिशत का जोरदार उछाल आया है। इसके बावजूद, भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि देश में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में निकट भविष्य में बढ़ोतरी की संभावना नहीं है।

**ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर के करीब :** सैन्य संकट गहराने के बाद वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गया है। वहीं, अमेरिकी कच्चा तेल (WTI) 8.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72.79 डॉलर पर आ गया है, जो शुक्रवार को करीब 67 डॉलर प्रति बैरल था।

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात करता है, ऐसे में वैश्विक कीमतों में वृद्धि से आयात बिल और महंगाई का दबाव बढ़ना तय है।

### क्यों नहीं बढ़ेंगे दाम?

सूत्रों के अनुसार, सरकारी तेल कंपनियां–IOC, BPCL और HPCL–एक सुविचारित नीति के तहत काम कर रही हैं। जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें कम होती हैं, तो ये कंपनियां अपना मार्जिन (मुनाफा) बढ़ा लेती हैं, और जब कीमतें बढ़ती हैं, तो उस मुनाफे का उपयोग उपभोक्ताओं को राहत देने और कीमतों को स्थिर रखने में किया जाता है।

**स्थिरता :** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अप्रैल 2022 से मोटे तौर पर स्थिर बनी हुई हैं।

**रणनीति :** सरकार की मंशा फिलहाल वैश्विक अस्थिरता का बोझ आम आदमी पर न डालने की है, भले ही तेल कंपनियों को अल्पकालिक घाटा उठाना पड़े।



# दूसरे देशों में फंसे भारतीयों की मदद के लिए कदम उठाएं संबंधित विभाग

## सीसीएस ने की पश्चिम एशिया के हालात की समीक्षा, भारतीयों की सुरक्षा पर जताई चिंता

• पश्चिम एशिया विवाद का संवाद और कूटनीति से हल पर जोर



नई दिल्ली, एजेंसी

सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति की समीक्षा की और क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। सीसीएस ने सभी संबंधित विभागों को दिशा निर्देश भी दिए हैं कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए हर संभव आवश्यक कदम उठाएं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार रात हुई बैठक में सीसीएस ने संघर्ष की स्थिति को शीघ्र समाप्त करने और संवाद एवं कूटनीति के जरिए मामले का हल निकालने के महत्व पर भी जोर दिया। सीसीएस देश के सुरक्षा संबंधी और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सीसीएस ने पश्चिम एशिया में उत्पन्न हो रही स्थिति की समीक्षा करने के लिए बैठक की और उसे ईरान में हुए हवाई हमलों और उसके बाद कई खाड़ी देशों में हुए हमलों सहित बढ़ते तनाव के बारे में जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि उसने क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सीसीएस ने पश्चिम एशिया से होकर गुजरने वाले भारतीय यात्रियों और निर्धारित परीक्षाओं में शामिल हो रहे छात्रों की कठिनाइयों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों की भी समीक्षा की।

### अपने नागरिकों के संपर्क में हैं भारतीय दूतावास

ईरान में लगभग 10,000 भारतीय नागरिक रहते, पढ़ते और काम करते हैं, जबकि इजराइल में 40,000 से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं। खाड़ी देशों और पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की संख्या लगभग 90 लाख है। वर्तमान में पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र लगभग बंद है। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने के कारण उड़ान सेवाएं बाधित होने से सैकड़ों भारतीय दुबई, दोहा और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं, जिनमें से कई लोग सहायता के लिए सोशल मीडिया पर भारत सरकार से अपील कर रहे हैं। भारत ने अतीत में संघर्षों के बीच पश्चिम एशिया सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों से हजारों भारतीयों को सफलतापूर्वक निकाला है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरे क्षेत्र में भारतीय दूतावास अपने नागरिकों के साथ लगातार संपर्क में है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### विवाद में किया फायर दो लोग घायल

श्रावस्ती, अमृत विचार : भयापुरवा गांव निकट भिनगा की ओर से जा रहे बाइक सवारों पर कार सवारों ने जमीनी रंजिश के कारण सोमवार को फायर कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है सिरसिया क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर निवासी सुनील दत्त त्रिपाठी (35) ने बताया कि वह बाइक से भिनगा एसपी से मिलने आए थे, लेकिन वकील के न मिलने से वह एसपी से बिना मिले ही वापस घर जा रहे थे। उनके साथ गांव के ही अर्जुन गिरी (40) भी बाइक पर सवार थे। भिनगा-लक्ष्मणपुर मार्ग पर भयापुरवा गांव के निकट कार सवार विपक्षियों ने उनके बाइक के सामने अपनी कार खड़ी कर दी। इसके बाद आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायर कर दोनों बाइक सवारों को घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। भिनगा पुलिस ने घायलों को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया। चिकित्सक ने बताया कि सुनील के हाथ में तथा अर्जुन के पैर में गोलियां लगी हैं।

## वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

जगदीशपुर। अमेठी। खेत से काम कर वापस घर जा रहे साइकिल सवार की अज्ञात वाहन की भिड़ंत हो जाने से साइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगो ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पर भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली अयोध्या रोड स्थित एक निजी नर्सरी के निकट बीती रात्रि लगभग करीब दस बजे खेत से साइकिल पर सवार होकर सरेसर निवासी बद्री सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष घर जा रहे थे कि अज्ञात वाहन की चपेट मे आकर गम्भीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोग जब तक कुछ समझ पाते कि वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो जाने मे सफल रहा घायल बद्री सिंह को इलाज के लिए अस्पताल पर भर्ती कराने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया इस सम्बन्ध मे कोतवाल धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर वाहन की तलाश जारी है।

## सीमा पर बाड़ लगाने को जमीन देगी बंगाल सरकार

कोलकाता, एजेंसी

• बाड़ लगाने के साथ सीमा पर चौकियां बनाएगा बीएसएफ



पश्चिम बंगाल सरकार ने सीमा पर बाड़ लगाने और चौकियां बनाने के लिए केंद्र को लगभग 105 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि लगभग 17 किलोमीटर की बाड़ लगाने और सीमा चौकियां) स्थापित करने के लिए यह जमीन सीमा सुरक्षा बल को हस्तांतरित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से संबंधित प्रस्तावों की जांच के लिए गठित मंत्रिस्तरीय समूह ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय नबान्न में बैठक की और सैद्धांतिक रूप से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। हालांकि, अंतिम मंजूरी राज्य मंत्रिमंडल द्वारा दी जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीमा पर बाड़ लगाने और सीमा चौकियां बनाने के लिए बीएसएफ को जमीन सौंपने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। अब इसे अंतिम मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार सीमा के 17 किलोमीटर लंबे हिस्से पर बाड़ लगाने की योजना बना रही है और इसके लिए उसने राज्य सरकार से जमीन मांगी है। बीएसएफ को भी इस क्षेत्र में नौ सीमा चौकियों के निर्माण के लिए जमीन की जरूरत है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इससे पहले केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से संबंधित प्रस्तावों की जांच के लिए एक विशेष मंत्रिस्तरीय समूह को नियुक्त किया था।

## न्यू टारगेट एकेडमी में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

सिंहपुर (अमेठी)। विगत 16 वर्षों से कार्यदायी सोसाइटी "ग्रामीण शैक्षिक उत्थान समिति" (रजि0) द्वारा क्षेत्र की शैक्षिक प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तिलोई में न्यू टारगेट एकेडमी आधुनिक शिक्षा और सुविधाओं युक्त डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार मे राज्यमंत्री मयंकेश्वर के सुपुत्र मृगांकेश्वर शरण द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि मृगांकेश्वर ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी आधुनिक शिक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में तकनीकी शिक्षा का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में तिलोई जैसे क्षेत्र में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना युवाओं के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।



उद्घाटन करते अतिथि।


**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम **Union Bank of India** A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय - ग्राउण्ड फ्लोर 436 अतरदीप काम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या, उ.प्र.-224001

**कब्जा सूचना (नियम 8(1) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु**

जहाँ कि, अधोहस्ताक्षरीने, जो कि प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया उत्तर प्रदेश के प्राधिकृत अधिकारी है तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (अधिनियम सं. 2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणकर्ता/जमानतकर्ता के खाते के सामने उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की माँग सूचना जारी किया था। जिसमें कि उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस सूचना में वर्णित राशि को चुकाने में असमर्थ रहा है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता जमानतकर्ता एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों पर इस दिन (नीचे दिये गये ब्यौरे के अनुसार) कब्जा कर लिया है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस को विशेषतः और जनता को साधारणतः सूचित किया जाता है, कि इस सम्पत्ति से कोई सरोकार न रखे तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार करने पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के नियमानुसार उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करने को बाध्य होगा। ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है। कब्जे में लिए गए सम्पत्ति का विवरण निम्न है–

| ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/बंधककर्ता का नाम एवं पता | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / 13 (2) के नोटिस के अनुसार कुल बकाया धनराशि |
|---|---|---|
| **शाखा - देवा शरीफ, जिला बाराबंकी** | | |
| उधारकर्ता : श्री मनोज कुमार पुत्र स्व. श्याम लाल, (प्रो. मेसर्स मनोज रेडीमेड) निवासी अस्ताना रोड, देवा शरीफ, बाराबंकी–225301 जमानतकर्ता व बन्धककर्ता व उसके कानूनी वारिस : श्रीमती तारावती पत्नी स्व श्याम लाल, श्री प्रेम प्रकाश पुत्र स्व. श्याम लाल, श्री विनोद कुमार पुत्र स्व श्याम लाल, श्रीमती संतोष कुमारी पुत्री स्व. श्याम लाल, श्रीमती ज्योति भारती पत्नी मनोज कुमार, श्री कृष भारती पुत्र मनोज कुमार, श्री रुद्र भारती पुत्र मनोज कुमार, निवासी ग्राम मामापुर देवा देहात, पोस्ट देवा शरीफ, बाराबंकी, उ.प्र. 225301 | अचल संपत्ति का विवरण– 3 दुकानों वाला एक मंजिला आवासीय भवन, खसरा नंबर 1397 पर मकान, क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट, ग्राम देवा (शहर के बाहर का क्षेत्र), पोस्ट देवा शरीफ, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, 225301 जोकि श्याम लाल पुत्र छोटे लाल के नाम पर है। चौहद्दी (साइट/असल के अनुसार): उत्तर– रमेश का घर, दक्षिण–घुरू का घर, पूर्व– बाराबंकी से देवा रोड, पश्चिम– खसरा नंबर 1397 की बची हुई ज़मीन | 31.10.2025 / 27.02.2026 / ₹ 13,88,684.84 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - इस्माईल नगर, जिला अयोध्या** | | |
| उधारकर्ता व बन्धककर्ता–मेसर्स माँ ज्वाला ब्रिक फील्ड, (प्रो. श्री सत्यनाम सिंह, (मालिक मेसर्स माँ ज्वाला ब्रिक फील्ड) पत्नी बम बहादुर सिंह, निवासी ग्राम–संजयगंज अर्थर, तहसील सोहावल जिला फैजाबाद, उ.प्र. 224001 जमानतकर्ता व सहबंधककर्ता: श्रीमती मीना सिंह पत्नी सत्यनाम सिंह, निवासी ग्रा. व पो. खिरतौनी, तहसील सोहावल, जिला फैजाबाद, उ.प्र. 224001 | संपत्ति 1 अचल संपत्ति का विवरण–प्लॉट संख्या 1935 केए, ग्राम खिरौनी, परगना मगलसी, तहसील सोहावल, जिला– फैजाबाद, उ.प्र 224001 डीड का विवरण–770/01 दिनांक 15.06.2001 बही संख्या 1 जिल्द सं 126 पेज 391/426N में एसआरओ सोहावल में पंजीकृत चौहद्दी (संपत्ति स्थल/वास्तविक के अनुसार): उत्तर– सुचित्तागंज रोड फिर नहर, दक्षिण–श्री अजय सिंह और श्रीमती सरोज | 03.04.2019 / 27.02.2026 / ₹ 18,19,708.50 + ब्याज व अन्य खर्चे |

जायसवाल की जमीन, पूर्व– राजा राम जायसवाल का मकान, पश्चिम –श्रीमती सरोज जायसवाल का हाता। संपत्ति 2–प्लॉट संख्या 1883, ग्राम खिरौनी, परगना मगलसी, तह. सोहावल, जिला– फैजाबाद, उ.प्र 224001 डीड की डिटेल्सः सेल डीड नंबर 918/2001 तारीख 17.07.2001 SRO सोहावल में रजिस्टर्ड चौहद्दी (संपत्ति स्थल/वास्तविक के अनुसार): उत्तर– रामनिहोर का प्लॉट, दक्षिण – अखिलेश कुमार जायसवाल का मकान व श्रीमती कामिनी देवी की जमीन, पूर्व–दूसरों की ज़मीन, पश्चिम–सुचितागंज से संजयगंज रोड प्रॉपर्टी 3 प्लॉट नं. 607, ग्रा. खिरौनी, परगना मगलसी, तह. सोहावल, ज़िला–फैज़ाबाद 224001 डीड की डिटेल्सः सेल डीड नं. 71/08 तारीख 13.01.2008 SRO सोहावल में रजिस्टर्ड चौहद्दी (प्रॉपर्टी साइट/असल के हिसाब से) : उत्तर–रामनिहोर का बाग, दक्षिण–ओपन लेन व तालाब, पश्चिम– सुचितागंज से संजयगंज रोड फिर अखिलेश कुमार जायसवाल का घर, पूर्व–जवाहिर का बाग।

दिनांक : 03.03.2026 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी : यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया


## किसान विरोधी है मोदी सरकार की कृषि नीति : प्रमोद

प्रतापगढ़, अमृत विचार : राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के मुस्तफाबाद, राहाटीकर, सांगीपुर बाजार व लालगंज में कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात कर विकास योजनाओं को लेकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि रामपुरखास में सड़क, बिजली, शुद्ध पानी के साथ आम लोगों की सुरक्षा सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता में है। होली से पूर्व पांच दिवसीय रामपुरखास के दौरे के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी का मुस्तफाबाद में ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से संचालित करायी जा रही विकास परियोजनाओं के संदर्भ में ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीणों से संवाद के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी मोदी सरकार की कृषि नीति को किसान विरोधी बताया। लालगंज नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में पूर्व प्रधान समाजसेवी श्रीनाथ तिवारी के निधन पर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, गुड्डू सिंह लकी, डॉ. अमिताभ शुक्ल, आशीष उपाध्याय आदि रहे।



किसानों से संवाद करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

प्रतापगढ़ अमृत विचार : रॉयल इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर नौबस्ता का वार्षिकोत्सव रॉयल फिएस्टा धूमधाम से मना। छात्र – छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियां खूब सराही गईं। मुख्य अतिथि संगीतज्ञ डॉ. शिवानी मातनहेलिया, भाजपा नेता ठाकुर प्रकाश सिंह, अनिल त्रिपाठी, घनश्याम गिरी, मृत्युंजय शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। गणेश वंदना, मिशन चंद्रयान की सफलता, ऑपरेशन सिंदूर, समय की उपयोगिता, होली गीत, लोकनृत्य की प्रस्तुति खूब सराही गई। प्रबल सिंह, श्रेयांश, सेजल यादव, आरुषि, दिव्यांशी, बाल मुकुंद ने आकर्षक प्रस्तुति दी। प्रबंधक संजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रिंसिपल दीपा सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान पलक शुक्ला, मानसी अग्रहरि, अंतरा सिंह, प्रबंध निदेशक आशीष सिंह, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. अरुण रत्नाकर, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बबऊ, प्रधान संजय मिश्र, राम सिंह, सुभाष जायसवाल, सतीश यादव, सलमान खान, आलोक सिंह आदि रहे।



वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

## संस्कृति संगम में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

प्रतापगढ़ अमृत विचार : एम.बी.डी. पब्लिक स्कूल कटरा गुलाब सिंह के वार्षिकोत्सव संस्कृति संगम में छात्र – छात्राओं की प्रस्तुतियों ने लोगों का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि विधायक जीतलाल पटेल, फिरोज गांधी पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ.उदयभान सिंह, डॉ. अल्का सिंह, भाजपा नेता प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। बच्चों ने गीत, नृत्य एवं नाटक के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार किया। भार्गवी जायसवाल, आभाष सिंह, उदय कसेरा, प्रवींश द्विवेदी, आंशिक सिंह, अपेक्षा कौशल, आर्यभ सिंह, अनन्या यादव, रिद्धि सोनी, सृष्टि द्विवेदी, नंदिनी मिश्रा की प्रस्तुतियां खूब सराही गईं। संयोजन विपिन पांडेय, जयशिखा सिंह, महेंद्र विश्वकर्मा ने किया। प्रबंधक लाल जी सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य श्याम सुंदर मौर्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। निदेशक अमन सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर, नीरज तिवारी, धर्मराज शुक्ल, नितिनेश मिश्र, रवि सिंह, राजेंद्र पटेल, अमन श्रीवास्तव, रूबी सिंह, मोनिका सिंह, सुषमा पुष्पाकर, तहसीन बानो, गुलशन बनो, सृष्टि सिंह, रक्षा सिंह, प्रीति सिंह, नेहा वर्मा, ज्योति वैश्य, खुशी पाण्डेय, अंतिमा यादव, शिवानी पांडेय आदि रहे।

# दिनदहाड़े अधेड़ की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, प्रतापगढ़

• रामनगर में हुई वारदात, मुंबई में वाहन चालक था अधेड़



मो. सलीम की फाइल फोटो।

अमृत विचार : मानधाता इलाके में सोमवार की दोपहर में एक अधेड़ व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या से इलाके में खलबली मच गई। बताया जाता है कि मारपीट की पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। हमलावरों की तलाश के लिए पुलिस कांबिंग कर रही है, हालांकि अभी हाथ नहीं लगे हैं।

मानधाता थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी 50 वर्षीय मो. सलीम पुत्र मोहर अली मुंबई में प्राइवेट वाहन चालक थे। रमजान में छुट्टी लेकर घर आए थे। सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मो. सलीम खेत की ओर गए थे। वहां पर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उनको राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले आई। यहां चिकित्सकों ने मृत बताया। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि डेढ़ माह पूर्व मो. सलीम के परिवार के लोगों की पड़ोसी से मारपीट हुई थी। पड़ोसी के परिवार के एक युवक के दोनों पैर तोड़ दिए गए थे। इससे दोनों पक्षों में तनातनी चल रही थी। इसी रंजिश में घटना होने की आशंका बताई जा रही है। घटना की सूचना पर मानधाता पुलिस के अलावा सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी, एएसपी पूर्वी शैलेंद्र लाल पहुंचे। एसपी दीपक भूकर ने भी घटना स्थल पहुंच कर निरीक्षण किया।

# कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के खरौना ग्राम पंचायत में सोमवार की सुबह एक युवक का शव उसके ही कमरे में फंदे से लटका मिलने से गांव में मातम फैल गई। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए।खेरौना गांव निवासी सालिकराम का 28 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार रविवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चला गया था। परिजनों के अनुसार सालिकराम की पत्नी अपनी दोनों बेटियों के साथ मायके गई हुई थी। पिता दरवाजे पर ही सो रहे थे। सोमवार की सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो सालिकराम ने प्रमोद प्रमोद की आवाज लगाई उसके बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्हें शंका हुई। किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा कि प्रमोद कुमार अंगोछे के सहारे पंखे से लटका हुआ है। फंदे से लटकता देखते ही पिता के होश उड़ गए और शोर मचाया।शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई की।

## चोरी के दो आरोपित को पुलिस ने दबोचा

सिंहपुर (अमेठी)। शिवरतनगंज पुलिस ने सोमवार को बकरी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई एक बकरी भी बरामद की है। शिवरतनगंज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार दोपहर लक्ष्मी प्रसाद पुत्र शत्रोहन निवासी कुसुम्भी तथा अर्जुन उर्फ टन्ना पुत्र भुल्ली निवासी कुसुम्भी टिकरी को उस समय गिरफ्तार कर लिया है।


होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मराज पासवान
जिला अध्यक्ष अमेठी लोक जनशक्ति पार्टी
उत्तर प्रदेश ग्राम मुर्गीहापुर मजरे कासिमपुर जनपद अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित सिंह
समाजसेवी
रजनपुर, तिलोई, अमेठी।

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय मौर्य
ग्राम सेवक रोजगार बारकोट
वि.ख. तिलोई जनपद अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
मो0 सकलैन
(एम.एस ड्रेसेस), भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत भेलाई कला वि.ख. तिलोई जनपद अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
धीरेंद्र प्रताप सिंह
(प्रधानाचार्य)
जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवम् मौर्य
सेवा डायग्नोस्टिक सेंटर
जगदीशपुर रोड मोहनगंज जनपद अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
उदयराज यादव
सदस्य जिला पंचायत वार्ड नंबर-2
मुसाफिरखाना अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो0 डॉ0 कलीम खान
सना अल्ट्रासाउंड
जगदीशपुर रोड जायस जनपद अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
रमाकांत मौर्य
अध्यक्ष तिलोई
जिला महामंत्री जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जनपद अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
मनीषा सिंह
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जायस अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र प्रताप यादव
प्रधान प्रतिनिधि
निजामुद्दीनपुर मुसाफिरखाना अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार विश्वकर्मा
प्रधानाध्यापक
पूरे परवानी मुसाफिरखाना अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 हेमन्त कुमार
उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी
मुसाफिरखाना अमेठी



> हम सेमीफाइनल का इंतजार कर रहे है। हम मैच के दौरान छोटे-छोटे पलों को भुनाने के बारे में बात करते है और हमें उम्मीद है कि हम कुछ दिनों के बाद खेले जाने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।
>
> -डेरिल मिचेल

स्टेडियम

लखनऊ, मंगलवार, 3 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

### न्यूजीलैंड चीजों को जरूरत से ज्यादा बड़ा नहीं बनाता : मिचेल

**कोलकाता।** आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड चीजों को जरूरत से ज्यादा बड़ा नहीं बनाता और टीम को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत में खेलने के हालिया अनुभव से फायदा होगा। न्यूजीलैंड बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले सेमीफाइनल में पिछली बार की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। मिचेल ने कहा कि ब्लैक कैप्स को मैदान के अंदर और बाहर किस तरह काम करना है, इसे लेकर पूरी स्पष्टता है। उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा हम टीम के तौर पर कैसे खेलना चाहते हैं, इसे लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं। हम चीजों को जितना है उससे बड़ा नहीं बनाते लेकिन सेमीफाइनल में पहुंचने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और खुद को भाग्यशाली मानते हैं।

### घुड़सवार अनुष ने शानदार प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ बेल्जियम ड्रेसेज स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया जिससे उन्होंने आने वाले एशियाई खेलों के लिए अपनी क्वालीफिकेशन यात्रा शुरू की। अग्रवाला ने शनिवार को अपने आठ साल के घोड़े फ्लोरियाना के साथ ऑर्डर में 14वें नंबर से शुरुआत करते हुए 68.85 प्रतिशत के शानदार स्कोर से आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन दिया जिससे वह कुल मिलाकर चौथे नंबर पर रहे। वह रविवार को अपने 10 साल के घोड़े फिलन के साथ लौटे जिसमें उन्होंने पांचवें नंबर से शुरुआत की और इसमें और भी बेहतर प्रदर्शन देते हुए 70.3 प्रतिशत का व्यक्तिगत स्कोर हासिल किया। 70 प्रतिशत का स्कोर हासिल करना दबाव में निरंतरता और संयम दिखाता है।

### 250 जिलों में एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी

**नई दिल्ली।** खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने सोमवार को घोषणा की कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आठ और नौ मार्च को देश भर के 250 जिलों की दो लाख से अधिक लड़कियां 'अस्मिता' एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगी। खडसे ने भारत की 2036 ओलंपिक की दावेदारी को मजबूत करने के लिए खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की वकालत की। यह खेल मंत्रालय की पहल का एक हिस्सा है जो अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों और भारत के ओलंपिक मेजबान बनने की कोशिश को ध्यान में रखते हुए देश भर में महिला तकनीकी अधिकारियों का एक पूल बनाने की भी शुरुआत करेगा।

### भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका ने इतिहास रचा

**वालेंशिया।** भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका मीर ने 'चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओएफटीए) कार्टिंग सीरीज' के यूरोपीय चरण में पोडियम स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। ग्यारह साल की अतिका ओकेएनजे (जूनियर) वर्ग में तीसरे स्थान पर रही। वह इस रेस में पोडियम पर जगह बनाने वाले पहली भारतीय रेसर है। यह उनके अब तक के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। एफवन अकादमी के समर्थन पाने वाली पहली भारतीय अतिका ने ग्रिड में नौवें स्थान से शुरुआत करते हुए शुरुआती रेस में तीसरा और दूसरी रेस में दूसरा स्थान हासिल किया।

# मैंने फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया और अंतरात्मा की आवाज सुनी : सैमसन

## टी-20 विश्व कप : खराब फॉर्म के दौर में भी नहीं गिरने दिया अपना आत्मविश्वास

कोलकाता, एजेंसी



भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए ताकि खराब फॉर्म के दौर में भी उनका आत्मविश्वास न डगमगाए और आखिर में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के करो या मरो मैच में मैच विजेता पारी खेलकर लय हासिल कर ली। सैमसन ने रविवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में 50 गेंदों में 97 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।

सुपर आठ के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से भारत की करारी हार के बाद इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को सलामी बल्लेबाजी के रूप में अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। सैमसन ने रविवार को यहां भारत की पांच विकेट से जीत के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूर रहा और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था। सैमसन ने असल में अकेले दम पर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस बीच उन्हें कप्तान सूर्यकुमार यादव (18) और तिलक वर्मा (27) का कुछ साथ मिला। उन्होंने कहा यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया। सैमसन ने कहा यहीं पर मेरे अनुभव ने अहम भूमिका निभाई। मुझे अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन जब विकेट गिरते रहे तो मुझे लगा कि मुझे मैच का सकारात्मक अंत करना होगा। उन्होंने कहा आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग-अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय अधिक बाउंड्री लगाते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए सैमसन ने अपनी तकनीक में किए गए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा यह मानवीय प्रकृति है कि हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं, जैसे क्या मैं ऐसा कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर सकता हूं।'' जब भी मेरे मन में ऐसे विचार आते हैं तो मैं उन्हें सकारात्मक विचार से बदलने की कोशिश करता हूं। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था लेकिन चीजें मेरे अनुकूल नहीं रही। सौभाग्य से मुझे 10 दिन का समय मिल गया। सैमसन ने कहा मैंने आत्ममंथन किया। मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया कि मैंने खुद को कैसे तैयार किया था। बहुत से लोगों ने सुझाव दिए मैंने खुद से कहा कि ''संजू, तुमने इसी प्रारूप में तीन अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं। जब सैमसन से पूछा गया कि कोलकाता में खेली गई उनकी पारी उनके लिए क्या मायने रखती है, तो उन्होंने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि वह उस सपने को जी रहे हैं जिसे उन्होंने बचपन से संजोकर रखा है। उन्होंने कहा भारत में सौ से अधिक क्रिकेटर ऐसे दिन का सपना देखते हैं। मैंने सपना देखने की हिम्मत की। केरल के त्रिवेंद्रम का एक युवा लड़का देश के लिए खेलने और इतने महत्वपूर्ण मैच में जीत हासिल करने का सपना देख रहा था। मैंने सपना देखने की हिम्मत की और यह सच हो गया।

### सभी चाहते थे कि संजू अच्छा प्रदर्शन करे

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का कहना है कि संजू सैमसन इतने अच्छे इंसान हैं कि हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप में खेली गई उनकी निर्णायक पारी ने उनके प्रशंसकों पर से भी दबाव कम कर दिया होगा। सैमसन ने रविवार रात कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में नाबाद 97 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा 97 रन की इस नाबाद पारी ने न सिर्फ संजू सैमसन पर से बड़ा बोझ हटा दिया है बल्कि उन लोगों पर से भी बोझ उतार दिया है जो जानते हैं कि वह कितने बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उनके करियर में उतार-चढ़ाव आए हैं। वह बहुत ही अच्छे इंसान हैं। हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। विश्व कप से पहले सैमसन का प्रदर्शन खराब रहा था। वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे थे।



गावस्कर ने कहा सभी भारतीय प्रशंसक इस बात से खुश होंगे कि इस ईमानदार क्रिकेटर को वह सफलता मिली है जिसका वह हकदार है। अब भारत गुरुवार को मुंबई में सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगा। गावस्कर ने कहा करो या मरो के मैच में मैन ऑफ द मैच बनना सपना सच होने जैसा है। मैच विजेता पारी खेलने के बाद संजू के चेहरे पर भाव साफ झलक रहे थे। वह शतक से सिर्फ तीन रन दूर थे और अगर वह शतक तक पहुंच जाते तो यह शानदार होता।

# संजू को सफेद गेंद की टीम में नियमित खेलना चाहिए

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सैमसन का किया समर्थन



> इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मजबूत प्रतिद्वंद्वी होगी। उन्हें वैसा ही खेलना होगा जैसा उन्होंने कल के मैच में जीत दिलाई थी। भारत के लिए सबसे अच्छी बात यह रही है कि टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ निराशाजनक सीरीज के बाद संजू सैमसन ने शीर्ष क्रम में फॉर्म में वापसी की है।
>
> - सौरव गांगुली

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को संजू सैमसन को भारत की सफेद गेंद की टीमों में नियमित रूप से शामिल किए जाने का समर्थन किया और टी20 विश्व कप से पहले इस आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज की आलोचना पर हैरानी व्यक्त की। सैमसन की 50 गेंद में नाबाद 97 रन की पारी से भारत ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टरफाइनलमें 196 रन के लक्ष्य का पीछा किया। इसे एक शानदार पारी बताते हुए गांगुली ने कहा वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है। उसे सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत के लिए लगातार खेलना चाहिए, शत प्रतिशत।

उन्होंने कहा यह मुकाबला लगभग क्वार्टर फाइनल जैसा था और 97 रन पर नाबाद रहना उसके कौशल को दिखाता है। वह इस तरह का खिलाड़ी है। जब वह मैदान में उतरता है तो विरोधी टीम को नुकसान पहुंचाता है। सैमसन ने यह पारी उस दिन खेली जब भारत के मुख्य बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या सस्ते में आउट हो गए। लेकिन सैमसन ने दबाव से अच्छी तरह निपटते हुए आखिर तक बिना किसी जोखिम के बल्लेबाजी की।

गांगुली ने आगे कहा वह परिस्थिति के हिसाब से खेला और यह जरूरी था। इससे हम सभी को यह सीख मिलती है कि यह वही लड़का है जो पिछले छह महीनों में टीम में अपनी जगह नहीं बना पाया, भले ही ईशान किशन पारी का आगाज कर रहा हो या कोई और आ रहा हो। उन्होंने कहा विश्व कप से ठीक पहले मैं अखबार में पढ़ता था कि संजू फिर विफल हो गया वह टीम में शामिल होने का हकदार नहीं भारत में इतनी प्रतिभा है, शुभमन गिल टीम में क्यों नहीं है? और फिर यही लड़का क्वार्टरफाइनल जैसे मैच 97 रन बनाकर नाबाद रहता है और आपको सेमीफाइनल में पहुंचा देता है। गांगुली ने यह भी कहा कि इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मुश्किल होगी और कहा कि मुंबई में सेमीफाइनल की मुश्किल पार करने के लिए घरेलू टीम को अपनी बेहतरीन फॉर्म बनाए रखनी होगी।

| सेमीफाइनल | |
|---|---|
| टीम | तारीख |
| न्यूजीलैंड बनाम द. अफ्रीका | 4 मार्च |
| भारत बनाम इंग्लैंड | 5 मार्च |
| **फाइनल** | |
| सेमीफाइनल विजेता टीम | 8 मार्च |

# क्रिकेट एक टीम गेम है : गंभीर

कोलकाता, एजेंसी

- कई वर्षों से हम सिर्फ कुछ खास योगदान की ही बात करते आए हैं



गौतम गंभीर का मानना है की टीम गेम में प्रत्येक खिलाड़ी का छोटा या बड़ा योगदान महत्वपूर्ण होता है लेकिन भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से इसका अभाव रहा है। भारत के मुख्य कोच ने कहा कि अगर शिवम दुबे ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में 19वें ओवर दो चौके नहीं लगाए होते तो संजू सैमसन की 97 रन की मैच विजेता पारी की कोई बात नहीं कर रहा होता।

गंभीर ने कहा कि जब तक वह कोच हैं, प्रत्येक खिलाड़ी के योगदान का पूरे सम्मान के साथ उल्लेख किया जाएगा। गंभीर ने पत्रकारों से कहा मुझे खुशी है कि आप सभी के योगदान के बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि कई वर्षों से हम केवल कुछ विशेष योगदानों के बारे में ही बात करते रहे हैं। यह एक टीम गेम है और यह हमेशा टीम गेम ही रहेगा। उन्होंने कहा मेरे लिए शिवम के दो चौके भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने संजू के 97 रन, क्योंकि अगर उसने वे दो चौके नहीं लगाए होते तो आप उस (97 रन की पारी) के बारे में बात भी नहीं करते।''''
गंभीर ने कहा बड़ा योगदान सुर्खियां बटोरता है, लेकिन छोटा योगदान भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वह टीम को जीत दिलाने में मदद कर सकता है, उसे लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसीलिए मैं कहता हूं कि जब तक मैं इस पद पर हूं, हमारी आगे भी यही नीति रहेगी। दुनिया भर के कोच आंकडों (डेटा) को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इनमें गंभीर शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा सच कहूं तो मुझे आंकड़ों पर भरोसा नहीं है। मैंने कभी आंकड़े देखे ही नहीं। मुझे तो यह भी नहीं पता कि आंकड़े होते क्या हैं। मैं उन पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं करता, क्योंकि मुझे लगता है कि वे अधिकतर सहज ज्ञान पर आधारित होते हैं। गंभीर की यह टिप्पणी आश्चर्यजनक थी क्योंकि टीम डेटा विश्लेषक हरि प्रसाद पर काफी हद तक निर्भर रहती है।

भारतीय कोच ने कहा टी20 क्रिकेट में सहज ज्ञान और उस सहज ज्ञान पर भरोसा करना ही सब कुछ है। खेल और टी20 प्रारूप के बारे में मुझे जो भी जानकारी है, मैं उसे कप्तान को देने और जितना हो सके उनकी मदद करने की कोशिश करता हूं। उन्होंने कहा लेकिन आखिर में फैसला कप्तान को करना होता है लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे आंकड़ों पर कोई विश्वास नहीं है क्योंकि इन्हें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। मेरे लिए यह बहुत सौभाग्य की बात है कि हमारे पास विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में होने वाले सेमीफाइनल के बारे में गंभीर ने कहा उनकी (इंग्लैंड) टीम एक विश्वस्तरीय टीम हैं। उनके पास कई बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं और हम सभी जानते हैं कि वानखेड़े में खेलना आसान नहीं होता है। उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# जहीर के बाद भज्जी से संपर्क किया बीसीसीआई ने

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद के लिए अपने पूर्व क्रिकेटरों से संपर्क किया है। इसमें पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह शामिल हैं। उनसे बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए कहा है।

बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं। सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने इससे सुखद परिणाम की उम्मीद जताई है।

# मेसी के दो गोल से इंटर मियामी जीता

ऑरलैंडो, एजेंसी



लियोनेल मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की।

पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई।

### ईरान का विश्व कप फुटबॉल में खेलना संदिग्ध

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं। मेहदी ताज ने खेल पोर्टल वर्जेश3 से कहा निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते। अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद इस देश का भविष्य अनिश्चितता में डूब गया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंगलेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसक बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

विचार

## दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट व वनडे कप्तान बोले- क्रिकेट भद्रजनों का खेल है, हम इसी सोच के साथ बड़े हुए

# हाथ नहीं मिलाने की नीति अच्छी नहीं लगती : तेम्बा बावुमा



नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के प्रेरणादायी टेस्ट और वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा का मानना है कि अंतर्राष्ट्रीय मैचों के दौरान खिलाड़ियों द्वारा हाथ नहीं मिलाना खेल के लिए अच्छा संदेश नहीं देता। भारत और श्रीलंका में खेले जा रहे मौजूदा टी20 विश्व कप के कमेंट्री पैनल में शामिल बावुमा ने कहा भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में 'नो हैंडशेक (हाथ नहीं मिलाने)' नीति के अलावा अन्य मुद्दों पर बात की। सामाजिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने के लिए पहचाने जाने वाले 35 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने देश में सभी को समान अवसर दिए जाने की जोरदार वकालत की और खेल को एकजुट करने वाली शक्ति पर भी बल दिया।

बावुमा ने कहा हां, अगर आप इसे बाहर से देखते हैं तो अच्छी नहीं लगती। यह क्रिकेट के खेल के लिए अच्छा नहीं दिखता। आखिरकार यह भद्रजनों का खेल है, हम इसी सोच के साथ बड़े हुए हैं कि हमसे एक खास व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।

उन्होंने आगे कहा लेकिन जैसा मैंने कहा, यह बाहर से देखने का नजरिया है। मैं भारत और पाकिस्तान के बीच की राजनीति से पूरी तरह परिचित नहीं हूं, इसलिए उस दृष्टिकोण से कुछ नहीं कह सकता। लेकिन एक दर्शक के तौर पर, जो बिना पूरी पृष्ठभूमि जाने इसे देख रहा है, तो यह क्रिकेट के खेल के लिए अच्छा संदेश नहीं देता। दक्षिण अफ्रीका ने बावुमा की कप्तानी में पिछले साल जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद भारत में 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। पिछले 12 महीनों में मिली बड़ी सफलताओं ने 'चोकर्स' के तमगे से भी काफी हद तक मुक्त कर टीम के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है।

### पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के लिए अपने खिलाड़ियों पर लगाया जुर्माना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 18000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सुपर आठ स्टेज के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया और लगातार चौथी बार आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। क्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार जुर्माना डिसिप्लिनरी कारणों से नहीं है, बल्कि खास तौर पर बोर्ड के अनुसार टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के लिए लगाया गया है। ये जुर्माना ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के तुरंत बाद लगाया गया था, जहां खराब प्रदर्शन के कारण 61 रन से हार मिली थी। उन्हें बताया गया था कि अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचता है तो जुर्माना माफ किया जा सकता है। हालांकि, मौजूदा पीसीब प्रबंधन के पास बड़े टूर्नामेंट में निराशा के बाद सजा देने का यह तरीका है। पांच महीने पहले, एशिया कप फाइनल में भारत से मिली करीबी हार के बाद, पीसीबी ने खिलाड़ियों को दिए गए सभी नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट को कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया था।

